शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 200 | गुवाहाटी | रविवार, 12 फरवरी, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

कंचनजंघा एक्स. से करोड़ों रु का सोना जब्त, तीन गिरफ्तार पेज 3
नई कर प्रणाली से मध्य वर्ग को होगा फायदा : सीतारमण पेज 4
दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही सरकार : योगी पेज 5
हज की नई पॉलिसी जारी, आवेदन के लिए एक महीने का समय-हाजियों के... पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

### सुप्रभात

*विद्या* सबसे अनमोल *धन* है; इसके आने मात्र से ही सिर्फ अपना ही नही अपितु पूरे समाज का कल्याण होता है।

**इश्वर चंद्र विद्यासागर**

*कांग्रेस-लेफ्ट के गठबंधन पर पीएम मोदी का हमला, कहा-*

## केरल में कुश्ती, त्रिपुरा में दोस्ती

**अगरतला।** त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव प्रचार अपने अंतिम दौर में है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां आज शनिवार को चुनावी जनसभा का आगाज किया। पीएम मोदी ने अपनी दूसरी रैली में गोमती में विपक्षी दलों पर जमकर हमला किया तो भारतीय जनता पार्टी के शासन की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि लेफ्ट और कांग्रेस शासन ने युवाओं और महिलाओं के सपने चूर-चूर कर दिए थे। पिछले 5 साल में हमने 3 लाख घरों को पक्का मकान दिए हैं, हम फिर आए तो और लोगों को पक्के घर देंगे। गोमती जिले के राधाकिशोरपुर में अपनी चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा कि आपका रिकॉर्ड संख्या में यहां आना भाजपा सरकार की वापसी का एलान कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आपकी संख्या देख हमारे विरोधियों की तो नींद ही खराब हो जाएगी। आज पूरा त्रिपुरा कह रहा है- एक ही नारा, एक ही जयघोष फिर एक बार-भाजपा सरकार। उन्होंने त्रिपुरा में कांग्रेस और वाम दलों के गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस और वाम दल केरल में आपस में *कुश्ती* लड़ रहे हैं जबकि त्रिपुरा में *दोस्ती* कर रहे हैं। गोमती के राधाकिशोरपुर में पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप इतनी दूर-दूर से एनडीए और भाजपा को आशीर्वाद देने आए हैं। उमंग और उत्साह से भरा यह मैदान बता रहा है कि चुनाव के नतीजे क्या होने वाले हैं। वामपंथी के दौर का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आपने वामपंथियों



को हटाया तो उसका नतीजा भी आपके सामने है। आज त्रिपुरा को मुफ्त राशन मिल रहा है, पूरा राशन मिल रहा है। इससे अगर सबसे ज्यादा फायदा किसी को हुआ है तो मेरी माताओं-बहनों को हुआ है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा के गरीब, जनजातीय समुदाय, महिलाओं और युवाओं के सपने लेफ्ट और कांग्रेस शासन ने चूर-चूर कर दिए थे। उन्होंने लोगों को त्रिपुरा छोड़ कर जाने को मजबूर कर दिया था। बिजली-पानी पाना भी लोहे के चने चबाने जैसा था। त्रिपुरा के लोगों को पक्के घर देने का वादा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमने तीन लाख गरीब परिवारों को पक्के घर दिए हैं। मैं आज आपसे एक वादा करता हूं कि जिस भी गरीब को अब तक पक्का घर नहीं मिला हैज उन्हें भी भाजपा सरकार बनने के बाद घर देने का काम तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। गोमती जिले के बारे में पीएम मोदी ने कहा कि यहां गोमती जिले के 40 हजार से अधिक किसानों के खातों में 80 करोड़ रुपए से अधिक पैसा भेजा गया है और इसके बीच में कोई कट नहीं, कोई चंदा नहीं। डायरेक्ट किसानों के बैंक खाते में यह पैसा पंहुचा है। उन्होंने कहा कि 9 साल पहले कांग्रेस और सीपीएम वाले जब दिल्ली में एक साथ सरकार चलाते थे तब आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए 25 हजार करोड़ रुपए का बजट था और आज यह बजट बढ़ कर 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो चुका है। वर्तमान भाजपा सरकार की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह भी हमारी ही सरकार है जिसने सामाजिक भत्ते को 500 रुपए से बढ़ा कर 2 हजार रुपए किया है। पहली बार हम अपनी बहनों के लिए विशेष बचत योजना लेकर आए हैं। महिला सम्मान बचत पत्र से महिलाएं 2 लाख रुपए तक की बचत कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और वाम ने लोगों को गरीब और गरीब बनाया। उन्होंने गरीबों के लिए अनंत स्लोगन बनाए लेकिन कभी उनके दर्द को महसूस तक नहीं किया। पीएम मोदी ने राज्य में शांति व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा त्रिपुरा में आज शांति है तो यहां के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। अपनी संस्कृति को हीन भावना से देखने वाले लेफ्ट और कांग्रेस वालों ने ना तो अतीत में कुछ किया और ना ही आगे कोई संभावना है। इससे पहले पीएम मोदी ने आमबासा में अपनी पहली रैली में त्रिपुरा में कांग्रेस- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएम) गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि कुशासन के पुराने खिलाड़ियों ने हाथ मिला लिए हैं। पीएम मोदी ने क्षेत्रीय पार्टी टिपरा मोथा पर भी परोक्ष हमला -शेष पृष्ठ दो पर

## फाइव स्टार मेघालय के वादे के साथ कांग्रेस का चुनावी घोषणापत्र जारी



**शिलांग (हि.स.)।** मेघालय कांग्रेस ने शनिवार को अपना चुनावी घोषणापत्र जारी किया। पार्टी के केंद्रीय नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने राज्य के नेताओं के साथ *फाइव स्टार मेघालय* के वादे के साथ घोषणापत्र जारी किया। घोषणापत्र जारी होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि उन्होंने पहाड़ी राज्य में पांच सितारा मेघालय बनाने के लिए पांच वादे किए हैं। जयराम ने कहा कि भाजपा मेघालय की सांस्कृतिक और स्वतंत्र पहचान के लिए खतरा है। उन्होंने एमडीए (जिसमें एनडीए तथा नेडा-मेघालय डेमोक्रेटिक अलायंस शामिल हैं) के सहयोगियों -शेष पृष्ठ दो पर

## नगालैंड विस चुनाव : सीएम रियो राज्य के सबसे अमीर उम्मीदवार

**कोहिमा (हि.स.)।** नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो 46.95 करोड़ रुपए की संपत्ति के मालिक हैं। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन करते समय दिए गए हलफनामे के हिसाब से वह राज्य के सबसे अमीर उम्मीदवार हैं। नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) ने मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के नामांकन से जुड़े हलफनामे की जानकारी साझा की है। हलफनामे के मुताबिक पिछले पांच -शेष पृष्ठ दो पर



### न्यूज गैलरी

#### उज्जैन में महाशिवरात्रि पर प्रज्वलित होंगे 21 लाख दीये

**भोपाल (हि.स.)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उज्जैन में 18 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व दीपावली की तरह मनाया जाएगा। श्री महाकाल महालोक का स्वरूप देश सहित सम्पूर्ण विश्व में चर्चा का विषय है। महाशिवरात्रि पर अवंतिकावासी 21 लाख दीप प्रज्वलित कर महाकाल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट करेंगे। समाज और शासन की सहभागिता से यह अभूतपूर्व आयोजन संभव होगा। मुख्यमंत्री चौहान शनिवार को अपने निवास पर उज्जैन में 18 फरवरी -शेष पृष्ठ दो पर

#### तुर्की भूकंप में एक भारतीय नागरिक की हुई मौत

**अंकारा।** मलत्या के एक होटल के मलबे से शनिवार को एक भारतीय नागरिक का शव बरामद किया गया। तुर्की में भारतीय दूतावास ने बताया कि विजय कुमार के रूप में पहचाने जाने वाले एक भारतीय नागरिक का शव तुर्की में कई भूकंपों के आने के कुछ दिनों बाद मिला था। तुर्की में भारतीय राजदूत वीरेंद्र पॉल ने शनिवार को कहा कि वर्तमान में तुर्की में लगभग 3,000 भारतीय मौजूद हैं। -शेष पृष्ठ दो पर

## त्रिपुरा में गठबंधन की सरकार बनीं तो आदिवासी चेहरे को सौंपा जाएगा कमान : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा विधानसभा चुनाव को अब पांच दिन ही बचे हैं। 16 फरवरी को यहां वोटिंग है। इसके ठीक पहले कांग्रेस और वामदल गठबंधन ने बड़ा दांव चल दिया है। कांग्रेस ने एलान किया है कि राज्य में अगर गठबंधन की सरकार बनती है तो आदिवासी चेहरे को ही सूबे की कमान सौंपी जाएगी। कांग्रेस के महासचिव अगर वाम-कांग्रेस गठबंधन चुनाव जीतती है तो माकपा के एक वरिष्ठ आदिवासी नेता त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बनेंगे।



बता दें कि त्रिपुरा में जितेंद्र चौधरी आदिवासी समुदाय से आने वाले सीपीआई (एम) के बड़े नेताओं में से एक हैं। चौधरी के नाम पर ही सबसे ज्यादा चर्चा चल रही है। त्रिपुरा में पिछली बार यानी 2018 चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। भाजपा ने 25 साल से शासन कर रहे लेफ्ट-कांग्रेस को बेदखल किया था। इस जीत के नायक रहे तत्कालीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बिप्लब देब को राज्य का -शेष पृष्ठ दो पर

*लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने किया जॉब रैली का उद्घाटन, कहा-*

## सेना और असम सरकार के बीच जल्द होगा एमओयू

**गुवाहाटी।** सेना के पूर्वी कमान प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता ने शनिवार को कहा कि पूर्व सैनिकों के कौशल प्रशिक्षण के लिए भारतीय सेना और असम सरकार के बीच जल्द एक समझौता होने की उम्मीद है। उन्होंने शहर के नारंगी सैन्य स्टेशन में दो दिवसीय नौकरी रैली का उद्घाटन किया और उम्मीद जताई कि कार्यक्रम के अंत तक 500 से 600 पूर्व सैन्यकर्मियों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों का कौशल विकास बहुत महत्वपूर्ण है। हम पहले से ही इस संबंध में असम सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं। असम कौशल विकास मिशन (एएसडीएम) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) जल्द ही हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार पहले ही



घोषणा कर चुकी है कि वह असम पुलिस के कर्मियों को प्रशिक्षित करने के लिए अपनी बटालियनों में पुलिस उपाधीक्षक रैंक के सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों की भर्ती करेगी। उन्होंने कहा कि 1,500 से 2,000 पूर्व सैनिकों ने रोजगार रैली में भाग लिया है और दूरसंचार, बुनियादी ढांचा विकास और जीवन बीमा जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 30 कॉर्पोरेट घराने भी मौजूद हैं। लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से 500-600 पूर्व सैनिकों को प्लेसमेंट मिलेगा, जो पूर्वोत्तर के ऐसे सभी पूर्व सैन्य कर्मियों के लिए खुला है। इससे पहले इस अवसर पर एक बैठक को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट जनरल कलिता -शेष पृष्ठ दो पर

## ब्रिटेन में सेकेंड वर्ल्ड वॉर का बम फटा

**लंदन।** इंगलैंड के ग्रेट यारमाउथ में शुक्रवार को एक सेकेंड वर्ल्ड वॉर के समय का बम डिफ्यूज किए जाने से पहले ही फट गया। घटना शाम 5 बजे के आस पास हुई। बम फटने की आवाज लोगों को 15 मील यानी 24 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। पुलिस के मुताबिक बम फटने से



किसी को भी चोट नहीं पहुंची, इलाके के सभी लोग सुरक्षित हैं। एरिया कमांडर ने बताया कि विस्फोट के बाद कई घरों और कारों की खिड़कियां चटक गई और ब्रिज की बाउंड्री भी डैमेज हुई हैं। खबरों के मुताबिक दो गैस पाइप लाइन के पास बम होने की सूचना मंगलवार को ही मिल गई थी। इसके बाद बम के पास के 200 और 400 मीटर की -शेष पृष्ठ दो पर

## अदाणी जैसे मामले से निपटने में नियामक एजेंसियां सक्षम : वित्तमंत्री

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के वित्तीय कामकाज पर एक अमेरिकी एजेंसी की रिपोर्ट के उपजे विवाद को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत की नियामक एजेंसियां पूरी तरह से परिपक्व हैं और इस तरह के विवाद पर उनकी नजर है। वित्त मंत्री की यह टिप्पणी तब आई है जब इस पूरे विवाद को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई होनी है और बाजार की नियामक एजेंसी सेबी की तरफ से अदाणी समूह के दूसरे पब्लिक ऑफर (एफपीओ) के कुछ निवेशकों के अदाणी समूह के साथ रिश्तों की जांच की शुरुआत की गई है। सीतारमण शनिवार को आरबीआई के निदेशक बोर्ड की बैठक के



बाद संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए एक सवाल के जवाब में अदाणी विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी। सीतारमण से पूछा गया था कि सुप्रीम कोर्ट में चल -शेष पृष्ठ दो पर

## जजों के ट्रांसफर का कोई टाइमलाइन नहीं : रिजिजू

**नई दिल्ली।** न्यायाधीशों के स्थानांतरण और पदोन्नति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट की तरफ से सरकार को कार्रवाई की चेतावनी देने के एक हफ्ते बाद कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को लोकसभा



में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के 10 न्यायाधीशों के स्थानांतरण (ट्रांसफर) का प्रस्ताव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के तहत है। एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, मंत्री ने कहा कि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण के लिए प्रक्रिया ज्ञापन (एमओपी) में कोई समयरेखा निर्धारित नहीं की गई है। कानून मंत्री रिजिजू ने कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

## विद्यार्थियों को स्मार्ट बनाने के लिए पुकार रहा गोयनका पब्लिक स्कूल

**गुवाहाटी।** गोयनका पब्लिक स्कूल (जीपीएस) लक्ष्मणगढ़, सीकर (राजस्थान) के ग्रुप कैप्टन राजेश मोहन (रिटायर्ड भारतीय वायु सेना) और डाक्टर राजेश आचार्य, समन्वयक आज विकसित भारत समाचार कार्यालय पहुंचे और विकसित भारत समाचार के संपादक राकेश शर्मा से मुलाकात की और उनसे स्कूल में विद्यार्थियों को स्कूल में भिजवाने का अनुरोध किया। संपादक श्री शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को समुचित शिक्षा उपलब्ध कराना पुनीत कार्य है। इसमें वे उनका यथासंभव सहयोग करेंगे। यहां पर उल्लेखनीय है कि गोयनका पब्लिक स्कूल, लक्ष्मणगढ़, सीकर के प्रिंसिपल कैप्टन राजेश मोहन और डाक्टर राजेश आचार्य बीते बुधवार




से 12 तक के एडमिशन के सिलसिले में असम दौरे पर हैं। वे 12 फरवरी तक गुवाहाटी में रहेंगे। उन्होंने बताया कि बताया कि वे स्वयं अपनी स्कूल की प्रशिक्षित टीम व सदस्यों के साथ दौरे पर हैं और इस दौरान गोयनका पब्लिक स्कूल में अध्ययन कर रहे असम व आसपास के क्षेत्रों के छात्रों के परिजनों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करेंगे। इसके साथ ही आगामी 12 फरवरी तक आसपास विभिन्न स्थानों पर छात्र-छात्राओं के लिए कॅरियर काउंसलिंग एवं स्पॉट एडमिशन के कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। गोयनका पब्लिक स्कूल, लछमणगढ़, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली से संबद्धता प्राप्त प्राथमिक स्तर -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत जितना मोदी-भागवत का उतना ही हमारा : जमीयत चीफ

**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के चीफ महमूद मदनी ने कहा है कि भाजपा और आरएसएस से हमारा कोई धार्मिक मतभेद नहीं है, बल्कि वैचारिक मतभेद है। दिल्ली के रामलीला मैदान में शनिवार को जमीयत के 34वें अधिवेशन में उन्होंने कहा कि भारत जितना मोदी और भागवत का है, उतना ही मदनी का भी है। जमीयत चीफ ने कहा कि हम आरएसएस और उसके सर संघ चालक को न्योता देते हैं। आइए, आपसी भेदभाव और दुश्मनी को भूलकर एक



दूसरे को गले लगाएं और देश को दुनिया का सबसे शक्तिशाली मुल्क बनाएं। हमें सनातन धर्म से कोई शिकायत नहीं है, आपको भी इस्लाम से कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए। जमीयत चीफ ने कहा कि हमारी नजर में हिंदू और मुसलमान बराबर हैं। हम इंसान के बीच कोई फर्क नहीं करते हैं। जमीयत की पॉलिसी रही है कि भारत के तमाम शहरी बराबर हैं, इनके बीच भेदभाव नहीं होना चाहिए। मदनी ने कहा कि यह भूमि मुसलमानों -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

**NAME CHANGE**

I, Khushbu Kumari, W/O– Arvind Kumar Singh, Army no – 14670254H, Rank- HAV, Vill+P.O- Oriaha, P.S- Barhara, Kotia, Dist- Purnia, State- Bihar, Pin-854203. In my husband Servive record my name recorded as Khushbu Devi instead of Khushbu Kumari that Khushbu Devi and Khushbu Kumari is one and same person. Vide affidavit before Notary Public Dhamdaha, Bihar on 07/10/2022

## गृह मंत्री अमित शाह का दावा

# कश्मीर में आतंकवाद, पूर्वोत्तर में उग्रवाद नक्सलवाद पर लगाम लगाने में सफल रहे

**हैदराबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हैदराबाद में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण किया। परेड सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए) में हुई। यहां शाह ने अधिकारियों को कई अहम नसीहतें दीं। उन्होंने केंद्रीय जांच एजेंसी एनआईए और एनसीबी के काम करने के तरीकों पर भी चर्चा की। शाह ने कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार जम्मू कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं, पूर्वोत्तर में उग्रवाद और वामपंथी नक्सलवाद को नियंत्रित करने में काफी हद तक सफल रही है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति, आतंकवाद विरोधी कानूनों के लिए मजबूत ढांचे, एजेंसियों को मजबूत किए जाने और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण आतंकवाद संबंधी घटनाओं में कमी आई है। शाह ने कहा कि पिछले सात दशकों के दौरान देश ने आंतरिक सुरक्षा में कई उतार–चढ़ाव और कई चुनौतीपूर्ण समय देखे हैं। पीएफआई को बैन करने के सरकार के कदम पर शाह ने कहा कि हाल में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर प्रतिबंध लगाकर हमने दुनिया के सामने एक सफल उदाहरण पेश किया है। इससे पता चलता है कि लोकतंत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता कितनी मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की एजेंसियों के नेतृत्व में पूरे देश में पुलिस बलों ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) जैसे संगठन के खिलाफ एक ही दिन में एक सफल अभियान संचालित किया। शाह ने कहा कि एनआईए पूरे देश में फैल रहा है। अब एनआईए और एनसीबी के बढ़ने से आतंकवाद और नशे से जुड़े अपराधों को रोकने में मदद मिली है। इस तरह के अपराधों पर अब राष्ट्रीय डेटाबेस के जरिए नजर रखी जा रही है। एसवीपीएनपीए के निदेशक एएस राजन ने बताया कि दीक्षांत परेड में कुल 195 प्रशिक्षु अधिकारी भाग ले रहे हैं जिनमें से 29 प्रशिक्षु अधिकारी दूसरे देशों के हैं। केरल कैडर के आईपीएस प्रोबेशनर शहंशा केएस परेड का नेतृत्व करेंगे, जो फेज–1 बेसिक कोर्स के टॉपर हैं। औपचारिक मार्च पास्ट के बाद शाह आईपीएस प्रोबेशनर्स को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि कुल 166 आईपीएस प्रोबेशनर्स में से 114 इंजीनियरिंग की शैक्षिक पृष्ठभूमि से हैं। 22 कला से और 17 विज्ञान पृष्ठभूमि से हैं। लगभग 95 आईपीएस प्रोबेशनर्स के पास पिछला कार्य अनुभव है। राजन ने कहा कि प्रशिक्षण साइबर सुरक्षा पर उभरती चुनौतियों पर केंद्रित है।

## एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आब्दुस सालाम का विदाई समारोह आयोजित



**नगरबेरा (निसं)।** कामरूप जिले के बोको विधानसभा क्षेत्र में उच्च शिक्षा के अग्रणी संस्थान बिमला प्रसाद चलिहा कॉलेज के आरबी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डॉ. आब्दुस सालाम आज अवसर ग्रहण किया। उनकी पैंतीस साल की सेवा के बाद इस साल 31 जनवरी को सेवानिवृत्त से अनुष्ठानिक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कुर्बान अली अहमद ने की। विभाग के छात्र–छात्राओं व शिक्षकों ने सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. आब्दुस सालाम को पुस्तक, कलम, गामोछा, वस्त्र व शराई भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. कमल चंद्र पाठक, अध्यापक आब्दुल जब्बार, जलीलुर रहमान, डॉ. दिगंत कलिता, हफीजुर रहमान, डॉ. सूर्य कलिता और सहित छात्र–छात्राए व गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# अब समय आ गया है, जब जनता भाजपा को देगी जवाब : मल्लिकार्जुन खड़गे



**साहिबगंज (हि.स.)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि अब समय आ गया है, जब जनता भाजपा को जवाब देगी। आज देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। कभी लोग गैस के सात सिलेंडर लिया करते थे लेकिन आज ऐसी स्थिति है कि लोग एक रिफिल नहीं करा पा रहे हैं। वे साहिबगंज जिले के पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के गुमानी में (श्रीकुंड) हाईस्कूल मैदान से हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत कर रहे थे। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए मल्लिकार्जुन ने कहा कि देश में 71 हजार स्कूल केंद्र सरकार ने बंद करा दिए। ये जो बार–बार गरीबों की बात करते हैं वो ही गरीबों को खत्म करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि संसद में पूछा था कि अडाणी की संपत्ति ढाई साल में 13 लाख करोड़ हो गई। ये अडाणी प्रधानमंत्री मोदी के मित्र हैं। मोदी ने अदाणी को सरकारी पैसा दिया है। इसलिए संपत्ति में इजाफा हुआ है। एलआईसी का पैसा दिया। एसबीआई का पैसा अडाणी को दिया। अब तक 82 हजार करोड़ अडाणी को मोदी ने दिया है। देश का प्रधानमंत्री झूठ बोलता है। संसद में अडाणी की बात उठाई तो बाहर कर दिया गया। गरीबों की बात हमने किया तो हमारे भाषण को असंसदीय कह दिया गया। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अडाणी को देश में ही नहीं विदेशों में भी ठेका दिलाया। मोदी जी बताएं कि अडाणी आपके साथ कितनी बार विदेश गए। जब यही बात हमने संसद में रखा तो उसे काट दिया गया। उन्होंने कहा कि हम देश में किसानों के लिए लड़ रहे हैं। मजदूरों के लिए लड़ रहे हैं लेकिन भाजपा अपने दोस्तों के लिए काम कर रही है। खड़गे ने कहा कि हम देश की उन्नति के लिए हर मुसीबत से टकराएंगे। उन्होंने कहा कि आज हम यहां आपका आशीर्वाद लेने के लिए हैं। उन्होंने साहेबगंज से रामगढ़ उपचुनाव के लिए लोगों से आशीर्वाद मांगा। साथ ही कहा कि हमारी यहां मिलीजुली सरकार है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार चल रही है। हम एकजुट होकर चलेंगे तो मोदी को दिखा देंगे कि हम उनकी मनमर्जी के खिलाफ हैं। अपने संबोधन में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले इस अभियान के तहत हमलोग हर घर तक पहुंचेंगे। लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की कमियों, महंगाई, बेरोजगारी से अवगत करायेंगे। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि 15वें वित्त आयोग के तहत बरहरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत जमालपुर एचएससी में जल्द अस्पताल बनेगा। करीब 55.5 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस अस्पताल को लेकर राज्य सरकार को प्रपोजल भेजा गया है। उन्होंने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने का आह्वान भी किया। इस मौके पर मंत्री आलमगीर आलम, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे के अलावा कांग्रेस के सभी मंत्री, विधायक, कांग्रेस प्रदेश कमेटी के पदाधिकारी, 24 जिलों के अध्यक्ष, जिला कमेटी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



*उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ; साहित्य अकादमी, नई दिल्ली एवम विद्याश्री निवास, वाराणसी के संयुक्त आयोजन से तलाकनाम कहानी में प्रथम पुरस्कार वाराणसी परिक्षेत्र के अपर पुलिस महानिदेशक के. सत्यनारायण के हाथों प्रमाण पत्र ग्रहण करते हुए जीतू कुमार गुप्ता।*

## मादक पदार्थ सहित तस्कर गिरफ्तार

**नगांव (हि.स.)।** नगांव जिलांतर्गत जुरिया धींग गांव पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने दो साबुनदानी में छुपाकर लाए गए मादक पदार्थ को बरामद करने के साथ एक ड्रग्स तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि अभियान का नेतृत्व जुरिया थाना प्रभारी मुन्ना पासनी ने किया। गिरफ्तार ड्रग्स तस्कर की पहचान धींग गांव निवासी नूर मोहम्मद के रूप में की गई है।

# पृष्ठ एक का शेष

### केरल में कुश्ती...

करते हुए दावा किया कि कई अन्य दल भी परोक्ष रूप से विपक्षी गठबंधन की मदद कर रहे हैं, लेकिन उन्हें दिया गया हर वोट त्रिपुरा को कई साल पीछे ले जाएगा। उन्होंने धलाई जिले के आमबासा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कुशासन के पुराने खिलाड़ियों ने हाथ मिला लिए हैं, कुछ अन्य दल भी परोक्ष रूप से उनकी मदद कर रहे हैं– उनका नाम या नारा चाहे जो भी हो, उन्हें दिया गया हर वोट त्रिपुरा को पीछे ले जाएगा। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि वाम और कांग्रेस पार्टी की सरकारों ने जनजातीय लोगों के बीच विभाजन पैदा किया, जबकि भाजपा ने ब्रू जनजाति सहित अन्य समुदायों की समस्याओं को सुलझाने के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि भाजपा देश भर में जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए काम कर रही है। उन्होंने लोगों से पूर्वोत्तर राज्य के विकास को जारी रखने के लिए डबल इंजन की सरकार को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और वाम की दोधारी तलवार से सावधान रहें, वे लोगों को लाभ पहुंचाने वाली सभी योजनाओं को रोकना चाहते हैं।

### फाइव स्टार मेघालय के ...

को कठपुतली बताते हुए उन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि यह टीएमसी, जेएमसी यानी जुडास मुकल कांग्रेस है। जयराम रमेश मजबूती के साथ कहा कि टीएमसी राज्य के चुनाव में कोई फैक्टर नहीं है। जयराम रमेश द्वारा जारी घोषणापत्र में शामिल घोषणाओं में मुख्य रूप से– 1. आपका स्वास्थ्य ही हमारा धन है– सभी नागरिकों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा।

2. हमारे बच्चे हमारा भविष्य हैं। इसके अलावा, एक बालिका ईश्वर की ओर से एक उपहार है– प्रत्येक बालिका के लिए मुफ्त शिक्षा।
3. हमारे किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)।
4. हर बीपीएल परिवार को मुफ्त छत (मकान)।
5. धार्मिक समारोहों के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 500 करोड़ रुपए का कोष।
6. बाजार के लिए समर्पित राज्य विश्वविद्यालय– तैयार पाठ्यक्रम।
7. विशेष नगर पुलिस बल का गठन।
8. बीपीएल परिवारों को मुफ्त बिजली।
9. बीपीएल परिवारों के लिए मुफ्त एलपीजी सिलेंडर।
10. हर परिवार के लिए एक नौकरी।
11। हमारी चौथी संपत्ति हमारा गौरव है– पत्रकारों के लिए पेंशन।
12. हमारे शिक्षक गरिमा– वेतन भुगतान में अब और देरी नहीं।
13. केवल महिलाओं का बाजार।
14. मेगा–पावर सेवाएं: हम अपने राज्य को स्वच्छ और हरित प्रौद्योगिकियों के माध्यम से अतिरिक्त 500 मेगावाट बिजली प्रदान करने का प्रस्ताव।

### नगालैंड विस चुनाव...

साल में उनकी संपत्ति में 10.54 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। उन्होंने 2018 के चुनाव में नामांकन के साथ दाखिल हलफनामे में अपनी संपत्ति 36.41 करोड़ रुपए बताई थी। मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने 6 फरवरी को उत्तरी अंगामी–द्वितीय सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल किया है। संलग्न हलफनामे में उम्मीदवार नेफ्यू रियो ने घोषणा की कि उनके पास 30.96 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति और 15.99 करोड़ रुपए की चल संपत्ति है। भाजपा उम्मीदवार के रूप में प्रदेश अध्यक्ष तेमजेन इम्ना अलंग ने अलंगटकी (अनुसूचित जनजाति) सीट नंबर 30 से नामांकन दाखिल किया है। हलफनामे के मुताबिक उनकी कुल संपत्ति 10.06 करोड़ रुपए है। उन्होंने अपने हलफनामे में 1.47 करोड़ रुपए की चल संपत्ति और 8.59 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति घोषित की है। इसके अलावा नगालैंड के पूर्व मुख्यमंत्री और पेरेन निर्वाचन क्षेत्र से एनडीपीपी उम्मीदवार टीआर जेलियांग ने अपनी कुल संपत्ति 7.37 करोड़ रुपए घोषित की है। इसी तरह तुई (अनुसूचित जनजाति) सीट संख्या 37 से भाजपा के उम्मीदवार यानथुंगो पाटन ने अपनी कुल संपत्ति 2.85 करोड़ रुपए घोषित की है। इसमें 60.24 लाख रुपए की चल संपत्ति और 2.25 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति शामिल है।

### त्रिपुरा में गठबंधन की...

मुख्यमंत्री बनाया गया था। हालांकि, 2022 में भाजपा ने देब की जगह मानिक साहा को राज्य की कमान सौंप दी। अब साहा पर भाजपा को सत्ता में वापसी कराने की जिम्मेदारी है। हालांकि, बीते कुछ महीनों से राज्य में सियासी उथलपुथल जारी है। एक तरफ भाजपा ने 2018 में जीत दिलाने वाले बिप्लब कुमार देब को हटाकर मानिक साहा को मुख्यमंत्री बना दिया तो कई नेता पार्टी से अलग भी हो गए। भाजपा नेता हंगशा कुमार त्रिपुरा इस साल अगस्त में अपने 6,000 आदिवासी समर्थकों के साथ टिपरा मोथा में शामिल हो गए। वहीं, आदिवासी अधिकार पार्टी भाजपा विरोधी राजनीतिक मोर्चा बनाने की कोशिश कर रही है। इसके साथ ही कई नेता पार्टियां बदल रहे हैं। हमेशा एक–दूसरे की धुर विरोधी रही कांग्रेस और सीपीएम ने इस बार हाथ मिला लिया है। दोनों ही पार्टियों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ने का एलान किया है। कांग्रेस महासचिव के बयान से ठीक एक दिन पहले माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने भी इस मुद्दे पर अपनी बात रखी थी।

### सेना और असम...

ने पूर्व सैनिकों को रोजगार खोजने में मदद करने के लिए असम सरकार के सहयोग की सराहना की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ–साथ पूर्व सैनिकों की मानसिक अनुकूलन क्षमता भी मजबूत है।

### ब्रिटेन में सेकेंड ...

दूरी पर पुलिस, इमरजेंसी सर्विसेज और बचाव कर्मियों की तैनाती कर दी गई थी। हालांकि, इन्हें बम फटने के बाद हटा लिया गया है। स्थानीय प्रशासन ने मंगलवार को बम मिलने की सूचना मिलते ही आसपास के इलाकों को खाली करवा लिया था। सैकड़ों लोगों को उस एरिया से दूर जाने को कहा गया, साथ ही सभी रास्तों और सड़कों को सील कर दिया गया था। बम फटने से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए इसे चारों ओर से मिट्टी से घेर दिया गया था। एरिया कमांडर नेथन क्लार्क के मुताबिक अगर इस बम के इर्दगिर्द सैंड बैरियर नहीं बनाया होता तो यह घातक हो सकता था। वहीं नोर्फोक के असिस्टेंट चीफ कॉन्सटेबल निक डेविसन ने बताया कि जैसे ही एक्सपर्ट्स की टीम ने बम के डिफ्यूज करने का काम शुरू किया वो तभी फट गया। शुक्र है कि उसे समय टीम का कोई सदस्य उसके आसपास मौजूद नहीं था। दरअसल आर्मी स्पेशलिस्ट ने बम को डिफ्यूज करने के लिए प्लान बनाया था। वो रोबोट के जरिए बम के फ्यूज को काटना चाहते थे। लेकिन, इस काम में उन्हें पानी की भी जरूरत पड़ती। जिससे सैंड बैरियर की क्षमता कम हो जाती। आर्मी प्लान तैयार कर रही थी कि किस तरह से सैंड बैरियर को मजबूत किया जाए। हालांकि प्लान पूरा बनने से पहले ही बम फट गया।

### अदाणी जैसे मामले ...

रहे मामले में सरकार की तरफ से क्या जवाब दिया जाएगा, इस पर उन्होंने कहा कि सरकार कोर्ट में क्या कहेगी यह तो मैं नहीं बता सकती, लेकिन भारतीय नियामक एजेंसियां बहुत ही परिपक्व हैं। वो अपने क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं। उन्हें इस मामले के बारे में पता है और वो हमेशा की तरह सतर्क हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी समूह के शेयरों में आई भारी गिरावट के संदर्भ में केंद्र सरकार और सेबी से पूछा है कि अभी निवेशकों को अप्रत्याशित हानि से बचाव के लिए क्या व्यवस्था है और इसे और किस तरह से बेहतर बनाया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने वित्त मंत्रालय से जानना चाहा है कि मौजूदा व्यवस्था को और ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए क्या कदम उठाया जा सकता है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि उसकी मंशा किसी नियामक एजेंसी के काम–काज में हस्तक्षेप करने की नहीं है। वित्त मंत्री से क्रिप्टो करेंसी को लेकर सरकार के मत के बारे में भी पूछा गया तो उनका जवाब था कि क्रिप्टो के नियमन को लेकर कोई भी एक देश अपने आप में कानून नहीं बना सकता। इसको समझते हुए भारत जी–20 की बैठक में इस विषय पर सभी देशों के साथ विमर्श कर रहा है ताकि एक स्टैंडर्ड नियम बनाया जा सके। सनद रहे कि वित्त मंत्रालय की तरफ से पिछले वर्ष क्रिप्टो करेंसी को लेकर एक कानून बनाने की तैयारी थी। इस विधेयक को संसद में पेश करने की भी तैयारी पूरी हो गई थी, लेकिन आरबीआई के बेहद सख्त विरोध की वजह से सरकार ने इस पर व्यापक विमर्श करने का फैसला किया है। यह भी उल्लेखनीय है कि क्रिप्टो को लेकर आरबीआई के विचार में कोई बदलाव नहीं आया है। आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारी सार्वजनिक तौर पर कह चुके हैं कि क्रिप्टो करेंसी एक पोंजी स्कीम से ज्यादा कुछ नहीं है। शनिवार को वित्त मंत्री की आरबीआई निदेशक बोर्ड के साथ हुई बैठक में मुख्य तौर पर आम बजट 2023–24 के प्रावधानों के संदर्भ में ही बात हुई है।

### जजों के ट्रांसफर...

सरकार अभी भी पुराने एमओपी के अनुसार चल रही है। क्योंकि मार्च 2016 में एससी के पांच–न्यायाधीशों की संविधान पीठ के निर्देश पर तैयार किए गए नए एमओपी को सीजेआई के नेतृत्व वाले कॉलेजियम द्वारा अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 फरवरी को कहा था कि हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की पदोन्नति और स्थानांतरण के फैसले पर केंद्र का निर्णय न लेना ठीक नहीं है। एससी ने कहा कि इस तरह की कार्यशैली कार्रवाई करने पर मजबूर करेगी। कोर्ट ने यह भी धमकी दी थी कि स्थानांतरण सूची में शामिल न्यायाधीशों को और देरी की स्थिति में न्यायिक कार्य नहीं दिया जा सकता है। वहीं कानून मंत्री ने शुक्रवार को दोहराया कि एक हाईकोर्ट से दूसरे हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के स्थानांतरण के लिए एमओपी में कोई समयरेखा निर्धारित नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण सूची में 10 न्यायाधीशों के संबंध में सिफारिश अभी भी लंबित है। उन्होंने कहा कि सारे तबादले पूरे देश में न्याय के बेहतर प्रशासन को बढ़ावा देने के लिए जनहित में किए जाने हैं। इससे पहले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी पर प्रयागराज में कहा था कि इस देश के मालिक यहां के लोग हैं, हम सिर्फ सेवक हैं। संविधान के अनुसार देश चलेगा। कोई किसी को चेतावनी नहीं दे सकता है। इतना ही नहीं किरेन रिजिजू के एक बयान पर बहस भी छिड़ चुकी है। उन्होंने कहा था कि जजों को एक बार जज बनने के बाद किसी आम चुनाव या सार्वजनिक तौर पर जांच का सामना नहीं करना पड़ता। यही वजह है कि जनता आपको बदल भी नहीं सकती, लेकिन इसका ये मतलब नहीं है कि जनता आपको देख नहीं रही है।

### विद्यार्थियों को स्मार्ट ...

से सीनियर सेकेंडरी कक्षा तक वाणिज्य एवं विज्ञान संकायों में अंग्रेजी माध्यम से आधुनिक तथा उत्कृष्ट शिक्षा की सभी सुविधाएं उपलब्ध है। यह स्कूल कोविड 19 के बाद एक नए दौर में अग्रसर होकर कक्षा एलकेजी से 12 तक के छात्र–छात्राओं के लिए बहुत–सी अच्छी सुविधाओं के साथ (एसी हॉस्टल, घुड़सवारी, स्विमिंग, ऑब्सटेकल कोर्स, फायरिंग रेंज, स्मार्ट क्लास) भारतीय वायुसेना से सेवानिवृत्त ग्रुप कैप्टन राजेश मोहन जो कि 15 साल से ज्यादा का सैनिक स्कूल में रजिस्ट्रार व प्राचार्य का अनुभव रखते है, के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। गोयनका पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों को एक नया आयाम देता है, जिसमें उनके सर्वांगीण विकास पर पूर्ण रूप से ध्यान दिया जाता है। विद्यालय का वातावरण बिल्कुल शांत व हरा–भरा है एवं यहां पर समय–समय पर विभिन्न प्रकार के खेलों की उचित व्यवस्था है। विद्यालय की सुसज्जित कक्षाएं हैं जिनमें बच्चों की गतिविधियों द्वारा शैक्षणिक योग्यता को निखारा जाता है। गोयनका पब्लिक स्कूल का उद्देश्य बच्चे का सर्वांगीण विकास करना है और इसी के अनुसार यह स्कूल खेल व शिक्षा दोनों में ही उत्कृष्ट परिणाम देता है। यहां बच्चों को खेलने के लिए क्रिकेट ग्राउंड, वैली बॉल ग्राउंड, बास्केट बॉल ग्राउंड, टेनिस कोर्ट आदि बने हुए हैं जिसमें बच्चे प्रत्येक खेल के नियमों को बखूबी जान सकते हैं।

### भारत जितना मोदी...

की पहली मातृभूमि है। यह कहना कि इस्लाम एक ऐसा धर्म है जो बाहर से आया है, सरासर गलत और निराधार है। इस्लाम सभी धर्मों में सबसे पुराना धर्म है। मुसलमानों के लिए भारत सबसे अच्छा देश है, लेकिन यहां मुस्लिमों के खिलाफ नफरत और उकसावे के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। हाल के दिनों में इस्लामोफोबिया काफी बढ़ गया है। मौलाना मदनी ने यह भी कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड सिर्फ मुसलमानों का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह देश के अलग–अलग सामाजिक समूहों, समुदायों, जातियों और सभी वर्गों से संबंधित है। शनिवार को अधिवेशन में शामिल मौलवियों ने इस्लामोफोबिया, यूनिफॉर्म सिविल कोड, पर्सनल लॉ में हस्तक्षेप, पिछड़े मुसलमानों के लिए आरक्षण, मदरसों का सर्वे, इस्लाम के खिलाफ गलत सूचनाएं और कश्मीर पर प्रस्ताव भी पारित किए। जमीयत उलेमा–ए–हिंद मुसलमानों का 100 साल पुराना संगठन है। यह संगठन मुसलमानों का सबसे बड़ा संगठन होने का दावा करता है। इसके एजेंडे में मुसलमानों के पॉलिटिकल, सोशल और धार्मिक मुद्दे रहते हैं। ये संगठन इस्लाम से जुड़ी देवबंदी विचारधारा को मानता है।

### उज्जैन में महाशिवरात्रि ...

महाशिवरात्रि पर 21 लाख दीप प्रज्ज्वलन के महाअभियान की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह, संचालक संस्कृति तथा संस्कृति विभाग के अधिकारी सम्मिलित हुए। उज्जैन से उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, कमिश्नर, कलेक्टर तथा अन्य अधिकारी वर्चुअली जुड़े। महाशिवरात्रि दीपोत्सव को *शिव ज्योति अपर्णम् 2023* का नाम दिया गया है। पर्व पर 21 लाख दीप प्रज्ज्वलित कर गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड बनाया जाएगा। इससे पहले उज्जैन में वर्ष 2022 में महाशिवरात्रि पर 11 लाख 71 हजार 78 दीये प्रज्ज्वलित करने का विश्व रिकार्ड बनाया गया था। इसके बाद अयोध्या में वर्ष 2022 में ही दीपावली पर 15 लाख 76 हजार दीये प्रज्ज्वलित कर नया विश्व रिकार्ड बनाया गया था। उज्जैन में महाशिवरात्रि पर 21 लाख दीये प्रज्ज्वलित करने की योजना है। यह संपूर्ण आयोजन जीरो वेस्ट के सिद्धांत पर होगा। उज्जैन में शिव ज्योति अपर्णम् में क्षिप्रा नदी के घाटों सहित शहर के मंदिर, समस्त व्यावसायिक स्थल और घर–घर में दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। f

### तुर्की भूकंप में एक ...

और उनमें से कई भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में नहीं हैं, जबकि कई बाहर चले गए हैं। उन्होंने कहा कि दो दशकों में देश के सबसे घातक भूकंप के बाद अब तक भारतीयों के फंसे होने की कोई सूचना नहीं है। पॉल ने आगे चल रहे खोज और बचाव अभियान के बारे में जानकारी दी जो भारतीय सेना और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) द्वारा चलाया जा रहा है। स्थिति बहुत गतिशील है, हर रोज नई आवश्यकता सामने आती है। जहां तक भारत का सवाल है, हम यहां के लोगों की जरूरतों के प्रति जवाबदेह बने हुए हैं। तुर्की–सीरिया भूकंप से मरने वालों की संख्या 26,000 को पार कर गई है, जबकि कई अभी भी लापता हैं। तुर्की में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप और कई बड़े झटकों के बाद कहारनमारस, हटाई, गजियांटेप और नूरदागी सहित सबसे अधिक प्रभावित शहरों में बहुमंजिला इमारतें, घर, मॉल और कार्यालय धूल और मलबे में तब्दील हो गए हैं।

## स्वर्वेद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **अष्टम अध्याय**

**(योगाभ्यास)**

**शनै शनै अभ्यास को, आगे लेय बढ़ाय।**
**मन माया को मारि के, अन्तर पैठे धाय॥ 33॥**

**शब्दार्थ :** (शनै–शनै) धीरे–धीरे (अभ्यास) योग का साधन (अन्तर) भीतर (पैठे) प्रवेश (धाय) गमन।

**भाष्य :** योगाभ्यास को धीरे–धीरे आगे बढ़ावें और मन–माया को शान्त कर अन्तर्गमन करके शब्द में प्रवेश करें।

**अजपा माध्ये शब्द का, पारख बहु विधि होय।**
**अन्तर परम सनेह में, शब्द सुरति लव होय॥ 34॥**

**शब्दार्थ :** (मध्ये) बीच में (अजपा शब्द) (पारख) देखना (अन्तर) भीतर, पशचत (शब्द) परम अक्षर, सारशब्द (सुरति) आत्मा–चेतना (लव) प्रेम (परम सनेह) परम अनुराग।

**भाष्य :** बीच में ***अक्षर*** पूर्णरूप से प्राप्त होता है और उसके बाद परम अनुराग से शब्द–सुरति का प्रेम सम्बन्ध होता है। ***अक्षर*** अजपा शब्द कहा गया है। मध्य सहज–शून्य क कहते हैं। अक्षर के पारख के पश्चात शब्द–परब्रह्म की प्राप्ति तथा अनुभव होता है।

# कंचनजंघा एक्स. से करोड़ों रु का सोना जब्त, तीन गिरफ्तार



**करीमगंज ( हि.स. )।** अगरतला से सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस ( 13174 ) में न्यू करीमगंज रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में सोना जब्त किया गया। इस संबंध में तीन यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को त्रिपुरा के निदेशक, राजस्व खुफिया शाखा के एक जांच दल ने न्यू करीमगंज स्टेशन पर छापा मारा और त्रिपुरा के धर्मनगर के टेटन पाल, राजीव पाल और गौतम पाल नामक तीन लोगों को 8 सोने के बिस्कुट के साथ गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक त्रिपुरा के डायरेक्टर रेवेन्यू इंटेलिजेंस ब्रांच के इस जांच दल ने शनिवार दोपहर करीब 12.30 बजे त्रिपुरा के अगरतला से पश्चिम बंगाल के सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस ( ट्रेन नंबर 13174 ) में उस समय छापा मारा, जब ट्रेन न्यू करीमगंज रेलवे स्टेशन पर रुकी। छापामार दल को धर्मनगर से सियालदह जाने वाले तीन यात्रियों की हरकतों से संदेह हुआ, जिसके बाद उनके शरीर और बैग की तलाशी लेने पर सोने के आठ बिस्कुट बरामद हुए। एक अन्य सूत्र ने बताया कि जब्त किए गए सोने का अनुमानित बाजार मूल्य करोड़ों रुपए होगा। करीमगंज में रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कंचनजंघा एक्सप्रेस से तीन यात्रियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से सोने के बिस्कुट बरामद किए गए। सूत्रों ने बताया है कि मामले की जांच की जा रही है। इस बीच छापेमारी दल की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई। मीडिया ने जब इस बारे में कई सवाल पूछे तो जांच दल के कार्यकर्ता इससे बचते रहे। बताया जाता है कि गिरफ्तार किए गए लोगों को करीमगंज स्थित सीमा शुल्क विभाग के कार्यालय लाकर धर्मनगर ले जाया गया।

## सोलह वर्षीय विवाहिता ने की आत्महत्या

**दक्षिण सालमारा ( हि.स. )।** दक्षिण सालमारा–मानकचार जिलांतर्गत असम के अलगा गांव की विवाहित 16 वर्षीय लड़की मोफिदा खातून ने अपने आवास पर आत्महत्या कर ली। लड़की की आत्महत्या एक रहस्य का विषय बना हुआ है। उसके परिवार के सदस्य इस संबंध में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि मृतका की कम उम्र में ही शादी हो गई थी। इसलिए संदेह जताया जा रहा है कि उसने अपने पति के गिरफ्तार होने के डर से आत्महत्या कर ली। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्वशर्मा के निर्देश के बाद पूरे राज्य में बाल विवाह के विरुद्ध कड़ा कदम उठाने का पुलिस को निर्देश दिया गया है, जिसके चलते पूरे राज्य में 4 हजार से अधिक मामले विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज किए गए हैं। लड़की के शव को शनिवार की दोपहर के समय हाटशिंगिमारी सिविल अस्पताल ले जाया गया। बाद में चिकित्सक ने लड़की को मृत घोषित कर दिया। बाद में जिला दंडाधीश कृतांजली कश्यप और खारुआबांदा पुलिस हटशिंगिमारी सिविल अस्पताल पहुंचीं और घटना की जांच शुरू की।

## अंग्रेजों की तरह देश को लूट रही है भाजपा : विधायक आलम



नगरबेड़ा (निसं)। ग्वालपाड़ा पूर्व विधानसभा क्षेत्रों के विधायक एके रशिद आलम ने आज कांग्रेस के हाथ में हाथ मिलाकर प्रचार में भाग लेते हुए सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा। आज माटिया व्लक कांग्रेस के उद्योग में शालमारा बाजार स्थित माद्राछा खेल मैदान में व्लक पर्याय के हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम का सुभारंभ किया विधायक ए के रशिद आलम ने।माटिया व्लक कांग्रेस कमिटी के प्रमुख आयनुल हक चौधुरी द्वारा संचालित सभा में अनुष्ठानिक शुभारंभ किया ।कार्यक्रम के आधिकारिक शुभारंभ के बाद, विधायक एके राशिद आलम ने शालमारा बाजार में दुकानों में प्रवेश किया और राहुल गांधी कुशासन को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा, आरएसएस से भारत की यात्रा के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में भाजपा के कुशासन के विभिन्न पहलुओं वाली याचिकाएं वितरित कीं। उनके साथ विधायक एके राशिद आलम भी थे । सभा में मौजूदगी की पहचान गोलपारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिगंत मेधी, असम प्रदेश युवा कांग्रेस सचिव हुसैन आहमेद मादनी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष रिंजुआरा बेगम, जिला कांग्रेस सचिव जब्बार आली, सिधाबाड़ी गांव पंचायत अध्यक्ष हबीबुर रहमान, बुदुरचर गांव पंचायत अध्यक्ष आफरोजा बेगम और मरनई गांव पंचायत अध्यक्ष मजरूद्दीन और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक में विधायक एके राशिद आलम भी शामिल हुएउन्होंने सत्तारूढ़ भाजपा की तीखी आलोचना की। भाजपा ने अंग्रेजों की तरह लूटकर देश को बर्बाद किया है। विधायक ने राज्य के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा शर्मा के हालिया शासन की भी आलोचना की। विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस बाल विवाह के खिलाफ ऑपरेशन के नाम पर आतंक का माहौल बना रही है और लोगों को आसानी से रहने से रोक रही है। बाल विवाह मुद्दे पर विधायक एके राशिद आलम ने कहा कि लंबे समय शासन में रहकर भी रोकथाम के मुद्दे पर खामोश रहने वाले डॉ. हिमंत विश्वशर्मा अब पूरे प्रदेश में दहशत फैला रहे हैं.आलम ने और भी कहा कि कांग्रेस के साथ एआईयूडीएफ का मित्रता दोबारा कभी भी नहीं होगा। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और ए आई यू डी एफ से मित्रता एक गलत फैसला था। आनेवाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी, आरएसएस के खिलाफ खड़े रहके कांग्रेस को मजबूत बनाएगे विधायक ए के रशिद आलम ने।

## आग में घर जलकर राख, लाखों की संपत्ति का नुकसान

नलबाड़ी (हि.स.)। नलबाड़ी जिला के बरखेत्री विधानसभा क्षेत्र के दक्षिण कुरीहामारी गांव में अचानक लगी आग के दौरान देखते ही देखते एक घर पूरी तरह कर राख हो गया। पुलिस ने बताया कि शनिवार को कुरीहामारी गांव में आग लगने की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। आग बुझाए जाने तक आयनुल हक का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग के दौरान तीन घर पूरी तरह जल गए। हालांकि, आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं लग पाई है। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## विभिन्न मांगों को लेकर सालाकाठी में आदिवासियों ने की रेल मार्ग अवरूद्ध करने की कोशिश

**कोकराझाड़ ( हि.स. )।** असम के कोकराझाड़ जिलांतर्गत सालाकाठी रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार की सुबह से आदिवासी सेंगेल अभियान नामक आदिवासी संगठन की प्रदेश समिति द्वारा रेल मार्ग अवरूद्ध करने की कोशिश की गई। इस बीच जिला प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं मिलने की वजह से रेल मार्ग को अवरूद्ध नहीं करने दिया गया। संगठन के सभी सदस्यों को रेल मार्ग से अलग एक जगह इकट्ठा कर किया गया है। वहीं सैकड़ों की संख्या में आदिवासी समुदाय के लोगों ने जनजातिकरण की मांग के साथ अन्य कई मांगों को लेकर सालाकाठी में आंदोलन आरंभ किया। आदिवासी सेंगेल अभियान नामक संगठन द्वारा आहूत रेल मार्ग अवरोध में कोकराझाड़ के विभिन्न क्षेत्रों से आये आदिवासी समुदाय के लोगों ने हाथों में बैनर–पोस्टर लेकर असम सरकार के विरूद्ध नारेबाजी की। उल्लेखनीय है कि रेल मार्ग अवरोध को खत्म कराने और उनको सुरक्षित रखने के लिये



जिला प्रशासन ने कड़े कदम उठाते हुए प्रदर्शनकारियों को रेल मार्ग से अलग कर एक जगह इकठा किया गया है। मौके पर पहुंची प्रशासनिक अधिकारी सुभ्रम आदित्य बोरा ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को रेल मार्ग से अलग एक जगह इकठा किया गया है। उन्होंने बताया है कि आंदोलन को सीआरपीसी के सेक्सन 129 के तहत अवैध घोषित कर दिया गया है। साथ ही बताया कि आंदोलनकारियों को 30 मिनट का समय दिया जाएगा और अगर वे नहीं हटते हैं तो उनको गिरफ्तार किया जाएगा।

## आग में एक झुलसा घर, जलकर राख

**तिनसुकिया ( हि.स. )।** तिनसुकिया जिला के डिगबोई इलाके में लगी आग के दौरान देखते ही देखते एक घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से एक व्यक्ति बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने बताया है कि शनिवार को डिगबोई के तीन नंबर बरबिल इलाके में स्थित नाले के किनारे स्थित एक घर में अचानक आग लगाने की वजह से घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। आग के दौरान घर के भीतर मौजूद नागा नामक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया। लगभग 90 प्रतिशत आग में झुलसे व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। आग की वजह से लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। हालांकि, आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं लग पाई है। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि शार्ट सर्किट या किसी उपद्रवी द्वारा घर में आग लगाई गई होगी।

## असम–प बंगाल सीमा पर भारी मात्रा में गौ–मांस जब्त, दो गिरफ्तार

**धुबड़ी ( हि.स. )।** धुबड़ी जिला पुलिस ने असम–पश्चिम बंगाल सीमा पर छगलिया में पांच क्विंटल से अधिक कच्चा गौ–मांस बरामद किया है। इसके साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान राशिदुल हक और मिजानुर रहमान के रूप में की गई है। इस संबंध में जिला पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि तस्करी के जरिए लाए गए गौ–मांस को धुबड़ी जिला के गौरीपुर पहुंचाया जाना था। उन्होंने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर जब असम में पंजीकृत एक चार पहिया बोलेरो पिकअप वैन पश्चिम बंगाल के शुक्तबाड़ी से असम में दाखिल हुई तो पुलिस ने उसे रोक कर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से 500 किग्रा से अधिक गो–मांस बरामद किया गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि राशिदुल हक और मिजानुर रहमान नामक दो युवकों को गो–मांस की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 295 (ए)/379/411 और पशुधन संरक्षण अधिनियम के आर/डब्ल्यू 13(1) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि गौ–मांस तस्करी की ऐसी घटनाएं पहली नहीं है। गत 3 जनवरी को धुबड़ी सदर थाना अंतर्गत कॉलेज टाउन चौकी की पुलिस ने वेट्टा बाजार इलाके में एक पिकअप वैन से 9 क्विंटल कच्चा गौ–मांस को जब्त किया था।

## अभाविप की अंतर–राज्य छात्र जीवन दर्शन की राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा–2023

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की अंतर–राज्य छात्र जीवन दर्शन (सील) की राष्ट्रीय एकात्मकता यात्रा–2023 के अंतर्गत पूर्वोत्तर के छात्र देश के विभिन्न स्थानों पर जा रहे हैं। इस यात्रा के महत्वपूर्ण तत्व प्रवास, संचार एवं भ्रमण रहा। अभाविप सील के संयोजक अनूप कुमार ने शनिवार को एक बयान में बताया है कि विभिन्नता से भरे इस देश को ठीक से समझने के लिए हमें भ्रमण एवं प्रवास किसी होटल, हॉस्टल, गेस्ट हाउस अथवा गाईड के माध्यम से नहीं हो सकता। अभाविप की यह यात्रा मात्र एक यात्रा नहीं है, बल्कि भारतीयता के उस सूत्र को और भी मजबूत करता है, जिस सूत्र के सहारे विविधता में एकता का मोती पिरोया गया है। सील के लोक प्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई दल समूह ने प्रसिद्ध बॉलिवुड फिल्म अभिनेता अनुपम खेर से मुम्बई में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस समूह में पूर्वोत्तर के सातों राज्यों के छात्र एवं छात्राएं शामिल रहे। पूर्वोत्तर के छात्रों के इस दल ने अनुपम खेर की फिल्म शिव शास्त्री बल्बोआ का प्रिमियर भी देखा। यह फिल्म अजयन वेणुगोपालन द्वारा निर्देशित है तथा अनुपम खेर एवं नीना गुप्ता जैसे अनुभवी सिने कलाकारों ने



अभिनय किया है। अनुपम खेर की टीम ने दल के साथ भोजन भी किया। अनुपम खेर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विविधता भरे इस देश में इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए, इससे हम एक–दूसरे की परंपरा को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय एकात्मता के लिए लंबे समय से बहुत हीं सराहनीय कर रहा है। परिषद के महत्वपूर्ण पहल के कारण मुझे पूर्वोत्तर के सातों राज्यों के छात्रों के साथ मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। छात्रों ने भी अपने भाव प्रकट करते हुए कहा कि इस यात्रा से वह देश को भलिभांति समझने का प्रयास कर रहे हैं। इस यात्रा के माध्यम से वे देश को समझ ही नही रहे अपितु भारत की संस्कृति का अनुभूति ले रहे हैं।

## भारी मात्रा में साल लकड़ी सहित दो ई–रिक्शा जब्त

कोकराझाड़ (हि.स.)। कोकराझाड़ जिला के पर्वतझोरा वन परिक्षेत्र के लालमाटी इलाके में वन विभाग ने भारी मात्रा में साल की कीमती लकड़ी के साथ दो ई–रिक्शा जब्त किए हैं। सूत्रों ने शनिवार को बताया कि बासबाड़ी वन विभाग की टीम ने दिनदहाड़े जंगल से पेड़ों को काटकर ई–रिक्शा के जरिए ले जाते समय लकड़ी और ई–रिक्शा को जब्त किया गया है। वन विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान लकड़ी तस्कर और ई–रिक्शा के चालक मौके से फरार हो गए। खरखरी वन बीट कार्यालय और मुसलझोरा वन बीट कार्यालय की मौजूदगी के बावजूद तस्कर जंगल से दिन–दहाड़े लकड़ी काटने की हिम्मत दिखा रहे हैं। आरोप है कि जंगल में वनों की कटाई लंबे समय से चल रही है। तस्कर हर दिन जंगल में साल के पेड़ों को काट रहे हैं और धुबड़ी जिला के साथ–साथ पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों में लकड़ी की तस्करी की जा रही है।

## गोल्ड जिम गणेशगुड़ी का वार्षिक क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

**गुवाहाटी।** पूर्वोत्तर भारत की अग्रणी गोल्डस जिम गणेशगुड़ी की ओर से शनिवार को अपने सदस्यों के लिए वार्षिक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। दिसपुर स्थित जनता भवन खेल मैदान में आयोजित एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में गोल्डस जिम गणेशगुड़ी के 80 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पुरुषों की कुल 6 टीमें तथा महिलाओं की 2 टीमों ने टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। गोल्डस जिम गणेशगुड़ी की निदेशिका ने बताया कि सातवीं बार आयोजित इस टूर्नामेंट में आज




खेले गए अलग अलग फाइनल मुकाबले में पुरुषों में किंग्स 11 व महिलाओं में आसाम सुपर किंगडम टीम ने खिताब अपने नाम किया। पुरस्कार वितरण समारोह में असमिया फिल्मों की जानीमानी निशिता गोस्वामी मौजूद थी। उन्होंने अपने हाथों से पुरुष व महिला विजय टीमों के खिलाड़ियों को मेडल व चैंपियन ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अभिनेत्री निशिता गोस्वामी ने भी बल्ले से अपना जलवा दिखाया। श्रीमती स्वातिका जैन ने कहा कि गोल्डस जिम गणेशगुड़ी के सदस्यों के लिए इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है, जिसमें सभी लोग बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हैं। एक स्वस्थ एवं मनोरंजन वातावरण के बीच आज वार्षिक क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार समापन हुआ। आयोजन को सफल बनाने के लिए जिम के सभी सदस्यों एवं प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अभिनेत्री निशिता गोस्वामी ने कहा कि गोल्डस जिम गणेशगुड़ी अपने स्थापना काल से अपने सदस्यों के स्वास्थ के प्रति पूरी तरह सजग रहा है। आउटडोर एक्टिविटी के माध्यम से सभी सदस्यों ने आज जमकर क्रिकेट टूर्नामेंट का आनंद उठाया। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी गोल्डस जिम गणेशगुड़ी अपने सदस्यों के लिए इस तरह के अन्य आयोजन करता रहेगा। इस मौके पर जानेमाने व्यवसाई राजीव जैन सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## कई मेल–एक्सप्रेस ट्रेनों का समय संशोधित



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** अवसंरचना के निरंतर उन्नयन को देखते हुए, पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के अंतर्गत कई स्टेशनों पर कुछ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का समय संशोधित किया गया है। यात्रा समय में कमी लाने के लिए 15602/15601 (गुवाहाटी–धुबड़ी– गुवाहाटी) एक्सप्रेस, 15078 (गोमतीनगर– कामाख्या) एक्सप्रेस और 15661 (रांची–कामाख्या) एक्सप्रेस ट्रेनों की गति बढ़ा दी गई है। पूसीरे के क्षेत्राधिकार के अधीन इन ट्रेनों के यात्रा समय को 20 मिनट से एक घंटे से अधिक समय तक कम कर दिया गया है। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने शनिवार को बताया है कि 28 फरवरी से ट्रेन संख्या 15602/15601 (गुवाहाटी–धुबड़ी– गुवाहाटी) एक्सप्रेस का गुवाहाटी, कामाख्या, न्यू बंगाईगांव, कोकराझाड़, फकिराग्राम जं., सापटग्राम, टिपकाई, मंगलझोरा, बासबाड़ी, मटेरझाड़, गोलकगंज, गौरीपुर और धुबड़ी स्टेशनों पर समय संशोधित किया गया है। ट्रेन संख्या 15602 (गुवाहाटी– धुबड़ी) एक्सप्रेस गुवाहाटी से 22.50 बजे प्रस्थान करेगी, जिससे गंतव्य तक की यात्रा का समय 65 मिनट कम हो जाएगा। इसी तरह, ट्रेन संख्या 15601 (धुबड़ी– गुवाहाटी) एक्सप्रेस धुबड़ी से 07.10 बजे के बजाय 07.00 बजे प्रस्थान कर गुवाहाटी 14.50 बजे पहुंचेगी, जिससे गंतव्य तक की यात्रा का समय 40 मिनट कम हो जाएगा। इसके अलावा, 27 फरवरी से ट्रेन संख्या 15078 (गोमती नगर–कामाख्या) एक्सप्रेस का न्यू बंगाईगांव, ग्वालपारा टाउन और कामाख्या स्टेशनों पर समय संशोधित किया गया है। यह ट्रेन अपने यात्रा समय में 40 मिनट की बचत करते हुए गंतव्य स्टेशन कामाख्या 13.50 बजे पहुंचेगी। 1 मार्च से ट्रेन संख्या 15661 (रांची– कामाख्या) एक्सप्रेस का कामाख्या स्टेशन पर समय संशोधित किया गया है। यह ट्रेन अपने यात्रा समय में 20 मिनट की बचत करते हुए गंतव्य स्टेशन कामाख्या 23.05 बजे पहुंचेगी। पूसीरे ने उम्मीद जताया है कि संशोधित समय से पूर्वोत्तर सीमा रेल में बेहतर ट्रेन परिचालन में मदद मिलेगी।

## एकात्म मानवतावाद–अंत्योदय विचारधारा भारत को विश्व शक्ति बनाएगी : भाजपा

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** देश भर के साथ–साथ असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। अटल बिहारी वाजपेयी भवन स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय में शनिवार को आयोजित एक सभा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कोंवर, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अंगुरलता डेका, प्रदेश कार्यालय सचिव सुशांत बिश्वास और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की स्मृति में पार्टी के मुख्यालय समेत 39 संगठनात्मक जिलों में भी जिलाव्यापी समर्पण दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 11 फरवरी को बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। भाजपा स्थापना के समय से ही उनके बलिदान के इस दिन को समर्पण दिवस के रूप में मनाती आ रही है। प्रदेश भाजपा ने एक बयान में समर्पण दिवस के आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उधर, त्रिपुरा विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच ही मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्वशर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते



हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत एकात्म मानवतावाद और अंत्योदय की विचारधारा का पालन करते हुए देश को विश्व शक्ति बनाने के लिए पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पार्टी के संस्थापकों में से एक और वैचारिक प्रेरणा का स्रोत केंद्र बिंदु बताया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय को मतभेदों के बीच एकता की अवधारणा को मजबूत करने में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि विभिन्न रूपों में एकता की अभिव्यक्ति भारतीय सांस्कृतिक चिंतन का आधार है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने 22 अप्रैल से 25 अप्रैल, 1965 तक आयोजित भारतीय जनसंघ के प्रतिनिधियों की बैठक में भाषणों की एक शृंखला दी, जिसमें समकालीन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक, सामाजिक, राजनयिक, सैन्य और आर्थिक पहलुओं को शामिल किया गया था। इस भाषण में पंडित जी ने समाजवादी, मार्क्सवादी–कम्युनिस्ट विचारधारा की संकीर्णता और पूंजीवादी सोच की सीमाओं को विस्तार से बताया। इस व्याख्या को बाद में राजनीतिक विश्लेषकों ने एकीकृत मानवतावाद के दर्शन के रूप में संदर्भित किया। सर्वोदय और भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर आधारित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के भाषणों ने बाद के समय में भारतीय राजनीतिक दलों की सोच को बहुत प्रभावित किया। अंत्योदय की अवधारणा भी एकीकृत मानवतावाद से विकसित हुई। 1982 में अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के गठन के बाद, पार्टी ने एकीकृत मानवतावाद और अंत्योदय को अपनी मुख्य नीतियों और आदर्शों के रूप में अपनाया। इसलिए भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकारें समाज के सभी वर्गों की एकता के माध्यम से देश के व्यापक विकास के मार्ग को आगे बढ़ाकर देश को विश्व शक्ति के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रही हैं। भारत को विश्व शक्ति के रूप में विकसित करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति को एकीकृत मानवतावाद और अंत्योदय के विचार से प्रेरित कहा जाता है।

# नई कर प्रणाली से मध्य वर्ग को होगा फायदा : सीतारमण

**– रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की केंद्रीय बोर्ड की बैठक में हिस्सा लिया**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2023-24 के बाद शनिवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निदेशक मंडल की केंद्रीय बोर्ड की बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास भी उपस्थित रहे। सीतारमण ने कहा कि नई कर प्रणाली से मध्य वर्ग को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को अपनाने से करदाताओं के हाथ में ज्यादा पैसा बचा रहेगा। नई दिल्ली में आयोजित आरबीआई के निदेशक मंडल की बैठक को संबोधित करने के बाद सीतारमण ने मीडिया से कहा कि सरकारी योजनाओं के जरिए लोगों को निवेश के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी नहीं है। इसकी जगह लोगों को अपने निवेश के बारे में व्यक्तिगत स्तर पर निर्णय लेने का मौका दिया जाना चाहिए। वित्त मंत्री ने हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट की चिंता पर कहा कि भारत के नियामक बहुत अनुभवी हैं, वे हमेशा से तैयार हैं, इसलिए मैं इसे उन पर छोड़ देती हूं। क्रिप्टोकरेंसी पर उन्होंने कहा कि इसमें तकनीक का ज्यादा रोल है। इसलिए हम सभी देशों से बात कर रहे हैं कि अगर क्रिप्टो को लेकर नियम लाना है तो क्या कोई मानक संचालन प्रक्रिया का पालन कर सकते हैं, क्योंकि क्रिप्टो पर एक अकेला देश कुछ नहीं कर सकता। इस मुद्दे पर जी 20 देशों के साथ भी चर्चा जारी है। बैठक में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपने संबोधन में कहा कि जब से रूस-युक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, तब से कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल के दाम में गिरावट आ सकती है। शक्तिकांत दास ने कहा कि मुद्रास्फीति का 5.3 फीसदी रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वक्त में स्थिति वैसी नहीं है, जैसे छह महीने पहले थी, रिस्क समान रूप से संतुलित हैं। बैठक में वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत किशन राव कराड़ और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ वित्त सचिव भी उपस्थित रहे।

# पत्रकार शशिकांत वारिसे हत्या मामले की सघन छानबीन की जाएगी: देवेंद्र फडणवीस



**मुंबई, (हि.स.)।** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि रत्नागिरी जिले में पत्रकार शशिकांत वारिस हत्या मामले की सघन छानबीन की जाएगी। इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाएगा। इस मामले के आरोपितों को कठोर सजा दिलाई जाएगी। देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि पत्रकार शशिकांत वारिसे हत्या मामले की गहन छानबीन का आदेश उन्होंने पुलिस प्रशासन को दे दिया है। मामले की गहन छानबीन हर एंगल से की जा रही है। इस मामले में आरोपित पंढरीनाथ आंबेरकर को गिरफ्तार किया गया है, किसी भी आरोपित को बख्शा नहीं जाएगा। राष्ट्रवादी कांग्रेस के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को पुणे में बताया कि शशिकांत वारिसे की हत्या दुर्भाग्यपूर्ण है। इस हत्या मामले की उच्चस्तरीय जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे इस हत्या मामले के लिए जरूरत पड़ी तो केंद्र सरकार से भी चर्चा करेंगे । विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अजीत पवार ने इस मामले की गहन छानबीन के लिए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में क्या पुलिस प्रशासन सोया है । इस मामले की गहन छानबीन कर सही क्या है, उसे जनता के सामने लाया जाना चाहिए। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के नेता संजय राऊत ने कहा कि पत्रकार शशिकांत वारिसे नाणार परियोजना के लिए की जा रही भूमि अधिग्रहण का जोरदार विरोध कर रहे थे। इस संबंध में उन्होंने अपने समाचार पत्र में आर्टिकल भी लिखा था और इसके ठीक दूसरे दिन उनकी हत्या कर दी गई। इस मामले की सही तरीके से जांच की जानी चाहिए और आरोपित सहित साजिशकताओं को सजा दिलाई जानी चाहिए। दरअसल सिंधुदुर्ग जिले में पत्रकार शशिकांत वारिसे की मौत रत्नागिरी जिले में एक सप्ताह पहले हुई थी। इस मामले को लेकर आज स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया है। स्थानीय नागरिकों ने इस मामले में पत्रकार वारिसे की हत्या के साजिशकताओं को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# विवाद के बीच राज्यपाल से मिले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, कहा- हर किसी के काम करने का तरीका अलग





**कोलकाता, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मधुर संबंधों की वजह से प्रदेश भाजपा के निशाने पर रहे नवनियुक्त राज्यपाल डॉक्टर सीवी आनंद बोस से बालूरघाट से सांसद सुकांत मजूमदार ने मुलाकात की है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मजूमदार ने उनसे करीब दो घंटे तक बैठक की जिसके बाद बाहर निकल कर उन्होंने राज्यपाल की सराहना की है। मजूमदार ने कहा कि हर किसी के काम करने का अपना तरीका होता है। शनिवार को राजभवन के सामने खड़े होकर मीडिया से मुखातिब मजूमदार ने कहा कि लोकायुक्त नियुक्ति को लेकर राज्यपाल की भूमिका सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य के कई मुद्दों को लेकर राज्यपाल से बातचीत हुई है। कई मुद्दों पर राज्यपाल ने आश्वस्त किया है कि सबसे ऊपर संविधान है और उससे ऊपर कुछ नहीं। उसी के मुताबिक काम होगा।

**लोकायुक्त नियुक्ति के लिए लाया जाएगा ऑर्डिनेंस** – उन्होंने कहा कि इसके पहले अस्थाई राज्यपाल के तौर पर नियुक्त हुए ला गणेशन के समय लोकायुक्त नियुक्ति को कहा गया था लेकिन नियमानुसार यह कार्य नहीं हुआ। अब नए राज्यपाल डॉक्टर बोस ने आश्वस्त किया है कि विधानसभा में इसके लिए ऑर्डिनेंस जारी किया जाएगा।

उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्यपाल ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की बातें कही है। इसके अलावा राज्य में हिंसा की घटनाओं को लेकर भी राज्यपाल से मजूमदार ने शिकायत की है। दरअसल पूर्व राज्यपाल और वर्तमान में देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ लगातार भाजपा के पक्ष में और ममता सरकार के खिलाफ मुखर रहते थे। लेकिन वर्तमान राज्यपाल ऐसे नहीं हैं। उनका ममता के साथ बेहद मधुर संबंध है जिसे लेकर भाजपा लगातार सवाल खड़ा कर रही है। दो दिन पहले ही विधानसभा के बजट सत्र के शुरूआत वाले दिन राज्यपाल गद्दी छोड़ो का स्लोगन भाजपा विधायकों ने दिया था। उसके बाद केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश भाजपा को चेतावनी दी थी। इसके बाद सुकांत ने शनिवार को मुलाकात की है। मजूमदार ने यह भी दावा किया कि राज्यपाल ने लोकायुक्त नियुक्ति को असंवैधानिक करार दिया है और इस बारे में राज्य सरकार को भी बताया है। उन्होंने कहा, " आने वाले दो-एक दिनों में और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा।"

# मुख्यमंत्री चौहान ने उठाया जैविक खेती का मुद्दा, कमलनाथ ने रोजगार पर सरकार को घेरा

**भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बीच सवालों को लेकर छिड़ा घमासान लगातार जारी है। इसी क्रम में शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज ने पूर्व मुख्यमंत्री पर हमला बोलते हुए उन्हें पिछले चुनावों में किये गए अपने वचन पत्र में जैविक खेती के लिए विशेष पैकेज के वादें को याद दिलाते हुए सवाल पूछा। तो वहीं दूसरी तरफ कमलनाथ ने भी पलटवार करते हुए सरकार को रोजगार के मुद्दे पर घेरा। मुख्यमंत्री चौहान ने शनिवार को स्मार्ट सिटी पार्क में पौधारोपण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से सवाल पूछते हुए कहा कि कांग्रेस ने वोट लेने के लिए अनेकों वादे किए पर उन्हें पूरा करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में कहा था जैविक खेती के प्रशिक्षण, प्रमाणित बीज एवं विपणन हेतु विशेष पैकेज दिया जाएगा। विशेष पैकेज देना तो दूर वह जैविक खेती को ही भूल गए।

**कमलनाथ ने चौपाई लिखकर साधा निशाना** - वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री शिवराज के सवालों के जवाब के बदले सवाल पूछ रहे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने श्रीरामचरितमानस की चौपाई का इस्तेमाल करते हुए शिवराज पर पलटवार किया। उन्होंने रामायण की चौपाई लिखते हुए कहा श्रीरामचरितमानस में भगवान श्रीलक्ष्मण को समझाते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने कहा- जासु राज प्रिय प्रजा दुखारी। सो नृपु अवसि नरक अधिकारी।

# भाजपा ने मनाया समर्पण दिवस, पुण्यतिथि पर दीनदयाल को पुष्पांजलि अर्पित




**शिमला, (हि.स.)।** भाजपा मुख्यालय दीपकमल चक्कर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल को पुष्पांजलि भी अर्पित की गई। भाजपा सह मीडिया प्रभारी करण नंदा ने कहा कि आज भाजपा पूरे देश भर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाती है और आज पूरे प्रदेश भर में इस उपलक्ष पर अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष रहे और वह जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी में कई दायित्व का निर्वहन भी किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय वहुप्रतिभा के धनी थे। वह एक प्रखर संगठनकरता, विचारक और राजनेता रहे। दीनदयाल ने पूरे भारतवर्ष को एकात्म मानववाद और एकात्म मानव दर्शन का मंत्र दिया। उन्होंने हमें अंतोदय का मूल मंत्र भी दिया जिस पर हमारी केंद्र और प्रदेश सरकार ने प्रतिबद्ध रूप से काम किया आज पूरे देश भर में ऐसी अनेकों योजनाएं चल रही है जो अंतिम व्यक्ति को फायदा देने के लिए बनी है।

# शिवसेना नेता संजय राऊत को जान से मारने की धमकी



**मुंबई, (हि.स.)।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता और राज्यसभा सदस्य संजय राऊत को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी दी गई है। यह जानकारी शनिवार को खुद संजय राऊत ने पत्रकारों को दी। संजय राऊत ने शनिवार को बताया कि उन्हें अज्ञात व्यक्ति ने पत्रकार शशिकांत वारिसे की हत्या के मुद्दे पर न बोलने की धमकी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने यह मुद्दा उठाया तो उनका शशिकांत वारिसे जैसा अंजाम होगा। उन्हें कहा गया है कि वे मृत पत्रकार शशिकांत के परिवार वालों से न मिलें। संजय राऊत ने इस संबंध में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर मामले की जांच कराने की मांग की है। संजय राऊत ने कहा कि भले ही उन्हें धमकी मिली है, फिर भी वे रत्नागिरी जाएंगे।

# ममता सरकार का दावा, केंद्र के पास है राज्य का 24 सौ करोड़ का बकाया



**कोलकाता, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल सरकार ने दावा किया है कि केंद्र सरकार के पास राज्य का 24 सौ करोड़ रुपये का जीएसटी बकाया है। दरअसल शुक्रवार को संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया था कि राज्यों को जीएसटी वसूली का भुगतान तब किया जाता है जब सीएजी से ऑडिट अपडेटेड आंकड़ा राज्य की ओर से उपलब्ध कराया जाता है लेकिन पश्चिम बंगाल में 2017 के बाद से राज्य में वित्तीय लेनदेन का ऑडिट ही नहीं करवाया है। इसके बाद राज्य सरकार की ओर से शनिवार को बयान में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल सरकार का 24 सौ करोड़ रुपये का जीएसटी केंद्र के पास बकाया है। केवल 2017-18 और 2018-19 का ऑडिट नहीं होने के आधार पर ये सारे रुपये बकाया रखे हैं। कुल 2409.96 करोड़ रुपये का भुगतान केंद्र सरकार को तुरंत करना चाहिए।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने यह भी दावा किया कि चुनाव के समय अथवा माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सीआरपीएफ की तैनाती के एवज में 1841 करोड़ रुपये का बकाया केंद्र का ममता सरकार पर है। यानी राज्य सरकार को यह रुपये देना है। इसके जवाब में राज्य सरकार ने कहा है कि राज्य से पूछ कर केंद्रीय बलों की तैनाती नहीं की गई इसलिए बकाए का कोई औचित्य नहीं है। हालांकि नियम है कि चुनाव के समय चुनाव आयोग के निर्देश पर केंद्रीय बलों की तैनाती होती है और उसका खर्च राज्य को उठाना पड़ता है।

# वाईएसआर कांग्रेस सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी का बेटा राघव मगुंटा गिरफ्तार

**–प्रवर्तन निदेशालय की दिल्ली सरकार के बहुचर्चित आबकारी नीति मामले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में बड़ी कार्रवाई**




**अजय त्यागी**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार के कथित आबकारी नीति गोलमाल मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई की है। निदेशालय ने आज (शनिवार) सुबह दक्षिण के राजनीतिक दल वाईएसआर कांग्रेस सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा को गिरफ्तार कर लिया। श्रीनिवासुलु रेड्डी लोकसभा में ओंगोले मगुंटा संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रवर्तन निदेशालय के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति मामले में कथित अनियमितताओं की मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में सांसद श्रीनिवासुलु रेड्डी के बेटे राघव मगुंटा को गिरफ्तार किया गया है। राघव मगुंटा को शुक्रवार शाम धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया था। प्रवर्तन निदेशालय की इस मामले में यह नौवीं और इस सप्ताह तीसरी गिरफ्तारी है। इस हफ्ते की शुरूआत में निदेशालय ने पंजाब के पूर्व विधायक दीप मल्होत्रा के बेटे गौतम मल्होत्रा और रथ प्रोडक्शंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड (विज्ञापन कंपनी) के निदेशक राजेश जोशी को गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले साल एक सांसद से जुड़े परिसरों की भी तलाशी ली थी। निदेशालय ने अब तक दो चार्जशीट भी दायर की हैं। आबकारी मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला सीबीआई की प्राथमिकी के बाद सामने आया था। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सरकार के अन्य आबकारी अधिकारियों को सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय की शिकायतों में आरोपित बनाया जा चुका है।

# अमृत सरोवर योजना से दूर होगा जल संकट : नरेन्द्र तोमर



**आशीष वर्मा**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में केन्द्र सरकार अमृत सरोवर योजना चला रही है। इससे जल संकट को दूर किया जा सकेगा। तोमर ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि देश में 30 हजार से अधिक अमृत सरोवर के निर्माण कार्य को नौ महीने में पूरा कर लिया गया है। इस वर्ष 15 अगस्त तक 50 हजार अमृत सरोवर के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक निर्धारित लक्ष्य का 60 फीसदी कार्य पूरा कर लिया गया है। आगे उन्होंने कहा कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट दूर करने के लिए देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 75 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जाएगा। इस दिशा में तेजी से कार्य जारी है। उल्लेखनीय है कि अमृत सरोवर मिशन 24 अप्रैल 2022 को जल संरक्षण के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इस योजना के तहत देश के हर जिले में 75 जल निकायों का विकास और कायाकल्प कराया जा रहा है।

# भारत आतंकवाद को नेस्तनाबूत करने के लिए प्रतिबद्ध : शाह

**– केंद्रीय गृहमंत्री ने आईपीएस प्रोबेशनर्स अधिकारियों की पासिंग आउट परेड को संबोधित किया**



**हैदराबाद, (हि.स.)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारत ने सात दशक तक आंतरिक सुरक्षा क्षेत्र में कई तरह की चुनौतियों का सामना किया है। इस दौरान करीब 36 हजार पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं। भारत आतंकवाद को नेस्तनाबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमने आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर काम किया है। उन्होंने यह बात आज यहां सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) परिवीक्षाधीन (प्रोबेशनर्स) अधिकारियों के 74 आरआर बैच की दीक्षांत (पासिंग आउट) परेड में शामिल होने के बाद कही। गृहमंत्री शाह ने अपने संबोधन में प्रोबेशनर्स अधिकारियों से कहा आजादी के बाद अखिल भारतीय सेवाओं की स्थापना के समय देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार पटेल ने कहा था कि देश को एक संघीय संविधान के तहत अक्षुण्य बनाए रखने की ज़िम्मेदारी अखिल भारतीय सेवाओं की है। इस वाक्य को आप सब अपने जीवन का गुरु वाक्य बनाएं। अमित शाह ने कहा कि आतंकी फंडिंग पर केंद्र सरकार ने कठोर कार्रवाई की है। वामपंथी उग्रवाद पर सरकार ने काबू पा लिया है। पीएफआई पर प्रतिबंध लगाकर ऐसे संगठनों को कड़ा संदेश दिया गया है।

# नीलाम हुआ साढ़े 12 साल से दलाई लामा को सुरक्षा देने वाला डूका, अब टॉमी संभालेगा जिम्मेदारी





**धर्मशाला (ईएमएस)।** अति विशिष्ट लोगों (वीआईपी) की सुरक्षा के लिए कई स्तरों पर सुरक्षा के प्रबंध किए जाते हैं। उनके दौरे से पहले सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की जाती है। स्नीफर डॉग्स लेकर सुरक्षा एंजेसियां पूरी तरह से गहन जांच करती हैं। हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में बौद्ध धर्मगुरु दलाईलामा की सुरक्षा में 12 वर्षों से तैनात लेब्राडोर नस्ल का कुत्ता डूका अब रिटायर हो गया है। रिटायरमेंट के बाद डूका की बोली लगाई गई और कांगड़ा के गमरू के अजय ने डूका को खरीद लिया है। अजय ने डूका को 1,550 रुपये की बोली लगाकर खरीदा। कुछ औपचारिकताएं पूरी होने के बाद डूका को अजय के हवाले कर दिया जाएगा। इससे पहले भी ऑक्शन किया गया था, लेकिन कोई खरीदार नहीं मिला था। साल 2010 में डूका को आर्मी ट्रेनिंग सेंटर से एक लाख 23 हजार रुपये देकर लाया गया था। उस समय यह सात माह का था। उसकी कुछ ट्रेनिंग यहां हुई। इसके बाद वह लगातार धर्मगुरु दलाईलामा की सुरक्षा व्यवस्था में अपनी अहम भूमिका निभा रहा था। जानकारी के अनुसार डूका की नीलामी शुक्रवार को दूसरी बार हुई। नीलामी में क्षेत्र के चार लोगों ने भाग लिया। दलाई सुरक्षा पुलिस की ओर से डूका की नीलामी का न्यूनतम दाम 500 रुपये रखा था, लेकिन गमरू के अजय परमार ने 1,550 रुपये की बोली लगाकर इसे खरीदा। अजय प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। कुछ औपचारिकताएं पूरी होने के बाद एक दो दिनों में डूका खरीदार के हवाले कर दिया जाएगा। दलाईलामा के किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम से पहले रेकी करने वाला डूका अब दलाईलामा की सुरक्षा में नजर नहीं आएगा। डूका के स्थान पर अब नौ माह के ट्रेंड टॉमी को तैनात किया गया है। इसे पंजाब होमगार्ड डेराबस्सी ट्रेनिंग सेंटर से तीन लाख रुपये में खरीदा गया है। दलाईलामा की सुरक्षा में तैनात डूका नाम का लैब्रा नस्ल का कुत्ता 12 साल से सेवाएं दे रहा था। सूंघने की जबरदस्त क्षमता के लिए मशहूर डूका विस्फोटकों को ट्रेस करने के लिए जाना जाता है। डूका की नीलामी केंद्र सरकार की अनुमति से मैक्लोडगंज पुलिस लाइन में शिव मंदिर के समीप की गई। दलाईलामा की सुरक्षा में तैनात डीएसपी नितिन चौहान ने बताया कि डूका की सबसे बड़ी खूबी विस्फोटकों से पुलिस को आगाह करना है। वह दलाई लामा के सार्वजनिक कार्यक्रमों से पहले आयोजन स्थल पर रेकी करता था। इसके बाद कार्यक्रम सुरक्षित माना जाता था।

# पर्वतीय राज्यों में गिरी बर्फ, बदरानीथ-केदारनाथ में बिछ गई सफेद चादर



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** पिछले चौबीस घंटों के दौरान जम्मू- कश्मीर, गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम में बर्फबारी के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है। उत्तराखंड के बदरीनाथ और केदारनाथ में चारों ओर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। यह जानकारी भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक विज्ञानी ने दी। इस मौसम विज्ञानी के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले के राशेल गांव के अलावा अन्य चोटियों पर शुक्रवार को बर्फबारी हुई है। आज (शनिवार) भी पर्वतीय क्षेत्र की चोटियों पर बर्फबारी और आसपास वर्षा के आसार हैं। देहरादून-मसूरी समेत आसपास हल्की वर्षा हो सकती है। इस विज्ञानी का कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाके में धीरे-धीरे तापमान में वृद्धि हो रही है। दिल्ली-एनसीआर में आज 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती हैं। न्यूनतम तापमान में वृद्धि हो सकती है। 12 फरवरी से उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में दिन-रात के पारे में गिरावट आ सकती है। बिहार में आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना है।

# केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने किया जी-20 समिट का शुभारम्भ




**आगरा, (हि.स.)।** आगरा में आज से जी- 20 समिट का शुभारम्भ हो चुका है। होटल ताज कन्वेंशन में समिट के पहले सत्र का शुभारम्भ केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने किया है। आज शनिवार को चार सत्रों में पैनल बनाकर चर्चा होनी है। आज के इन स्तरों में महिला सशक्तिकरण का मुद्दा चर्चा का विषय रहेगा। आगरा के होटल ताज कन्वेंशन में आज जी-20 समिट का शुभारम्भ किया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य द्वारा समिट के पहले सत्र का 10 बजे शुभारम्भ किया गया। आज शनिअवार को समिट के पहले दिवस में महिला सशक्तिकरण का मुद्दा चर्चा का विषय रहेगा। इसके साथ ही आज महिलाओं के नेतृत्व क्षमता को बढ़ाना, महिला उद्यमिता और कार्यक्षेत्र में महिलाओं की भागीदारिता बढ़ाना, डिजिटल स्किल और फ्यूचर स्किल को बढ़ावा देना चर्चा का विषय रहेंगे। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने इस दौरान अपने सम्बोधन में भारत का जी-20 का अध्यक्ष बनना, हमारे लिए ऐतिहासिक पल बताया। आगरा में कल जी- 20 देशों के मेहमानों का कल भव्य स्वागत किया गया था। एयरपोर्ट पर ड्रोन से पुष्प वर्षा कर भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगा शॉल ओढ़ाकर वेलकम किया गया। शाही बग्गी पर सवार होकर प्रतिनिधिमंडल का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद फतेहाबाद रोड स्थित सेल्फी प्वाइंट पर कमिश्नर और डीएम ने जी-20 देशों के प्रतिनिधियों संग केक काटा। आज चार सत्रों की मीटिंग के बाद शाम को प्रतिनिधि आगरा किला का दीदार करने जाएंगे। आगरा किला में मेहमानों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

# दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को साकार कर रही सरकार : योगी



**लखनऊ, (हि.स.)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 55वीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पंडित उपाध्याय के आदर्शों को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का कल्याण व विकास पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी की डबल इंजन सरकार उनके सपनों को पूरा कर रही है। राजधानी लखनऊ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका पार्क में स्थित प्रतिमा पर शनिवार को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद यहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आजाद भारत में समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण की बात करने वाली आवाज आज से 55 साल पहले साजिश का शिकार हुई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय की बात करने वाले ज्योतिपुंज थे। उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण को राजनीतिक चिंतन का एजेंडा बनाया था। उनके इस चिंतन का आज असर दिखता है। आज एकात्म मानववाद की ताकत दुनिया देख रही है। योगी ने कहा कि पंडित उपाध्याय के अंत्योदय के सपने को राष्ट्रोदय में बदलने का कार्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार पूरी प्रतिबद्धता और ईमानदारी से कर रही है। पहली बार मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा के भेदभाव के बिना हर एक पात्र व्यक्ति को शौचालय, आवास, उज्ज्वला कनेक्शन मिल रहा है। बिना किसी भेदभाव विद्युत वितरण हो रहा है। देश की 80 करोड़ जनता को मुफ्त राशन मिल रहा है। कोरोना महामारी के दौरान वैक्सीन की 220 करोड़ डोज लोगों को मुफ्त दी गईं। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार आज जो कार्य कर रही है यही सपना पंडित दीनदयाल उपाध्याय का था। अपने कालखंड में उन्होंने घोषणा की थी कि जब हम सत्ता में आएंगे तो एकात्म मानववाद और अंत्योदय वास्तविक रूप में दिखेगा। यह एक राजनीतिक ऋषि का चिंतन था जिसे भाजपा सरकार ने साकार किया है। पंडित उपाध्याय की प्रेरणा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार भी राज्य में अनेक लोक कल्याणकारी कार्यक्रम चला रही है। जन कल्याण के लिए प्रतिबद्धता व ईमानदारी से कार्य कर रही है। आज उत्तर प्रदेश में नौकरियां बिना भेदभाव, सिर्फ योग्यता के आधार पर दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के कालखंड में जब पूरी दुनिया त्रस्त थी तब डबल इंजन की सरकार ने प्रबंधन और जनकल्याण का एक मॉडल प्रस्तुत किया। कोई महामारी समाप्त भी हो जाती है तो भुखमरी की बीमारी देकर चली जाती है, पर डबल इंजन सरकार ने अहर्निश भाव से कार्य करते हुए महामारी पर तो नियंत्रण पाया ही, गरीबों को भुखमरी से भी बचाया।

**देश व देश की जनता ही सब कुछ –** मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरुषों की प्रेरणा और चिंतन से कोरोना महामारी के दौरान भाजपा ने "सेवा ही संगठन" का मंत्र दिया। इस मंत्र के पीछे की मंशा यह है कि हमारे लिए देश और देश की जनता ही सब कुछ है। व्यक्तिगत कुछ भी नहीं। इस चिंतन ने देश के नागरिकों में राजनीतिक विश्वास भरने का काम किया। इस तरह की चिंतन धारा न होने से अन्य राजनीतिक दल समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण के बारे में सोच भी नहीं पाते। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, एमएलसी मुकेश शर्मा, पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन, विधायक राजेश्वर सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि व भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोरिया के बौद्ध धम्मयात्रा का वाराणसी से शुभारम्भ गर्व का विषयः डॉ दयाशंकर मिश्र



**वाराणसी, (हि.स.)।** भारत और दक्षिण कोरिया के बेहतर संबंध के 50 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में कोरिया से आए 108 बौद्ध भिक्षुओं के दल ने शनिवार को सारनाथ से बौद्ध परिपथ के रूप में श्रावस्ती तक सभी बौद्ध स्थलों तक पैदल यात्रा की शुरूआत की। इसमें भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी, नेपाल सहित महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर भी शामिल है। पैदल यात्रा के पूर्व दल ने सारनाथ स्थित धम्मेक स्तूप पर पूजा अर्चना भी की। यात्रा में प्रथम पड़ाव रामनगर मल्टीमॉडल टर्मिनल है। इसके बाद यह यात्रा आगे बिहार के लिए रवाना होगी। इसके पहले उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने कोरिया के बौद्ध तीर्थ यात्रियों का भव्य स्वागत किया। 108 भिक्षुओं के संघ का स्वागत 108 मीटर के धम्म ध्वजा के साथ किया गया। स्वागत समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने बौद्ध तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया। समारोह में भारत में कोरिया के राजदूत चुंग जाए बॉक, दूतावास प्रथम सचिव सुश्री पार्क, अन्य अधिकारी सुश्री आह्न ह्ये सुन ,पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी गुलाब चन्द्र आदि की मौजूदगी में कोरिया के जोग्ये बौद्ध संघ प्रमुख जा स्युंग को पुष्पगुच्छ प्रदान किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र ने कहा कि सारनाथ से ही भगवान गौतम बुद्ध ने अपनी धम्मयात्रा शुरू की थी, अपना पहला उपदेश यहीं दिया था, धर्म चक्र प्रवर्तन किया था। और इसी पावन स्थान से आप अपनी 43 दिवसीय पैदल धम्मयात्रा का शुभारम्भ कर रहे हैं, यह प्रतीकात्मक भी है। उन्होंने कहा कि वाराणसी, यह विश्व का प्राचीनतम शहर है। यह ऐसी पावन नगरी है, काशी जहाँ लोग मरने की अभिलाषा करते है, जहाँ लोग मर जाना भी शुभ मानते हैं। यह हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का निर्वाचन क्षेत्र है। उन्होंने विश्व की इस प्राचीनतम नगरी को विश्व के मानचित्र पर आधुनिकतम नगरी बना कर प्रस्तुत कर दिया है। बौद्ध ग्रन्थ ऐसा भी साक्ष्य देते हैं कि आगामी बुद्ध मैत्रेय का जन्म इसी नगरी में होगा। उन्होंने कहा कि वाराणसी दक्षिण कोरिया और भारत के राजनायिक सम्बन्धों की अर्धशताब्दी की पूर्ति के अवसर पर दोनों देशों में परस्पर सहयोग व मैत्री को और सुदृढ़ करने एवं दोनों देशों में परस्पर शान्ति की अपेक्षा से प्रार्थना आयोजित करने का यह अभिनव आयोजन दोनों देशों के परस्पर सहयोग से हो रहा है। उन्होंने कहा कि कोरिया के बौद्ध जोग्ये संघ के उद्गम की जड़ें भारत में हैं। भारत के बौद्ध आचार्य बोधिधम्म बुद्ध के धम्म को चीन लेकर गये थे। चीन में उनके शिष्य हुई-नेंग के माध्यम से बुद्ध की ध्यान परम्परा ने कोरिया में प्रवेश किया। आपकी ध्यान परम्परा सिओन का उद्गम स्थल श्रावस्ती है। जहाँ आपकी यात्रा का उपसंहार हो रहा है। इस मायने में आप विदेश में नहीं आएं हैं बल्कि अपने आध्यात्मिक पुरखों के घर आए हैं। राज्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं योगी है। राज्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जोग्ये संघ को सफल, सुरक्षित, स्वस्थ धम्मयात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# अपनी शादी का कार्ड देकर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को ट्रक ने रौंदा, दर्दनाक मौत

**सुलतानपुर, (हि.स.)।** बलिया-लखनऊ राजमार्ग पर दियरा चौराहे के पास अनियंत्रित ट्रक ने दो बाइक सवार युवकों को रौंद दिया। घटना में दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। वही दो युवक घायल हैं जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि एक मृतक की शादी दो सप्ताह बाद होनी थी जिसका वो निमंत्रण देकर लौट रहा था। कोतवाली नगर के करौंदिया मुहल्ले के निवासी सोनू सोनकर (28) पुत्र मंगल सोनकर की शादी 28 फरवरी को थी। शुक्रवार की देर रात वो अपनी शादी का कार्ड बांटने निकला था। उसके साथ बाइक पर सनी सोनकर भी था। दूसरी बाइक पर अर्जुन और महेश भी थे। कार्ड बांटकर लौटते समय देर शाम मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के दियरा के पास सभी पहुंचे थे कि एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनों बाइक पर सवार चारों युवक सड़क पर जा गिरे। सभी को गंभीर चोटें आई। ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने चारों युवकों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने सोनू और सनी को मृत घोषित कर दिया। उधर जैसे ही ये खबर परिवार और मुहल्ले वालों को लगी तो सभी अस्पताल की ओर दौड़ पड़े। अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई। दो युवकों की मौत से यहां कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को मर्चरी में रखवाया है। जहां आज शनिवार को इनका पोस्टमार्टम कराया जायगा। वही शादी वाले घर में मातम पसर गया है।

# यूएई-यूपी के संबंधों के लिए मील का पत्थर साबित होगा जीआईएस

**लखनऊ, (हि. स.)।** भारत और यूएई के बीच में जो पारंपरिक और आर्थिक संबंध वर्षों से चले आ रहे हैं, उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उनमें और प्रगाढ़ता आएगी। खासतौर पर उत्तर प्रदेश और यूएई के लिए यह कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। यह बातें शनिवार को उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 (यूपीजीआईएस) के मंच से उत्तर प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान और यूएई के मंत्री एचई अहमद बिन अली अल सेझ व मिनिस्टर ऑफ स्टेट फॉर फॉरेन ट्रेड, मिनिस्ट्री ऑफ इकॉनमी एचई डॉ. थानी बिन अहमद अल जायोदी ने एक सुर में कही। यूएई के मंत्रियों ने साफतौर पर कहा कि यह सिर्फ एक शुरूआत है, आने वाले समय में हमारे बहुत सारे इन्वेस्टर्स यूपी का रुख करेंगे और योगी सरकार द्वारा यूपी में लाए गए बदलाव व निवेश के अनुकूल माहौल का लाभ उठाएंगे। उत्तर प्रदेश सरकार में एमएसएमई, खादी और विलेज इंडस्ट्री राकेश सचान ने कहा कि 23 सितम्बर 2021 को भारत सरकार और यूएई के बीच आर्थिक सहयोग को लेकर साझेदारी हुई थी। उसके बहुत सकारात्मक परिणाण देखने को मिले हैं। इस साझेदारी के चलते यूएई और भारत के बीच व्यापार में कई गुना वृद्धि हुई है। यूएई से एक्सपोर्ट और इंपोर्ट 50 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। हमें यूपी में यूएई के साथ अच्छे संबंधों की आशा है। बीते माह हमारी टीम ने यूएई का दौरा किया, जहां डॉ. थानी ने हमारा गर्मजोशी से स्वागत किया। अबुधाबी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने भी काफी सहयोग किया। वहां लुलु मॉल ने हमारे साथ 3300 करोड़ रुपये का एमओयू किया है।

इसके तहत वो अयोध्या और वाराणसी समेत कुछ अन्य जगह भी अपने मॉल खोलेगा। वहीं, एलाना ग्रुप ने भी फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में निवेश का ऐलान किया है। लुलु मॉल के साथ सेल्फ हेल्प ग्रुप के लिए भी करार हुआ है, ताकि एसएचजी की महिलाओं द्वारा बनाया जा रहा प्रोडक्ट्स भी इन मॉल्स के माध्यम से लोगों तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री योगी ने ह्यहर हाथ को काम, हर चेहरे पर मुस्कानह्न का जो मंत्र दिया है, उसे हर हाल में सफल बनाना है। मेरी यूएई के निवेशकों से अपील है कि यूपी में आइए और निवेश कीजिए। योगी सरकार हर तरह से आपका समर्थन करती है। यूएई के मिनिस्टर ऑफ स्टेट एचई अहमद बिन अली अल सेझ ने कहा कि उत्तर प्रदेश के साथ हमारे म्यूचुअल रिलेशन हैं। हमने हाल ही में एक-दूसरे के साथ गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट सहयोग को आगे बढ़ाया है और मुझे उम्मीद है कि यह सहयोग नई ऊंचाइयों को छुएगा। हम उत्तर प्रदेश में परंपरागत निवेश के अलावा नए और उभरते क्षेत्रों पर भी फोकस कर रहे हैं। इनमें डिफेंस, स्पेस, फूड प्रोसेसिंग, एग्रीकल्चर प्रोसेसिंग, क्लाइमेट, ड्रोन टेक्नोलॉजी, लॉजिस्टिक समेत कई अन्य क्षेत्र शामिल हैं। इसी कड़ी में यूएई की कुछ कंपनियां उत्तर प्रदेश में फूड पार्क्स बनाने जा रही हैं। हमने लक्ष्य तय किया है कि अगले पांच वर्षों में यूएई का भारत के साथ कुल व्यापार 100 बिलियन डॉलर तक पहुंचेगा। पिछले साल भारत-यूएई आर्थिक संबंधों को मजबूती देने के लिए हमने आई टू, यू टू की शुरूआत की थी। यह काफी सफल रही थी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां वृंदावन योजना छेत्र में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ किया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान अलग-अलग सत्र आयोजित किये जा रहे हैं।

# झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा हुए रिटायर, दी गई विदाई



**रांची, (हि.स.)।** झारखंड के डीजीपी नीरज सिन्हा शनिवार को रिटायर हो गये। जैप वन ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें विभाग की ओर से परंपरा के अनुरूप विदाई दी गई। 1987 बैच के आइपीएस अधिकारी नीरज सिन्हा ने 12 फरवरी 2021 को झारखंड के डीजीपी के तौर पर पदभार ग्रहण किया था। जैप के जवानों ने अपने डीजीपी को सलामी दी। मौके पर डीजीपी नीरज सिन्हा ने कहा कि मेरा दिल हमेशा पुलिस के लिए ही धड़कता रहेगा। मैं झारखंड पुलिस के हर सुख दुख में शामिल रहूंगा। उन्होंने अपनी उपलब्धियों के लिए सभी का धन्यवाद किया। अपने संबोधन के दौरान वे भावुक भी हुए। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि वह रिटायरमेंट के बाद किताब लिखेंगे। एक साल बाद उसका प्रकाशन करेंगे। राजनीति में आने को लेकर जब उनसे सवाल पूछ गए तो डीजीपी नीरज सिन्हा ने राजनीति में जाने से साफ इंकार किया। उन्होंने कहा कि राजनीति में बोलना पड़ता है मैं कम बोलने वाला शख़्स हूं। उन्होंने बताया कि अपने नौकरी के दौरान परिवार से हमेशा डांट मिलती रही है लेकिन मैंने बड़े निष्ठा और ईमानदारी से अपने कार्य का निर्वाहन किया। विदाई समारोह में डीजी अजय कुमार सिंह, डीजी अनुराग गुप्ता, डीजी अनिल पालटा, एडीजी आरके मल्लिक, एडीजी प्रशांत सिंह, एडीजी मुरारीलाल मीणा, आईजी अभियान एवी होमकर, एसएसपी सहित कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि नीरज सिन्हा झारखंड राज्य बनने पर 25 नवंबर 2000 को रांची के पहले एसएसपी बनाये गये थे। इसके अलावा जैप-वन कमांडेंट, एसपी हजारीबाग, एसपी स्पेशल ब्रांच, रेंज डीआइजी हजारीबाग, आइजी एसटीएफ, एडीजी निगरानी, एडीजी स्पेशल ब्रांच सह विशेष सचिव गृह विभाग, एडीजी कम ओएसडी दिल्ली, एडीजी वायरलेस, डीजी वायरलेस, डीजी जैप, डीजी एसीबी के तौर पर उन्होंने राज्य में अपनी सेवा दी। नीरज सिन्हा का जन्म आठ जनवरी 1962 को साहिबगंज में हुआ था। इन्होंने साहिबगंज के संत जेवियर स्कूल से 1976 में मैट्रिक, 1977 में इन्हें नेशनल साइंस टैलेंट सर्च अवार्ड स्कॉलरशीप मिला। भारतीय पुलिस सेवा में आने के बाद एकीकृत बिहार में एएसपी पीरो, एएसपी पटना, एसपी जहानाबाद, एसपी जमुई, एसपी समस्तीपुर, एसपी आरा, बीएमपी-10 कमांडेंट, एसपी कटिहार, एसपी सीआइडी, एसपी नालंदा रहे हैं। मालूम हो कि झारखंड के नये डीजीपी कौन होंगे। इसपर अब तक मुहर नहीं लगी है। यूपीएससी के पैनल में तीन आईपीएस अधिकारियों का नाम हैं। इनमें 1989 बैच के आइपीएस अजय भटनागर, अजय कुमार सिंह और 1990 बैच के अनिल पाल्टा का नाम शामिल हैं। इन्हीं तीन में से किसी एक अधिकारी को झारखंड का नए डीजीपी बनाया जायेगा।

# लोक अदालत में मामलों के निस्तारण से पक्षकारों में वैमनस्यता सदा के लिए मिट जाती है : पीडीजे




**मेदिनीनगर, (हि.स.)।** लोक अदालत में मामले निस्तारण से पक्षकारों के बीच उत्पन्न वैमनस्यता सदा सर्वदा के लिए समाप्त हो जाता है। पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे ने कही। वे शनिवार को इस वर्ष के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। लोक अदालत का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे, कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्त्तण्ड प्रताप मिश्रा, डीजे प्रथम संतोष कुमार, डीजे चतुर्थ प्रेम नाथ पांडेय, डीजे पंचम अभिमन्यु कुमार, डीजे षष्टम अमरेश कुमार व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन न्यायिक दंडाधिकारी मिस अपेक्षा ने की। इस मौके पर सीजेएम निरुपम कुमार के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों और वकीलों सहित पीएलवी, कोर्ट कर्मी और वादकारी गण मौजूद थे।

# इलाजरत शिबू सोरेन से मिले राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक

**रांची, (हि.स.)।** मेदांता हॉस्पिटल में इलाजरत मुख्यमंत्री के पिता और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन से शनिवार को राजद के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मंत्री श्याम रजक ने मुलाकात की। श्याम रजक ने शिबू सोरेन का हाल-चाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन सरकार के अभिभावक हैं। झारखंड के बड़े नेता हैं। इनके अस्वस्थ होने से लोग चिंतित हैं।

ईश्वर गुरुजी को जल्द स्वस्थ करें, यहीं कामना करते हैं। उल्लेखनीय है कि शिबू सोरेन को गुरुवार को लंग्स और किडनी की शिकायत के बाद रांची के मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया था।

# कोडरमा से लापता सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिजा नन्दन प्रसाद का शव बरामद



**कोडरमा, (हि. स.)।** जिला मुख्यालय स्थित दूधीमाटी से गायब सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिजा नंदन प्रसाद (69 ) का शव शनिवार की सुबह बरामद किया गया। वे 31 जनवरी को लापता हुए थे और कोडरमा थाना में उनके अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। सुबह कोडरमा थाना अंतर्गत डंगरा पहाड़ के आगे जंगल में नाला के पास से उनका शव बरामद किया गया। उधर से गुजरते हुए लोगों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम पुलिस बल के साथ पहुंचे। वहां शव के पास कुर्ता और चश्मा और थोड़ी दूर मोबाइल बरामद किया गया। घटनास्थल पर शव देखने से प्रतीत हो रहा है कि नन्दन प्रसाद की हत्या की गयी है। सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि एक सप्ताह पहले ही उनकी मौत हो चुकी है। गिरिजा नन्दन प्रसाद के लापता होने के बाद उनके पुत्र आनंद किशोर के आवेदन पर कोडरमा थाना में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। किशोर ने अपने आवेदन में कहा कि उनके पिता गिरिजा नंदन प्रसाद 31 जनवरी को 11 बजे दिन अपने आवास से बाजार जाने के लिए निकले और उसके बाद से वापस नहीं लौटे हैं। उन्होंने आशंका जाहिर की है कि अज्ञात लोगों ने उनका अपहरण किया है। इस मामले को लेकर कोडरमा थाना में मामला दर्ज किया गया और एसआई इकबाल हुसैन को इस मामले में अनुसंधानकर्ता बनाया गया था।

# गया में जदयू नेता सुनील सिंह की डोली मारकर हत्या



**गया, (हि.स.)।** बिहार में गया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) नेता सुनील कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सलेमपुर मोहल्ला निवासी जदयू जिला उपाध्यक्ष सुनील सिंह शुक्रवार देर रात एक जन्मदिन की पार्टी में शामिल होकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वे घर के अंदर आये, तभी अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। हत्या का कारण संपत्ति विवाद बताया जा रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# मोटे अनाज की बढ़ी मांग, केन्द्र सरकार का इसकी खेती पर जोर




**मोतिहारी, (हि.स.)।** देश के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2023 को मोटे अनाज का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया है। इसके बाद मोटे अनाज की खेती के बढावा देने के लिए इस साल केन्द्रीय बजट में श्री अनाज के नाम से काफी जोर दिया गया है। प्राचीन काल में बिहार के ज्यादातर हिस्सो में मोटे अनाज की खेती काफी तादाद में की जाती रही है, हालांकि कालांतर में यह परंपरा लगभग विलुप्त सा हो गया था लेकिन मोदी सरकार इस साल कृषि के लिए किये बजटीय प्रावधान में मोटे अनाज के उत्पादन पर काफी जोर दिया है। लिहाजा मोटे अनाज में शामिल बाजरा, रागी, ज्वार, कोदो मडुआ, कंगनी, काकुन, चीना सावा, झंगोरा, कुटकी, लघु मिलेट और प्रोसो मिलेट के उत्पादन के लिए कई योजना पर कार्य शुरू किया जा रहा है। दरअसल मोटे अनाज बीजों वाली वार्षिक घासों की एक प्रजाति है। जो मानव स्वास्थ के लिए सबसे उपयुक्त माना जा रहा है। इस अनाज का उत्पादन उष्णकटिबंधीय, उपोष्णकटिबंधीय और समशीतोष्ण क्षेत्रों के शुष्क क्षेत्रों या सीमांत भूमि पर उगाई जा सकती है, साथ ही यह सिंचित और गैर सिंचित दोनो भूमी में समान रूप से उगाये जा सकते है। बताया जा रहा है,कि स्वास्थ्य के दृष्टि मोटे अनाज को बेहतर माने जाने के कारण दुनिया 131 देशों में इनकी मांग तेजी से बढी है। खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के अनुसार एशिया का सबसे बड़े मोटे अनाजों का उत्पादक भारत है, जो एशिया में उत्पादन का लगभग 80% और दुनिया के उत्पादन का लगभग 20% उत्पादित करता है। भारत में विश्व के औसत (1229 किग्रा/हेक्टेयर) की तुलना में अधिक (1239 किग्रा/हेक्टेयर) उपज होती है।ऐसे तो मोटे अनाज मुख्य रूप से महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में उगाया जाता है। मोटे अनाज मुख्य रूप से राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक में उगाया जाता है। जिसका प्रसार बिहार और यूपी जैसे राज्यो में बढाने पर सरकार जोर देने की योजना बना रही है। पूर्वी चंपारण जिले के पहाड़पुर प्रखंड स्थित परसौनी कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको ने मोटे अनाज के विभिन्न प्रजातियो का प्रत्यक्षण शुरू कर दिया है। केन्द्र के वैज्ञानिको ने बताया कि मोटे अनाज को दुनिया भर में स्वास्थ्य अनुकुल होने का प्रमाण मिला है। जिससे इसकी मांग काफी बढ गई है। इसमे कॉपर, मैंग्नीशियम फास्फोरस और मैंग्नीज जैसे पोषक तत्वों की प्रचुरता होने के साथ ही इसे ग्लूटिन फ्री माना गया है, वही मोटे अनाजों में नियोसिन भी प्रचुर मात्रा में होता है, जो मानव शरीर के लगभग 400 से अधिक एंजाइम प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करता है। वही मोटे अनाज के कुछ प्रजाति बीटा-कैरोटीन के अच्छे स्त्रोत है। जो मानव आंखों के लिए अच्छा माना गया है। वैज्ञानिको के अनुसार मोटे अनाज एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन "ए" के अग्रदूत के रूप में कार्य करता है,जो मानव शरीर को मुक्त कणों से लड़ने में सहायता करता है। वही मनुष्यों के अलावा जानवरों और पक्षियों के भोजन का भी एक प्रमुख स्त्रोत है। ऊर्जा और पोषण दोनों के मामले में मोटे अनाज बेजोड़ हैं। ऐसे में परसौनी कृषि वैज्ञानिको ने किसान भाईयो को मोटे अनाज खेती पर जोर देते हुए कहा है, कि कम खर्च में बेहतर उत्पादन व लाभ के लिए यह सबसे उपयुक्त है।

# बिहार के नालंदा में युवक की डोली मारकर हत्या

**बिहारशरीफ (हि.स.)।** बिंद थानाक्षेत्र के बस्ती पर गांव निवासी कमलेश यादव को अपराधियों ने सुबह गोली मारकर हत्या कर दी। घटनाक्रम की जानकारी में बताया गया है कि कमलेश यादव अपनी पूत्री की परीक्षा दिखी परीक्षा दिलवाने बाढ़ कालेज गया था वहीं वापस लौटने के क्रम में पूर्व से घात लगाए अज्ञात अपराधियों ने कमलेश यादव की पूत्री को गाड़ी पर से उतार कर ले जाने लगा जिसका उसने विरोध किया तो आक्रोश में अपराधियों ने गोली मारी दिया जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसे इलाज के लिए स्थानीय क्लिनिक में भर्ती कराया गया जहां गंभीर हालात को देखते हुए चिकित्सक ने उसकी बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बिहार शरीफ भेज दिया जहां रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बिंद थाना पुलिस को दी गरी। पुलिस सुचना पाकर घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में करके पोस्टमॉर्टम के लिए बिहिरशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गयी है।

## संपादकीय

# कन्वर्जन के विरुद्ध मैदान में जनजाति बंधु

**यह** जगजाहिर तथ्य है कि छल-बल से किए गए कन्वर्जन का शिकार सबसे अधिक अनुसूचित जनजाति वर्ग रहा है। ईसाई मिशनरीज ने एक और चालाकी दिखाई है कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के बंधुओं को कन्वर्ट करने के बाद कागजों में उन्हें जनजाति के तौर पर ही रहने दिया जाता है। वर्षों से अपना धर्म छोड़कर दूसरे संप्रदाय में गए जनजाति वर्ग के लोग अनुसूचित जनजाति वर्ग के अधिकारों का हनन करते हैं। संविधान और सरकार की ओर से अनुसूचित जनजाति वर्ग को दी जानेवाली सुविधाओं का लाभ कन्वर्ट होने के बाद भी लोग उठाते हैं, यह एक प्रकार से जनजाति वर्ग के बंधुओं के हितों पर डाका डालने जैसा है। अपने अधिकारों के हनन की इस चालाकी के विरुद्ध अब जनजाति वर्ग के बंधु उठ खड़े हुए हैं। भोपाल के भेल दशहरा मैदान में शुक्रवार जनजातीय बंधुओं ने इस अन्याय के विरुद्ध अपनी एकजुटता दिखाई। जनजातीय वर्ग के अधिकारों से जुड़े इस मुद्दे पर उन समूहों, विद्वानों एवं संस्थाओं की चुप्पी भी ध्यान में रखनी चाहिए, जो स्वयं को इस वर्ग की हितैषी के रूप में प्रस्तुत करती हैं। वैसे तो सबको ध्यान ही है कि ये सब ताकतें जनजातीय वर्ग को हिन्दू धर्म से अलग दिखाने के लिए ही अपना पूरा जोर लगाती हैं। उन्हें जनजातीय वर्ग के अधिकारों और उनकी परंपराओं के संरक्षण से कोई लेना-देना नहीं है। जनजातीय वर्गों का कन्वर्जन करनेवाली ईसाई एवं इस्लामिक संस्थाओं के विरुद्ध उन्होंने कभी कोई प्रतिकार किया हो, ऐसा ध्यान में नहीं आता है। जबकि यह स्थापित सत्य है कि कन्वर्जन के खेल में शामिल ताकतें जनजातीय बंधुओं की धार्मिक पहचान ही नहीं बदलती हैं, अपितु उनकी पूजा-पद्धति से लेकर मान्यताओं एवं परंपराओं से भी उन्हें दूर करती हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जनजातीय बंधुओं की भारी संख्या बता रही है कि अब यह वर्ग अपने अधिकारों एवं अपनी पहचान के प्रति सचेत हो रहा है। उनकी स्पष्ट माँग है कि जिन लोगों ने अपना संप्रदाय बदल लिया है, उन्हें जनजातीय वर्ग को दी जानेवाली सुविधाओं का कोई लाभ नहीं मिलना चाहिए। जिन्होंने अपनी परंपरा एवं उपासना पद्धति बदल ली है, उन्हें जनजातीय वर्ग से अलग किया जाना चाहिए क्योंकि कन्वर्जन के बाद वे जनजातीय रह ही नहीं जाते हैं। हमें यह जरूर याद रखना चाहिए कि डीलिस्टिंग की यह कोई नयी माँग नहीं है। इस अव्यवस्था से जनजातीय वर्ग पहले से पीड़ति है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और तत्कालीन सांसद बाबू कार्तिक उरांव के 1967 में ही इसके लिए आवाज उठानी शुरू कर दी थी। उन्होंने संसद के पटल पर भी यह विधेयक प्रस्तुत किया था लेकिन उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। जैसा कि विगत दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी लोकसभा में कहा था कि पूर्ववर्ती सरकारें समस्याओं के स्थायी समाधान देने की जगह मुद्दों को लटकाने का काम करती रही हैं। इस मुद्दे पर भी तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अनिर्णय की स्थिति बनाये रखी। इसके बाद इस संबंध में जनजाति सुरक्षा मंच ने भी 28 लाख जनजाति बंधुओं के हस्ताक्षर वाला पत्र तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल को सौंपा था, लेकिन तब भी कोई समाधान नहीं निकला। अब चूँकि केंद्र में एक दूरदर्शी एवं कठोर निर्णय लेनेवाली सरकार है, इसलिए उम्मीद है कि निकट भविष्य में इस मुद्दे पर कोई ठोस निर्णय हो जाए। निःसंदेह, डीलिस्टिंग की आवश्यकता है क्योंकि यह जनजातीय वर्ग के संरक्षण एवं उसके अधिकारों को सुनिश्चित करेगा। संविधान ने जो प्राविधान जनजातीय वर्ग के बंधुओं के लिए सुरक्षित किए हैं, उनका लाभ कन्वर्ट (धर्मान्तरित) व्यक्ति को क्यों मिलना चाहिए, यह न्याय संगत नहीं है।

ईसाई एवं इस्लामिक संस्थाओं के विरुद्ध उन्होंने कभी कोई प्रतिकार किया हो, ऐसा ध्यान में नहीं आता है। जबकि यह स्थापित सत्य है कि कन्वर्जन के खेल में शामिल ताकतें जनजातीय बंधुओं की धार्मिक पहचान ही नहीं बदलती हैं, अपितु उनकी पूजा-पद्धति से लेकर मान्यताओं एवं परंपराओं से भी उन्हें दूर करती हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जनजातीय बंधुओं की भारी संख्या बता रही है कि अब यह वर्ग अपने अधिकारों एवं अपनी पहचान के प्रति सचेत हो रहा है। उनकी स्पष्ट माँग है कि जिन लोगों ने अपना संप्रदाय बदल लिया है, उन्हें जनजातीय वर्ग को दी जानेवाली सुविधाओं का कोई लाभ नहीं मिलना चाहिए। जिन्होंने अपनी परंपरा एवं उपासना पद्धति बदल ली है, उन्हें जनजातीय वर्ग से अलग किया जाना चाहिए क्योंकि कन्वर्जन के बाद वे जनजातीय रह ही नहीं जाते हैं। हमें यह जरूर याद रखना चाहिए कि डीलिस्टिंग की यह कोई नयी माँग नहीं है। इस अव्यवस्था से जनजातीय वर्ग पहले से पीड़ति है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और तत्कालीन सांसद बाबू कार्तिक उरांव के 1967 में ही इसके लिए आवाज उठानी शुरू कर दी थी। उन्होंने संसद के पटल पर भी यह विधेयक प्रस्तुत किया था लेकिन उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया। जैसा कि विगत दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी लोकसभा में कहा था कि पूर्ववर्ती सरकारें समस्याओं के स्थायी समाधान देने की जगह मुद्दों को लटकाने का काम करती रही हैं।

## अमृत कलश

# मैं ईसा का बाप

**भारत** के प्रसिद्ध संत स्वामी रामतीर्थ पानी के जहाज से अमेरिका जा रहे थे। उसी जहाज में किसी देश का बादशाह सवार था। रामतीर्थ जी बडी मौज वाले संत थे। अचानक उन्हें मौज आयी और वे बोले, 'ऐ एक जहाज में दो बादशाह नहीं जा सकते।' उनकी बात सुनकर बादशाह को बेहद आश्चर्य हुआ। साधारण वेशभूषा के एक इंसान की यह बात सुनकर उसने बडे व्यंग्य से कहा, 'कहां के बादशाह है, आप ? 'पूरी सृष्टि का।' उसी मौज में साधु ने जवाव दिया 'लेकिन' राजा बोला, 'मेरे राज्य में मेरा हुकुम चलता और आपका ?' रामतीर्थ ने फिर से मौज में ही जबाब दिया और मेरा हुकुम पूरी सृष्टि पर चलता है। ये सूरज, धरती, चांद, तारे सब मेरी आज्ञा का पालन करते हैं। बेहद दुस्साहस भरी यह बात सुनकर बादशाह चकित रह गया। उससे कुछ बोलते न बना। अपनी बात की पुष्टि के लिये रामतीर्थ ने ऊर्ध्व ( केन्द्रसत्ता ) में ध्यान स्थिर किया और सधे स्वर में बोले, सब वहीं के वहीं ठहर जाओ। 'सभी सूर्य, चांद, तारे आदि अपनी-अपनी कक्षा में स्थिर हो गये। तीन घन्टे सृष्टि रुकी रही। तब रामतीर्थ की आज्ञा के बाद फ़िर से आगे बढ़ी। बादशाह उनके पैरों पर गिर पड़ा। इसी क्रम में रामतीर्थ जब अमेरिका आदि देशों में पहुंचे तो उनकी वाणी आदि सुनकर चमत्कृत होकर लोग कहने लगे-ईसा आ गये। ईसा दोबारा आ गये। रामतीर्थ ने कहा- ठहरो, मैं ईसा नहीं। ईसा का बाप हूं ?'

## बोध कथा

# इच्छापूर्ति वृक्ष

**एक** घने जंगल में एक इच्छापूर्ति वृक्ष था। उसके नीचे बैठ कर किसी भी चीज की इच्छा करने से वह तुरंत पूरी हो जाती थी। यह बात बहुत कम लोग जानते थे, क्योंकि उस घने जंगल में जाने की कोई हिम्मत ही नहीं करता था। एक बार संयोग से एक थका हुआ इंसान उस वृक्ष के नीचे आराम करने के लिये बैठ गया उसे पता ही नहीं चला कि कब उसकी नींद लग गई। जब वह जागा तो उसे बहुत भूख लग रही थी। उसने आस पास देखकर कहा, काश ! कुछ खाने को मिल जाये। तत्काल स्वादिष्ट पकवानों से भरी थाली हवा में तैरती हुई उसके सामने आ गई। उस इंसान ने भरपेट खाना खाया। भूख शांत होने के बाद सोचने लगा। काश कुछ पीने को मिल जाये। तत्काल उसके सामने हवा में तैरते हुए कई तरह के शरबत आ गये। शरबत पीने के बाद वह आराम से बैठ कर सोचने लगा, कहीं मैं सपना तो नहीं देख रहा हूँ। हवा में से खाना पानी प्रकट होते पहले कभी नहीं देखा, न ही सुना। जरूर इस पेड़ पर कोई भूत रहता है जो मुझे खिला पिला कर बाद में मुझे खा लेगा ऐसा सोचते ही तत्काल उसके सामने एक भूत आया और उसे खा गया।

## भारत में राष्ट्रीय स्तर पर या कई राज्यों में विपक्ष का व्यवहार निराश करने वाला है

# क्यों अमृतकाल को धूंधलाने में लगा है विपक्ष?

ललित गर्ग

सरकार की रणनीतियां एवं योजनाएं भी उसी को केन्द्र में रखकर बन रही है। लेकिन बड़ी विडम्बना है कि समूचा पिवक्ष अमृतकाल को धूंधला में लगा है। अमृत काल को अमृतमय बनाने में पिवक्ष की जिम्मेदारपूर्ण भूमिका की अपेक्षा की जा रही है, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं दिख रहा है, क्योंकि उसने अपनी दिशाहीनता की स्थिति को ही बार-बार उजागर किया है, बजट सत्र में यह बात स्पष्ट हो गयी है। यह कैसी राजनीति है, यह कैसा पिवक्ष की जिम्मेदारियां का प्र दर्शन है, जिसमें अपनी राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने के नाम पर नये भारत को निर्मित करने, जनता के हितों एवं अमृतकाल की उपेक्षा की जा रही है।भारतीय लोकतंत्र के सम्मुख एक ज्वलंत प्र श्न उभर के सामने आया है कि क्या भारतीय राजनीति पिवक्ष विहीन हो गई है? पिवक्ष पूर्णत: छिन्न-भिन्न होकर इतना कमजोर एवं निस्तेज नजर आ रहा है कि सशक्त या ठोस राजनीतिक विकल्प की संभावनाएं मृत प्रा य: लग रही हैं।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार की नजर अमृतकाल पर है, उन्होंने 'नए भारत' 'सशक्त भारत' की नींव रखी है, जो अपनी स्वाधीनता के सौवें वर्ष 2047 में साकार होगा। हालही में प्रस्तुत बजट 'अमृत काल' को सबसे अच्छे ढंग से रेखांकित करता है। सरकार की रणनीतियां एवं योजनाएं भी उसी को केन्द्र में रखकर बन रही है। लेकिन बड़ी विडम्बना है कि समूचा विपक्ष अमृतकाल को धूंधला में लगा है। अमृत काल को अमृतमय बनाने में विपक्ष की जिम्मेदारपूर्ण भूमिका की अपेक्षा की जा रही है, लेकिन ऐसा होने वाला नहीं दिख रहा है, क्योंकि उसने अपनी दिशाहीनता की स्थिति को ही बार-बार उजागर किया है, बजट सत्र में यह बात स्पष्ट हो गयी है। यह कैसी राजनीति है, यह कैसा विपक्ष की जिम्मेदारियां का प्रदर्शन है, जिसमें अपनी राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने के नाम पर नये भारत को निर्मित करने, जनता के हितों एवं अमृतकाल की उपेक्षा की जा रही है। भारतीय लोकतंत्र के सम्मुख एक ज्वलंत प्रश्न उभर के सामने आया है कि क्या भारतीय राजनीति विपक्ष विहीन हो गई है? विपक्ष पूर्णतः छिन्न-भिन्न होकर इतना कमजोर एवं निस्तेज नजर आ रहा है कि सशक्त या ठोस राजनीतिक विकल्प की संभावनाएं मृत प्रायः लग रही हैं। इतना ही नहीं, विपक्ष राजनीति ही नहीं, नीति विहीन भी हो गया है? यही कारण है कि आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर तक पहुंचते हुए राजनीतिक सफर में विपक्ष की इतनी निस्तेज, बदतर एवं विलोपपूर्ण स्थिति कभी नहीं रही। इस तरह का माहौल लोकतंत्र के लिये एक चुनौती एवं विडम्बना है। इस दृष्टि से विचार करें तो भारत में राष्ट्रीय स्तर पर या कई राज्यों में विपक्ष का व्यवहार निराश करने वाला है। विपक्षी दल और नेता भाजपा को पराजित तो करना चाहते हैं, मोदी की लगातार सशक्त होती छवि एवं स्थिति को कमजोर करना चाहते हैं पर समझ नहीं पा रहे कि किन मुद्दों को लेकर संघर्ष करें और जनता के बीच जाएं। न उनके पास प्रभावी मुद्दे हैं और न मुद्दों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का माद्दा है। भला भाजपा को ब्राह्मणवादी या दलित-पिछड़ा विरोधी साबित कर स्वयं को इनका झंडाबरदार बताने या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को निशाने पर लेने या अडाणी जैसे उद्योगपतियों पर बेवजह संदेह करने से वे विपक्षी धर्म का पालन नहीं कर पायेंगे। विपक्षी सांसदों ने प्रधानमंत्री के संबोधन के समय लगातार नारेबाजी करके यही सिद्ध किया कि उनके पास न



तो कहने को कुछ सार्थक है और न ही सुनने को। अपने हंगामे के पक्ष में विपक्षी सांसदों के पास कुछ तर्क हो सकते हैं, लेकिन उन्होंने खीझ पैदा करने वाली अपनी नारेबाजी से प्रधानमंत्री के इस कथन को सही साबित किया कि एक अकेला कितनों पर भारी पड़ रहा है। एक समय मुसलमानों, ईसाइयों जैसे अल्पसंख्यकों में संघ और भाजपा के विरुद्ध डर पैदा कर उनका ध्रुवीकरण किया जाता था। इन्हें ऊंची जाति का हिमायती बताकर पिछड़ों और दलितों के एक समूह को लुभाया जाता था। कहां है प्रभावी विपक्ष, कहां है देशहित के मुद्दे। विपक्ष की कोशिश हर हाल में भाजपा, संघ और प्रधानमंत्री को उद्योगपतियों का हितैषी, मुसलमानों-दलितों-आदिवासियों का विरोधी तथा सवर्ण जातियों का समर्थक साबित करने की प्रतीत होती है। क्या इन मुद्दों के आधार पर विपक्ष भाजपा को कमजोर करने में सफल हो पाएगा? यह भारत का दुर्भाग्य है कि वर्तमान विपक्ष का बड़ा समूह अभी भी देश में हो रहे सकारात्मक बदलाव एवं विकास को समझने में विफल है। इस कारण विपक्षी दल एवं उसके नेता राजनीति को वहां ले जाना चाहते हैं जिनसे भारत अब काफी आगे निकल चुका है। गुजरात दंगों पर बीबीसी की रिपोर्ट को हर हाल में दिखाने पर तुले और संपूर्ण विपक्ष द्वारा इसे मुद्दा बनाए जाने के बावजूद गैर मुस्लिमों को तो छोड़िए आम मुसलमान भी भाजपा के विरुद्ध आक्रामक होकर सामने आते नहीं दिखे। क्यों? बिहार और उत्तर प्रदेश में रामचरितमानस को निचली जातियों का विरोधी बताना क्या है? अब भारत ऐसे संकीर्ण एवं साम्प्रदायिक आग्रहों से, धर्म, जाति, वर्ग, भाषा के विवादों से बाहर आकर विकास पर अपना ध्यान केन्द्रित किये हुए है, देश की जनता और अल्पसंख्यक समुदाय भी विकास चाहते हैं, भारत को शक्तिशाली बनते हुए देखना चाहते हैं। आमजन समझ चुके हैं कि भारत को अगर विश्व की प्रमुख आर्थिक शक्ति बनना है तो उसमें हमारे उद्योगपतियों की अहम भूमिका होगी। इसलिये अडाणी के नाम पर मोदी को दागी बनाने की विपक्ष की कुचेष्ठाओं एवं षड़यंत्रों के तमाम प्रयासों के बाद भी जनता उद्वेलित नहीं है। विपक्ष जनता को यह समझाने में भी नाकाम रहा है कि अदाणी समूह के कारण जनता के हित या सरकारी बैंकों का निवेश खतरे में पड़ गए हैं। अदाणी समूह के मामले को विपक्ष जिस तरह पेश कर रहा है, उससे यदि कुछ स्पष्ट हो रहा है तो यही कि वह सरकार को घेरने के लिए राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद और पेगासस जासूसी प्रकरण की तरह से एक और मामला खोज लाया है। यह मामला भी राफेल और पेगासस की तरह टांय-टांय फिस्स हो गया। हाल ही बजट-सत्र में मोदी का उद्बोधन विपक्ष पर करारा तमाचा है, मोदी ने बच्चों को पाठ पढ़ाने की मुद्रा में विपक्ष को अनेक नसीहतें दी, लेकिन यह कहना कठिन है कि विपक्ष प्रधानमंत्री की किसी नसीहत पर ध्यान देगा, लेकिन उन्होंने यह सही कहा कि जितना कीचड़ उछालोगे, उतना ही कमल खिलेगा। विपक्ष को यह आभास हो जाए तो अच्छा कि झूठ के पांव नहीं होते। विपक्ष ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हुई चर्चा को जिस तरह अदाणी समूह तक केंद्रित करने की रणनीति बनाई, उसे प्रधानमंत्री ने पहले लोकसभा में नाकाम किया और फिर राज्यसभा में। उन्होंने इस मामले में विपक्ष के सवालों पर सीधे तौर पर कुछ न कहकर यही संदेश दिया कि इस मसले पर सरकार को नहीं घेरा जा सकता। क्योंकि आज हिंदुत्व और हिंदुत्व केंद्रित राष्ट्रवाद के चलते देश की सत्ता और राजनीति में कुछ व्यावहारिक एवं सकारात्मक रूपांतरण आया है। आर्थिक-सामाजिक-सांस्कृतिक विकास तथा रक्षा-सुरक्षा-विज्ञान, शिक्षा-चिकित्सा के मोर्चे पर व्यापक कार्यों से जमीनी यथार्थ भी बदला है, देश सशक्त हुआ है, आतंकवाद एवं हिंसा पर नियंत्रण ने जनता के बीच अमन एवं शांति का वातावरण बनाया है। जम्मू-कश्मीर में हर दिन होने वाली आतंकवादी एवं हिंसा की घटनाएं अब कहां देखने को मिलती है? देश में भी बार-बार होने वाले आतंकी हमले, साम्प्रदायिक हिंसा अब कहां है? विपक्ष की संकीर्ण राजनीति के अलावा कहीं भी हाहाकार का दृश्य नहीं दिख रहा। स्वयं राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा में सरकार के विरुद्ध करने के लिए भाषण दिए।

# रोजगार के लिए बांस रोपण को बढ़ावा मिले

2023 में यह मात्रा बढ़ा कर 10 फीसदी और 2030 तक 20 फीसदी करने का निर्णय हुआ है। इस मिश्रित ईंधन को फ्लेक्स ईंधन कहा जा रहा है। एथनोल जैविक ईंधन है जिसे वर्तमान में गन्ने के अवशेषों, खासकर शीरे से बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त चुकंदर, मक्का से भी एथनोल बनाया जा रहा है। कोशिश की जा रही है कि एथनोल की मात्रा वाहन ईंधन में बढ़ते-बढ़ते 85 फीसदी और 100 फीसदी तक की जाए, किन्तु इसके लिए एथनोल उत्पादन को बहुत ज्यादा बढ़ाने की जरूरत होगी, जो गन्ने या अन्य फसलों से संभव नहीं होगा। अत: कृषि अवशेषों का प्रयोग करने के प्रयास हो रहे हैं। धान का पुआल या वनों में बेकार पड़े ईंधन या अन्य अवशेषों का प्रयोग करके भारी मात्रा में एथनोल उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है, जिससे इन अवशेषों को जला कर छुटकारा पाने के कारण होने वाले प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी और पेट्रोलियम आयात का खर्च भी कम होगा। एथनोल जैविक ईंधन है जिससे वायु प्रदूषण भी नहीं होता है और इससे किसानों को फसलों के बेकार अवशेषों से अच्छी आय भी प्राप्त हो सकेगी।

**भारतवर्ष** में पेट्रोलियम मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2019-20 में पेट्रोलियम पदार्थों की खपत 21.41 करोड़ टन रही। इस पर भारी खर्च वहन करना पड़ता है। पेट्रोलियम आयात पर खर्च घटाने और स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देने की दोहरी चुनौती देश के सामने है। इसीलिए भारत सरकार पेट्रोल में पेट्रोलियम पदार्थों की खपत कम करने के लिए 5 फीसदी एथनोल मिला रही है। 2023 में यह मात्रा बढ़ा कर 10 फीसदी और 2030 तक 20 फीसदी करने का निर्णय हुआ है। इस मिश्रित ईंधन को फ्लेक्स ईंधन कहा जा रहा है। एथनोल जैविक ईंधन है जिसे वर्तमान में गन्ने के अवशेषों, खासकर शीरे से बनाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त चुकंदर, मक्का से भी एथनोल बनाया जा रहा है। कोशिश की जा रही है कि एथनोल की मात्रा वाहन ईंधन में बढ़ते-बढ़ते 85 फीसदी और 100 फीसदी तक की जाए, किन्तु इसके लिए एथनोल उत्पादन को बहुत ज्यादा बढ़ाने की जरूरत होगी, जो गन्ने या अन्य फसलों से संभव नहीं होगा। अतः कृषि अवशेषों का प्रयोग करने के प्रयास हो रहे हैं। धान का पुआल या वनों में बेकार पड़े ईंधन या अन्य अवशेषों का प्रयोग करके भारी मात्रा में एथनोल उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है, जिससे इन अवशेषों को जला कर छुटकारा पाने के कारण होने वाले प्रदूषण से भी मुक्ति मिलेगी और पेट्रोलियम आयात का खर्च भी कम होगा।



एथनोल जैविक ईंधन है जिससे वायु प्रदूषण भी नहीं होता है और इससे किसानों को फसलों के बेकार अवशेषों से अच्छी आय भी प्राप्त हो सकेगी। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड में इसी दिशा में एक और संभावना के द्वार भी खुलते हुए दिख रहे हैं। यह है बांस से एथनोल बनाना। एथनोल बनाने के लिए अधिक मात्रा में सेलुलोस की जरूरत होती है। बांस में 45 से 50 फीसदी तक सेलुलोस होता है। बांस से गन्ने और मक्का के मुकाबले आठ गुणा एथनोल बनाया जा सकता है और गन्ने के मुकाबले पानी की जरूरत चौथा हिस्सा ही होती है। हिमाचल और उत्तराखंड के तराई वाले जिलों में बांस किसानों द्वारा अपनी जरूरत के लिए उगाया भी जा रहा है, किन्तु एथनोल उत्पादन के लिए बड़े पैमाने पर बांस रोपण कार्य करने की जरूरत होगी। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बहुत सी चरागाहें लैंटाना जैसी घातक खरपतवारों की चपेट में आ चुकी हैं। इन खरपतवारों से पार पाना कठिन होता जा रहा है। यदि इन खरपतवार से त्रस्त वन भूमियों में बड़े पैमाने पर बांस रोपण किया जाए तो बांस खरपतवारों को दबा कर ऊपर बढ़ सकता है और पूरी फसल दे सकता है। इससे खरपतवार नियंत्रण के साथ एक नई आर्थिक रूप से लाभकारी गतिविधि शुरू की जा सकेगी जो बड़े स्तर पर रोजगार पैदा करेगी। बांस बहु उद्देश्यीय पौधा है। इससे चारा भी मिलेगा, यह बढिया भूसंरक्षण करेगा, एथनोल से पर्यावरण मित्र ईंधन मिलेगा, स्थानीय दस्तकारी के लिए कच्चा माल, लघु इमारती लकड़ी और आक्सीजन उत्पादन का लाभ भी मिलेगा। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कई इलाकों में बन्दर, सूअर आदि वन्यपशुओं द्वारा नुकसान के कारण या अन्य कई कारणों से बहुत सी जमीनें खाली पड़ी हैं जिनमें किसान खेती नहीं कर रहे हैं। ऐसी जमीनों को भी बांस रोपण के अधीन ला कर पर्याप्त कच्चा माल पैदा किया जा सकता है। एक अनुमान के अनुसार 1500 हेक्टेयर क्षेत्र में बांस उत्पादन करके 60000 टन बांस प्रति वर्ष पैदा किया जा सकता है जिससे 30000 लीटर प्रतिदिन एथनोल पैदा हो सकता है। महाराष्ट्र के गढ़ चिरौली और नन्दुवार जिलों में उपरोक्त क्षमता की बांस से एथनोल बनाने वाली इकाई की स्थापना की जा रही है। इससे किसानों को बेकार पड़ी जमीन से अच्छी आय प्राप्त हो सकती है। बांस को वन्यपशु भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकते हैं। केंद्र सरकार ने बांस को घास की श्रेणी में रख दिया है जिससे इसकी बिक्री में आने वाली बाधा भी अब नहीं है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्तर पर बम्बू मिशन शुरू किया है, किन्तु पर्वतीय क्षेत्रों ने इस योजना का पर्याप्त लाभ नहीं उठाया है। निजी क्षेत्र के उद्योगों को एथनोल उत्पादन इकाइयां लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बांस उत्पादन में भी निवेश करने के लिए जोड़ा जा सकता है। एथनोल कार्बन प्रचूषण के लिए भी बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। स्वच्छ ईंधन और पेट्रोलियम आयात के महंगे धंधे से बचने का मार्ग भी इसी से निकलेगा। वाहनों द्वारा फैलने वाले धुएं से निजात पाने के लिए सरकार फ्लेक्स ईंधन के लिए उपयुक्त इंजन विकसित करने के लिए वाहन उद्योग पर भी दबाव बना रही है। फ्लेक्स ईंधन एथनोल मिश्रित ईंधन को कहा जाता है। हिमाचल और उत्तराखंड की सरकारें इस दिशा में उद्योग नीति को सक्रिय करें तो चार-पांच सालों में एक बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। बांस रोपण को बड़े पैमाने पर विशेष परियोजना बना कर बढ़ाने के लिए बांस की पौध की बड़ी मात्रा में जरूरत होगी। यह भी ध्यान रखना होगा कि बांस की कौनसी किस्में ज्यादा सेलुलोस दे सकती हैं। उन्हीं का रोपण करना होगा। वन विभाग, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, आईएचबीटी पालमपुर और इच्छुक उद्योग एक मंच पर आकर इस कार्य को सुगमता से कर सकते हैं। इस कार्य में निवेश किसी के लिए भी घाटे का सौदा नहीं हो सकता क्योंकि एथनोल की मांग लगातार बढ़ती ही जाएगी और बनी रहेगी। इस वर्ष के बजट में बांस रोपण परियोजना को स्थान देकर शुरुआत की जानी चाहिए। साथ-साथ केंद्र सरकार से एथनोल प्लांट लगाने के लिए पक्ष प्रस्तुति करनी चाहिए ताकि समय आने पर बांस के उत्पादन को लाभकारी मूल्य पर खरीद की व्यवस्था बन सके।

## नागरिक बोध

# तुर्किये व सीरिया के भूकंप के सबक

**तुर्किये** और सीरिया में आये भयावह भूकंप से हुए महाविनाश में मृतकों की संख्या 17 हजार से अधिक हो चुकी है। इस तरह के बड़े भूकंप से हुई तबाही का दुनिया के कई देशों के साथ भारत को भी अनुभव रहा है। भूकंप की भविष्यवाणी तो नहीं की जा सकती है, लेकिन जान-माल की हानि को रोकने के उपाय हम अवश्य कर सकते हैं। इस संबंध में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। यह हमारे देश में आपदा प्रबंधन के लिए सबसे प्रमुख संस्था है। प्राधिकरण के दिशा-निर्देश का उद्देश्य है कि जब भूकंप आये, तो जोखिम और नुकसान कम-से-कम रहे। यह दिशा-निर्देश प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है। निर्देशों में सबसे अहम है कि भूकंपरोधी इमारतों, विशेष रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में, का निर्माण हो। तुर्किये से ऐसी कुछ खबरें आयी हैं कि कई इमारतों को भूकंपरोधी तो बताया गया था, पर वास्तव में उनके निर्माण में निर्धारित प्रक्रियाओं का ठीक से पालन नहीं किया गया था। जापान में इस तरह की इमारतें हैं, जो भूकंप के झटके लगने पर मुड़ जाती हैं, ध्वस्त नहीं होतीं। उन्हें बाद में सीधा कर दिया जाता है। इससे जान-माल का नुकसान नहीं होता या बहुत ही कम होता है। भारत में भी उस तरह की तकनीक और डिजाइन का इस्तेमाल कर इमारतों को बनाने के नियम हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि उनका पालन सख्ती से नहीं किया जाता है। ऐसे में अगर अधिक तीव्रता का भूकंप आ जाए, तो हमें भारी बर्बादी का सामना करना पड़ सकता है। इसीलिए विशेषज्ञ बार-बार यह कहते रहे हैं कि निर्देशों और मानकों के पालन में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए. उत्तर भारत से लेकर पूर्वोत्तर भारत तक समूचा हिमालयी क्षेत्र भूकंप की आशंका के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। हमें यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि यह पूरा इलाका घनी आबादी का क्षेत्र भी है। हिमालय दुनिया का सबसे युवा पहाड़ है और हिमालयी क्षेत्र में भूकंप के झटके अक्सर आते भी रहते हैं। यह पहाड़ नरम पत्थरों से बना हुआ है। अगर इस इलाके में थोड़ी तीव्रता का भूकंप भी बड़े पैमाने पर भू-स्खलन का कारण बन सकता है।

## देश दुनीया से

# अल्पसंख्यकों का असली पैरोकार भारत

**पश्चिमी** मीडिया के प्रायोजित तमाम दुष्प्रचार के प्रयासों के बाद भी भारत ने यह साबित कर दिया है कि अल्पसंख्यक देश में न सिर्फ सुरक्षित हैं, बल्कि तरक्की की राह पर हैं। वैश्विक अल्पसंख्यकों पर सेंटर फॉर पॉलिसी एनालिसिस की एक रिपोर्ट में धार्मिक अल्पसंख्यकों के प्रति समावेशी उपायों के लिए भारत को 110 देशों में नंबर एक के रूप में स्थान दिया गया है। रिपोर्ट में भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों की सबसे अच्छी स्थिति बताई गई है। इसके बाद दक्षिण कोरिया, जापान, पनामा और अमेरिका का स्थान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मालदीव, अफगानिस्तान और सोमालिया सूची में सबसे नीचे हैं। यूके और यूएई 54वें और 61वें स्थान पर हैं। सीपीए रिपोर्ट के अनुसार भारत की अल्पसंख्यक नीति विविधता बढ़ाने पर जोर देती है। भारत के संविधान में संस्कृति और शिक्षा में धार्मिक अल्पसंख्यकों की उन्नति के लिए विशेष प्रावधान हैं। रिपोर्ट के अनुसार किसी अन्य संविधान में भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों को बढ़ावा देने के लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि कैसे, कई अन्य देशों के विपरीत, भारत में किसी भी धार्मिक संप्रदाय पर कोई प्रतिबंध नहीं है। मॉडल की समावेशिता और कई धर्मों और उनके संप्रदायों के खिलाफ भेदभाव की कमी के कारण संयुक्त राष्ट्र भारत की अल्पसंख्यक नीति को अन्य देशों के लिए एक मॉडल के रूप में उपयोग कर सकता है। पिछले दिनों बीबीसी ने गोधरा कांड को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दुष्प्रचार का प्रयास किया था। इस रिपोर्ट ने दुष्प्रचार का नकाब हटा दिया है। रिपोर्ट यह बताती है कि भारत अल्पसंख्यकों के लिए सिर्फ सुरक्षित ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में सर्वाधिक सुरिक्षत देशों में पहले स्थान पर है। ऐसे में केंद्र सरकार का यह डर कि बीबीसी की रिपोर्ट भारत की धार्मिक सहिष्णुता की छवि को नुकसान पहुंचाएगी, महज कोरी कल्पना साबित हुई। इस रिपोर्ट से जाहिर है कि केंद्र सरकार को ऐसे कुत्सित प्रयासों से चिंतित होने की जरूरत नहीं है। ऐसे प्रयासों को सख्ती से दबाने से उल्टा संदेश यह जाता है कि जरूर कुछ दाल में काला है, जिस पर सरकार पर्दा डालने का प्रयास कर रही है। यदि सरकार ने कुछ गलत नहीं किया है तो इसमें डरने की जरूरत नहीं है। इसके विपरीत अपने निर्णयों पर सरकार को दृढ़ता से खड़ा नजर आना चाहिए। सरकार को ऐसे मुद्दों को सकारात्मकता से लेते हुए यह प्रचार करना चाहिए कि किस तरह देश में धर्म, जाति या संप्रदाय के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता। दरअसल तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले नेताओं को बाल की खाल निकालने की आदत पड़ गई है। विपक्षी दलों का यही प्रयास रहता है कि ऐसे मुद्दों पर सरकार को घेर कर वोटों का ध्रुवीकरण किया जा सके। विपक्षी दल ऐसा कोई मौका नहीं छोडऩा चाहते जिससे उनका अल्पसंख्यक-दलित वोट बैंक मजबूत हो। विपक्षी दल यह भूल जाते हैं कि ऐसे प्रयास देश की एकता-अखंडता को कमजोर करने के साथ भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को भी प्रभावित करते हैं। भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिगाडऩे की सुनियोजित साजिश पूर्व में भी रची जाती रही है। अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने वर्ष 2021 में जारी रिपोर्ट में भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति को काफी खराब बताया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत सरकार ने नीतियों के प्रचार और प्रवर्तन को बढ़ाया, जिसमें हिंदू-राष्ट्रवादी एजेंडे को बढ़ावा देना शामिल है, जिसने मुसलमानों, ईसाइयों, सिखों, दलितों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

सीपीए रिपोर्ट के अनुसार भारत की अल पसंख यक नीति विविधता बढ़ाने पर जोर देती है। भारत के संविधान में संस्कृति और शिक्षा में धार्मिक अल पसंख यकों की उन्नति के लिए विशेष प्रा वधान हैं। रिपोर्ट के अनुसार किसी अन्य संविधान में भाषाई और धार्मिक अल पसंख यकों को बढ़ावा देने के लिए कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है। रिपोर्ट इस बात पर प्र काश डालती है कि कैसे, कई अन्य देशों के पिवरीत, भारत में किसी भी धार्मिक संप्र दाय पर कोई प्रतिबंध नहीं है। मॉडल की समावेशिता और कई धर्मोंऔर उनके संप्र दायों के खिलाफ भेदभाव की कमी के कारण संयुक्त राष्ट्र भारत की अल पसंख यक नीति को अन्य देशों के लिए एक मॉडल के रूप में उपयोग कर सकता है। पछिले दिनों बीबीसी ने गोधरा कांड को लेकर प्र धानमंत्र ी नरेंद्र मोदी के खिलाफ दुष्प्र चार का प्र यास किया था। इस रिपोर्ट ने दुष्प्र चार का नकाब हटा दिया है।



# इजरायल में फिलिस्तीनियों के वुल्फ अटैक की वापसी: यहूदियों की भीड़ को रौंदते हुए निकली कार, 6 साल के बच्चे समेत 2 लोगों की मौत

**यरुशलम।**
इजरायल की पुलिस ने शनिवार को जानकारी दी है कि यरुशलम में एक फिलस्तीनी ने यहूदियों के समूह पर तेज रफ्तार कार चढ़ा दी। इसमें एक 6 साल के बच्चे समेत दो की मौत हो गई। जबकि कई लोग घायल हो गए हैं। इस तरह से सरेआम यहूदियों पर हमला करने वाले युवक की पहचान 31 साल के हुसैन कराकेह के तौर पर हुई। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद एक ऑफ ड्यूटी पुलिस वाले ने हुसैन कारकेह को गोली मार दी। जिसके बाद उसकी मौत हो गई। हमले को लोन वुल्फ अटैक कहा गया है।

**हमलावर के घर को तोड़ा जाएगा** – येरुशलम में शुक्रवार को हुए हमले के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमलावर के घर को सील कर उसे तोड़ देने के आदेश दिए हैं। वहीं नेशनल सिक्योरिटी मिनिस्टर इतमार बेनग्विर ने घटना स्थल का दौरा कर किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि इलाके में एंट्री करने वाले सभी फिलिस्तीनयों की गाड़ी को चेकपोस्ट पर रोक कर उनकी जांच की जाए।

**इजरायल में इस साल हुए दो बड़े लोन वुल्फ अटैक** – 28 जनवरी 2023 पूर्वी यरूशलम में 13 साल के फिलिस्तीनी लड़के ने एक व्यक्ति और उसके बेटे को गोली मार दी। हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले ही घटनास्थल के पास से गुजर रहे दो लोगों ने अपनी बंदूक से हमलावर लड़के को गोली मार दी थी।

27 जनवरी 2023 इजराइल के यरुशलम के नेवे याकोव में एक पूजा स्थल के पास 27 जनवरी को अंधाधुंध फायरिंग हुई थी। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हुए थे। हमला एक फिलिस्तीनी शख्स ने किया था। इसके बाद फिलिस्तीन में जश्न मनाया गया। अभी की तरह 2021 में भी इजरायल और फिलिस्तीन के बीच विवाद ज्यादा बढ़ गया था। तब फिलिस्तीनियों ने इजरालियों पर ताबड़तोड़ लोन वुल्फ अटैक किए थे। वहीं हिब्रू युनिवर्सिटी ऑफ येरुशलम के मुताबिक साल 2015 से 2017 के बीच 363 लोन वुल्फ अटैक हुए हैं। दरअसल 26 जनवरी को फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इजराइल की तरफ से किए गए हमले के बाद से दोनों देशों के बीच माहौल और खराब हो गया है। यहां 9 लोगों की मौत हो गई थी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पीएम मोदी के बाद जिहादी दुल्हन पर डॉक्यूमेंट्री बनाने को लेकर घिरा बीबीसी, ब्रिटेन में विरोध शुरू



**ब्रिटेन।** पीएम मोदी पर विवादित डॉक्यूमेंट्री बनाने वाली बीबीसी के सामने अब नई मुश्किलें खड़ी हो गईं हैं। बीबीसी ने अब एक जिहादी दुल्हन पर डॉक्यूमेंट्री बनाई है। इसी को लेकर विवाद शुरू हो गया है। इस डॉक्यूमेंट्री का नाम द शमीमा बेगम स्टोरी रखा गया है। इसको लेकर ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर विरोध शुरू हो गया है। लोग बीबीसी के सब्सक्रिप्शन को रिन्यू नहीं कराने की बात कह रहे हैं। दरअसल, 2015 में ब्रिटेन में रहने वाली शमीमा बेगम नाम की एक 15 साल की लड़की भाग कर सीरिया चली गई थी। यहां उसने इस्लामिक स्टेट जॉइन कर लिया था। यहां उसने एक लड़ाके से निकाह कर लिया था। इसके बाद वह पूरी दुनिया उसे जिहादी दुल्हन के नाम से जानने लगी थी। शमीमा के माता-पिता बांग्लादेशी मूल हैं। आईएस में जाने के बाद 2019 में शमीमा बेगम से 2019 में राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर यूके सरकार ने उसकी नागरिकता छीन ली थी। इसी बीच सीरिया में आईएस का खात्मा शुरू हो गया। अब 23 साल की हो चुकी शमीमा बेगम वापस यूके लौटना चाहती हैं लेकिन सरकार इसकी इजाजत नहीं दे रही है। उसके ब्रिटेन में लौटने को लेकर कोर्ट में एक मामला भी चल रहा है। अब शमीमा के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए बीबीसी ने एक 90 मिनट की डॉक्यूमेंट्री रिलीज की है। बताया जाता है कि बीबीसी ने अपनी डॉक्यूमेंट्री में दिखाया है कि शमीमा को अपने सीरिया जाने के फैसले पर दुख है। लोग इसी पर भड़के हुए हैं। ब्रिटेन के लोगों का कहना है कि एक आतंकवादी के समर्थन में इस तरह की डॉक्यूमेंट्री बनाकर बीबीसी हिंसा को बढ़ावा देना चाहती है।

### ईसाई धर्म के केंद्र वैटिकन सिटी में ही बढ़ा पोप फ्रांसिस का विरोध, किताब में लगाए गए गंभीर आरोप



**वैटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस को इन दिनों वेटिकन सिटी में ही विरोध झेलना पड़ रहा है। पोप फ्रांसिस के विरोधी उनकी विदेशी संबंधों और उनके द्वारा किए जा रहे बदलावों को लेकर उनकी आलोचना कर रहे हैं। बीते दिनों पूर्व पोप बेनेडिक्ट का बीती 31 दिसंबर को 95 साल की उम्र में निधन हो गया था। पूर्व पोप बेनेडिक्ट के निधन के बाद उनके करीबी सहयोगी जॉर्ज गेनस्वेन ने खुलासा किया कि बेनेडिक्ट, पोप फ्रांसिस द्वारा धार्मिक रीतियों में किए जा रहे कुछ बदलावों से चिंतित थे। बता दें कि पोप फ्रांसिस को इससे पहले भी आलोचना का शिकार होना पड़ा है। कैथोलिक चर्च का प्रशासन करने वाली शाखा रोमन कुरिया भी पोप फ्रांसिस की आलोचना कर चुकी है और उन्हें अधिनायकवादी बता चुकी है। इनके अलावा ऑस्ट्रेलियन कार्डिनल जॉर्ज पेल ने भी एक नोट लिखकर पोप फ्रांसिस की आलोचना की थी। बता दें कि जॉर्ज पेल पर बच्चों के यौन शोषण के आरोप लगे थे। फिलहाल उनका भी निधन हो चुका है। अब जर्मन कार्डिनल गेराई मुलर ने एक किताब प्रकाशित की है। इस किताब को लेकर हंगामा हो गया है। बता दें कि कैथोलिक चर्च के भविष्य को लेकर वैश्विक तौर पर मंथन हो रहा है, जिसकी शुरुआत साल 2021 में पोप फ्रांसिस ने ही की थी। इस मंथन में चर्च में महिलाओं को भी जगह देने, बाल यौन शोषण के मामलों से निपटना और पादरियों की शादी, एलजीबीटी समुदाय को चर्च में स्वागत करने जैसे मामलों पर चर्चा हो रही है।

### एफबीआई ने अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस के घर की ली तलाशी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया (फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन) ने शुक्रवार को गोपनीय दस्तावेजों की जांच के सिलसिले में इंडियाना में पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस के आवास की तलाशी ली। मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, माइक पेंस के वकील की ओर से गोपनीय दस्तावेजों की खोज के बारे में जानकारी दी गई। इससे पहले, एफबीआई इस मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के आवास की तलाशी ले चुकी है। एफबीआई ने एक फरवरी को बाइडन के डेलावेयर स्थित आवास की तलाशी ली थी। पिछले महीने पूर्व उपराष्ट्रपति माइक पेंस के आवास से गोपनीय दस्तावेज मिले थे। माइक पेंस के वकील ने कहा था कि पूर्व उपराष्ट्रपति के आवास से मिले गोपनीय दस्तावेजों को राष्ट्रीय अभिलेखागार को सौंप दिया गया है। अटॉर्नी द्वारा गोपनीय करार दिए गए दस्तावेज मिलने के बाद एफबीआई यह छापेमारी की जा रही है। एफबीआई पहले ही गोपनीय दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले चुकी है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पेंस की टीम ने उनके घर या ऑफिस में कोई सीक्रेट दस्तावेज होने की बात से इनकार किया है।

# पाक अदालत ने हिंदू धार्मिक स्थल पंज तीरथ मामले में शीर्ष अधिकारी को तलब किया

**पेशावर।**
पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत स्थित एक फैमिली पार्क और ऐतिहासिक हिंदू धार्मिक स्थल पंज तीरथ को कट्टरपंथियों ने खाली कराने और उस पर अतिक्रमण की कई बार कोशिश की। यह मामला कई साल से अदालत में चल रहा है। पाकिस्तान की एक अदालत ने शुक्रवार को पंज तीरथ से जुड़े भूमि सीमांकन मामले में दलीलें सुनने के बाद सरकार के एक शीर्ष सरकारी अधिकारी को तलब किया।



## 2019 में राष्ट्रीय विरासत स्थल घोषित किया गया था

पंज तीरथ को उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सरकार ने 2019 में राष्ट्रीय विरासत स्थल घोषित किया था। पांच कुंड होने के चलते इसका नाम पंज तीरथ पड़ा है। इस विरासत स्थल पर दो मंदिर और एक प्रवेश द्वार है जिसकी स्थिति जर्जर है और उसे पुरातात्विक संरक्षण की आवश्यकता है। इसकी ज्यादातर जमीन 'चाचा यूनस फैमिली' पार्क के स्वामित्व में है, जबकि भवनों का उपयोग पार्क के मालिक द्वारा गोदामों के रूप में किया जा रहा है।

## भूमि सीमांकन का मुद्दा नहीं सुलझा

इस मामले में गुरुवार को पेशावर उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ ने दलीलें सुनीं और पेशावर शहर के उपायुक्त को तलब किया। खैबर पख्तूनख्वा के पुरातत्व विभाग के निदेशक अब्दुस समद खान, अतिरिक्त महाधिवक्ता सिकंदर हयात शाह और औकाफ विभाग के अधिकारी अदालत में पेश हुए। समद ने कोर्ट को बताया कि उनके विभाग ने औकाफ विभाग और पार्क प्रशासन के साथ कई बैठकें की हैं।

उन्होंने कहा कि मामले से संबंधित कुछ समस्याओं को हल कर लिया गया है, लेकिन भूमि सीमांकन का मुद्दा अनसुलझा है। सरकार के रिकॉर्ड के मुताबिक, पंज तीरथ का कुल क्षेत्र करीब 14 कनाल (1.75 एकड़) और सात मरला (0.04 एकड़) है। हालांकि, इसका ज्यादातर हिस्सा 'चाचा यूनस फैमिली पार्क' का हिस्सा है, जिसे जिला प्रशासन ने पट्टे पर दिया था।

## पंज तीरथ की ज्यादातर भूमि पर कब्जा

बता दें कि राष्ट्रीय धरोहर घोषित पंज तीरथ में कभी धार्मिक स्थल के पांच ताल हुआ करते थे। लेकिन, अवैध कब्जा करने वालों ने यहां की स्थिति बिगाड़ कर रख दी। समद ने अदालत से कहा कि पार्क प्रशासन पुरातत्व विभाग को सिर्फ एक कनाल (0.125 एकड़) और 11 मरला देना चाहता था, जबकि हमारे पुरातत्व स्थल में पांच कनाल (0.625 एकड़) और 11 मरला (0.06 एकड़) शामिल हैं। अधिकारी ने कहा कि पार्क प्रशासन ने अधिकारियों को पार्क के रास्ते से मंदिर में प्रवेश नहीं करने दिया। औकाफ विभाग के अधिकारी ने कहा कि हमें पार्क और पुरातात्विक स्थल के बीच भूमि सीमांकन से संबंधित अन्य समस्याओं को हल के लिए और वक्त चाहिए। इसमें पंज तीरथ मंदिर भी शामिल है।

## एक महत्वपूर्ण हिंदू तीर्थ स्थल था पंज तीरथ

पंज तीरथ 1947 से पहले पेशावर में एक महत्वपूर्ण हिंदू तीर्थ स्थल था। पुरातत्वविद् एसएम जाफर ने 1952 में प्रकाशित अपनी पुस्तक एन इंट्रोडक्शन टू पेशावर में लिखा था कि पंज-तीर्थ (पांच टैंक) रुचि और पुरातनता के स्थानों में से एक है। यह बात पेशावर में या उसके आसपास, बौद्ध काल की डेटिंग से सामने आई। 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, पुरातत्वविदों का मानना है कि पंज तीरथ में बुद्ध के भिक्षापात्र के निशान हैं।

## महाभारत काल में यहां स्नान करने आते थे राजा पांडु

ऐसा माना जाता है कि महाभारत काल में पौराणिक राजा पांडु इसी क्षेत्र के थे और हिंदू कार्तिक के महीने (23 अक्तूबर और 21 नवंबर के बीच) के दौरान इन कुंडों में स्नान करने के लिए आते थे और पेड़ों के नीचे दो दिनों तक पूजा करते थे। 1747 में अफगान दुर्रानी राजवंश के शासनकाल के दौरान इस स्थल को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, लेकिन 1834 में सिख शासन की अवधि के दौरान स्थानीय हिंदुओं द्वारा इसे बहाल किया गया था और फिर से पूजा शुरू हुई थी।

पुरातत्व निदेशालय ने खैबर पख्तूनख्वा सरकार से अतिक्रमण की जगह को खाली करने और पुरातत्वविदों को अति आवश्यक संरक्षण कार्य करने की अनुमति देने के लिए कहा है। साथ ही स्थल के चारों ओर बाउंड्री वॉल बनाने की भी मांग की है।

# 50 भारतीय छात्र आधुनिक गुलामी के शिकार, भारतीय उच्चायोग की अपील-मदद के लिए संपर्क करें पीड़ित



**लंदन।**
ब्रिटेन में 50 से अधिक भारतीय छात्रों के आधुनिक गुलामी का शिकार होने की आशंका है। मूलरूप से केरल के रहने वाले पांच लोगों पर इन छात्रों से नॉर्थ वेल्स के केयर होम्स में काम कराने का आरोप है। ब्रिटेन की एक अदालत ने इन पांचों के खिलाफ श्रम शोषण के आरोपों की जांच का आदेश दिया है। वहीं, भारतीय उच्चायोग ने पीड़ितों से अपील की है कि वे मदद के लिए संपर्क करें। श्रम शोषण के लिए लेबर एब्यूज अथॉरिटी (जीएलएलए) ने पिछले 14 महीनों में कई छात्रों को आधुनिक दासता के संभावित शिकार के रूप में पहचाना है।

## कमजोर तबके के छात्रों के शोषण की आशंका...

कमजोर तबके के छात्रों की भर्ती और शोषण कराने के आरोपियों मैथ्यू इसाक (32), जिनू चेरियन (30), एल्डहोस चेरियन (25), एल्डहोस कुरियाचन (25) और जैकब लिजू (47) को गुलामी और तस्करी जोखिम आदेश (एसटीआरओ) सौंपा गया है। इस आदेश के उल्लंघन पर पांच साल तक की सजा हो सकती है। भारतीय उच्चायोग ने इस घटना पर चिंता जताई है। उच्चायोग ने संपर्क करने वाले भारतीयों की पहचान गुप्त रखने का भरोसा दिया है। आधुनिक गुलामी में पीड़ितों का शोषण किया जाता है, नियंत्रित किया जाता है या बंदी बनाया जाता है।

## निर्वासन के डर से भारतीय छात्रा लापता

अमेरिका के अर्कांसस प्रांत में एक 14 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी स्कूली छात्रा तीन सप्ताह से अधिक समय से लापता है। इस मामले में पुलिस ने संकेत दिया कि लड़की अमेरिका छोड़ने के डर से संभवतः कहीं चली गई, क्योंकि 'टेक इंडस्ट्री' में उसके पिता को नौकरी में छंटनी का सामना करना पड़ सकता है। कॉनवे पुलिस विभाग (सीपीडी) ने कहा कि अर्कांसस के कॉनवे में रहने वाली तन्वी मारुपल्ली को आखिरी बार 17 जनवरी को उसके पड़ोस में देखा गया था, जब वह बस से स्कूल के लिए निकली थी। पुलिस ने कहा है कि उनका मानना है कि उसके भागने के संभावित कारणों में से एक उसके परिवार को निर्वासित किए जाने का डर है। तन्वी के माता-पिता का मानना है कि परिवार की अप्रवासन स्थिति के कारण उनकी बेटी घर छोड़ गई। वहीं, पिता ने कहा है कि उनके नौकरी गंवाने का जोखिम अब नहीं है और फिलहाल देश छोड़ने की स्थिति भी नहीं हैं।

# विदेश संबंधों पर अमेरिकी कमेटी की पहली बैठक में ही भारत बना चर्चा का केंद्र, चीन पर कही गईं ये बातें

**वॉशिंगटन।**
अमेरिका ने दुनिया के बाकी देशों के साथ रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए नई हाउस फॉरेन रिलेशंस कमेटी बनाई है। इस कमेटी ने भारत-अमेरिका के रिश्तों को लेकर बड़ा बयान दिया है। कहा गया है कि अमेरिका-भारत के द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार पर विशेष रूप से कमेटी की नजर है। खासतौर पर दोनों देशों रक्षा-आर्थिक क्षेत्रों, आतंकवाद विरोधी प्रयासों और भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की रणनीतिक उपस्थिति को बढ़ाने के लिए काम करेंगे। इसी हफ्ते रिपब्लिकन कांग्रेसी माइकल मैककॉल की अध्यक्षता में कमेटी की 118वीं बैठक हुई। इस दौरान कमेटी ने अपनी प्राथमिकता और निगरानी वाले मुद्दों को लेकर एक प्रस्ताव भी पारित किया। हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के रैंकिंग सदस्य डेमोक्रेट ग्रेगरी मीक्स ने इस बैठक के बारे में बताया। उन्होंने कहा, समिति भारत के प्रति अमेरिकी नीति और द्विपक्षीय सहयोग के निरंतर विस्तार की समीक्षा करेगी। सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग, विस्तारित भूमिकाओं के अवसर, मिशन और क्षमताओं



और आतंकवाद विरोधी प्रयासों सहित अमेरिका-भारत रक्षा संबंधों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कमेटी ने कहा, हम अमेरिका-भारत आर्थिक संबंधों को बढ़ाने के प्रयासों पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे। जिसमें प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और फार्मास्युटिकल उद्योगों में द्विपक्षीय प्रयासों पर चर्चा शामिल है। इसके अलावा चतुर्भुज सुरक्षा संवाद प्रयासों में भारत की भागीदारी और भारत-प्रशांत क्षेत्र में इसकी उपस्थिति को बढ़ाने के प्रयासों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। समिति ने आगे कहा कि भारत की तेजी से बढ़ती ऊर्जा मांगों के प्रभावों की भी समीक्षा होगी। कमेटी ने चीन की दुनिया में बढ़ती शक्तियों को लेकर भी मंथन करने को कहा।

### अमेरिका ने छह चीनी कंपनियां की ब्लैकलिस्ट, जासूसी गुब्बारे से जुड़े हैं तार

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने चीन की छह कंपनियों को निर्यात ब्लैकलिस्ट में डाल दिया है। अमेरिका ने यह कदम चीन के जासूसी गुब्बारे मामले के बाद उठाया है। अमेरिका के वाणिज्य विभाग ने यह जानकारी दी है। जिन कंपनियों को अमेरिका ने ब्लैकलिस्ट किया है, उनका संबंध चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी से बताया जा रहा है। अमेरिका का कहना है कि चीनी सेना हाई एल्टीट्यूड बैलून्स का इस्तेमाल कर खूफिया गतिविधियां कर रही है। जिन कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया गया है, उनमें बीजिंग नानजियांग एयरोस्पेस टेक्नोलॉजी कंपनी, चाइना इलेक्ट्रोनिक्स टेक्नोलॉजी ग्रुप कॉरपोरेशन 48 रिसर्च इंस्टीट्यूट, डोनगुआन लिंगकोन रिमोट सेंसिंग टेक्नोलॉजी कंपनी, ईगल्स मैन एविएशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप कंपनी, ग्वांगझू टियान हाई जियांग एविएशन टेक्नोलॉजी कंपनी और शांगझी ईगल्स मैन एविएशन साइंस एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप कंपनी शामिल हैं।

# अमेरिका में 2019 के मुकाबले रिलेशन चाहने वाले घटे: 57प्रतिशत युवा खुद को समय देना चाहते हैं, इसलिए कोई साथी नहीं चाहते

**वॉशिंगटन।**
प्रेमी युगलों के लिए त्योहार की तरह मनाया जाने वाला वैलेंटाइन डे नजदीक है। कई युवा इस सप्ताह अपने रिश्ते में मिठास घोलने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन यह जानकार हैरानी होगी कि अमेरिका की 30प्रतिशत आबादी सिंगल है। इसमें 32प्रतिशत पुरुष और 28प्रतिशत महिलाएं हैं। हाल ही में हुई प्यू रिसर्च में यह बात सामने आई है। खास बात यह है कि 10 में से 3 अमेरिकी न शादीशुदा है, न किसी के साथ रिलेशनशिप में है। आईए जानते हैं सर्वे में सामने आई 5 प्रमुख बातें। अधिकांश युवा खुद के साथ ज्यादा खुश रहते हैं, 7प्रतिशत ही कैजुअल रिलेशनशिप में आना चाहते हैं 10 में 6 युवा पुरुष अभी भी सिंगल हैंरिपोर्ट के अनुसार 30 से कम उम्र वाले 63प्रतिशत पुरुषों ने माना कि वे सिंगल हैं। इसी उम्र की 34प्रतिशत महिलाएं सिंगल हैं। इस आंकड़े को नस्ल के हिसाब से भी बांटा गया था। रिसर्च के मुताबिक 47प्रतिशत अश्वेत युवा अमेरिका में सिंगल हैं। 45प्रतिशत सिंगल लोग अपने पार्टनर को ढूंढने के लिए पहले से ऑनलाइन डेटिंग एप का इस्तेमाल कर रहे हैं।



साथ तलाशने वालों की संख्या घटी 2019 में वयस्कों के बीच 49प्रतिशत लोग ऐसे थे जो रिश्ते में जाना चाहते थे। 2 साल बाद यह आंकड़ा गिरकर 42प्रतिशत रह गया है। 2019 में 61प्रतिशत पुरुष पार्टनर की तलाश में थे। 2020 में घटकर 50प्रतिशत रह गया। दूसरी तरफ 38प्रतिशत महिलाएं 2019 में रिलेशनशिप चाहती थीं। अब 35प्रतिशत महिलाएं मानती हैं कि वो रिलेशनशिप में जा सकती हैं। 51प्रतिशत लोगों का मानना है कि ऑनलाइन डेटिंग में दोनों विकल्प खुले रखने से पार्टनर मिलने के अवसर ज्यादा हो जाते हैं। 56प्रतिशत पुरुष रोमांटिक रिलेशन चाहते हैं। वहीं 44प्रतिशत महिलाएं भी ऐसा चाहती है।

# पीएम मोदी रोक सकते हैं रूस-यूक्रेन युद्ध, अमेरिका ने जताया भरोसा, कही ये बड़ी बात

**कीव।**

**रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका का एक बड़ा बयान आया है। अमेरिका ने कहा है कि ये युद्ध भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोक सकते हैं। वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को अभी भी इस युद्ध को रोकने के लिए मना सकते हैं। अमेरिका ने पीएम मोदी के प्रयासों की भी तारीफ की।**

अमेरिका की तरफ से ये बयान ऐसे वक्त आया है जब दो दिन पहले ही भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल दो दिन के रूस यात्रा से लौटे हैं। डोभाल ने इस दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से लंबी बातचीत भी की। आइए जानते हैं इस मसले को लेकर अमेरिका की तरफ से क्या-क्या कहा गया

## अमेरिका ने क्या-क्या कहा

दरअसल शुक्रवार को व्हाइट हाउस नेशनल



सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता जॉन किर्बी पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए पीएम मोदी की मध्यस्थता को लेकर सवाल हुआ। इसके जवाब में जॉन किर्बी ने कहा, मुझे लगता है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन के पास युद्ध रोकने के लिए अभी भी समय है। युद्ध को रोकने के लिए पीएम मोदी द्वारा उठाए गए कदमों का हम समर्थन करेंगे।

किर्बी यहीं नहीं रूके। आगे उन्होंने कहा, मुझे ऐसा लगता है कि रूसी राष्ट्रपति के पास युद्ध को रोकने का अभी भी समय है और उन्हें ऐसा करने के लिए पीएम मोदी ही मना सकते हैं। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस-यूक्रेन युद्ध पर बोलना चाहें तो हम उन्हें यह प्रयास करने देंगे। अमेरिका पीएम मोदी के प्रयासों का स्वागत करेगा। जॉन किर्बी का मानना है कि पीएम मोदी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करके उन्हें इस युद्ध को रोकने के लिए मना सकते हैं उनके ऐसा करने से दोनों देशों के बीच की शत्रुता समाप्त हो जाएगी।

## मानवीय संकट को रोकने के लिए पश्चिमी देशों ने लगाए प्रतिबंध

जॉन किर्बी ने रूसी राष्ट्रपित व्लादिमीर पुतिन को भी आाड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा इस मानवीय संकट को रोकने के लिए अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देशों ने रूस के खिलाफ कई प्रतिबंध लगाए हैं ताकि मानवता को बचाया जा सके। अमेरिका का यही प्रयास है कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए रूस को रोका जाए। किर्बी ने इस दौरान कहा कि आज यूक्रेन में आम लोगों के साथ जो भी बुरा हो रहा है, उसके लिए जिम्मेदार सिर्फ एक ही व्यक्ति है और वो पुतिन हैं। किर्बी ने कहा कि वो अभी भी युद्ध को रोक सकते हैं, लेकिन युद्ध को रोकने की बजाए रूस क्रूज मिसाइलों को ऊर्जा और बिजली के बुनियादी ढांचे में दाग रहा है और रोशनी को खत्म करने और गर्मी को खत्म करने की कोशिश कर रहा है।

## पीएम मोदी ने कहा था, आज युद्ध का युग नहीं

सितंबर 2022 में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है। प्रधानमंत्री ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में द्विपक्षीय बैठक के दौरान पीएम मोदी ने व्लादिमीर पुतिन से कहा था कि आज युद्ध का युग नहीं है। इसी तरह अक्टूबर 2022 में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि जैपसोरिजिया परमाणु संयंत्र के पास रूस और यूक्रेन के बीच लड़ाई बढ़ने पर भारत को मध्यस्थता करने के लिए कहा गया था। उन्होंने कहा था, इस समय, संघर्ष अभी भी गर्म है, युद्ध को लेकर जुनून अभी भी उच्च हैं। ऐसे समय लोगों के लिए तार्किक बातों को आसानी से सुनना आसान नहीं है। लेकिन मैं वस्तुनिष्ठता के साथ कह सकता हूं कि अगर हम अपना पक्ष लेते हैं, अगर हम अपने विचारों को आवाज देते हैं, तो मुझे नहीं लगता है कि हमारी बातों की अवहेलना करेंगे।

# हज की नई पॉलिसी जारी, आवेदन के लिए एक महीने का समय-हाजियों के बचेंगे चार करोड़ 35 लाख रुपए



**जयपुर, (हि.स.)।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय की ओर से पांच वर्षीय नई हज पॉलिसी जारी होने के साथ ही यात्रियों को कई रियायतें सफर में मिलेगी। हज का सफर लगभग 50 हजार रुपए सस्ता होने के साथ ही देश से हज 2023 के आनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। राजस्थान राज्य हज कमेटी के अधिकारियों के मुताबिक इसके लिए यात्रियों को पूरे एक महीने यानि 10 मार्च तक आवेदन का समय मिलेगा। हर व्यक्ति से 300 रुपए शुल्क नहीं लेने से हाजियों के चार करोड़ 35 लाख रुपए बचेंगे। जानकारी के मुताबिक देश से इस साल एक लाख 75 हजार यात्रियों का कोटा तय है। 80 प्रतिशत यात्रियों यानि एक लाख 45 हाजियों को सफर का मौका मिलेगा। 20 फीसदी सीटे निजी टूर ऑपरेटरों को दी जाएंगी। सूटकेस,बैग, छाता, चादर का पैसा जमा नहीं कराया जाएगा। सामानों को अपने स्तर से खरीद सकेंगे। जल्द आवेदन शुरू होंगे। जल्द मशीन रीडेबल इंटरनेशनल पासपोर्ट, राशि, दस्तावेज तैयार रखें। जयपुर में यात्रियों के ठहराव स्थल कर्बला में हज हाउस पर विकास कार्यों को समय से पूरा करवाया जाएगा। आवेदन के लिए यह जरूरी है कि पासपोर्ट की समय सीमा 31 दिसंबर तक होनी चाहिए, इससे कम वक़्त के पासपोर्ट पर हज आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा, इसके अलावा वैक्सीनेशन को भी जरूरी किया गया है। वहीं इस बार हज पर जाने वाले लोगों के स्वास्थ्य की जांच सिर्फ सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर ही होगी, निजी अस्पताल की जांच मान्य नहीं होगी। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने स्वास्थय मंत्रालय से इस सिलसिले में बात की है। हर राज्य की हज कमेटी से एक अधिकारी भी हज पर जाएगा। हज पर जाने वाले लोगों के लिए 25 एमबार्गेशन पॉइंट बनाए गए हैं। राजस्थान राज्य हज कमेटी के चेयरमैन अमीन कागजी का कहना है कि हज पर जाने वाले आवेदनकर्ता निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। इस बार कई रियायतें भी दी गई है। जल्द से जल्द रीडबेल पासपोर्ट तैयार करवा लें या उसे रिन्यू करवाएं। प्रदेश के हज यात्री जयपुर से उड़ान भरेंगे। सभी व्यवस्थाओं को चाक चौबंद किया जा रहा है।

# राजस्थान बदलाव चाहता है, तीसरा विकल्प चाहता है : हनुमान बेनीवाल



**जोधपुर, (हि.स.)।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल ने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राजस्थान अब बदलाव चाहता है। राजस्थान तीसरा विकल्प चाहता है। इसके लिए रालोपा तीसरे विकल्प के रूप में उभर कर सामने आई है। रालोपा आज हर युवा के दिलों दिमाग पर छाई हुई है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार पूरी तरह वेंटिलेटर पर है। वे शनिवार को जोधपुर प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे। रालोपा सुप्रीमो बेनिवाल ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस और बीजेपी के खिलाफ आज जनता है। जनता तीसरे विकल्प के रूप में रालोपा को आगे ला रही है। रालोपा आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में इनको पूरी तरह टक्कर देगी। विधानसभा चुनाव के लिए रालोपा 150 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। आज राजस्थान के इस कांग्रेस शासन में तबादला उद्योग पनपा हुआ है। लोग इससे परेशान हो रखे है। बजट पर बेनीवाल ने कहा कि घोषणाएं तो होती रहती है, मगर क्रियांवति कितनी होती है यह तो आने वाला समय ही बता पाएगा। गरीबों की हितों की बात बजट में ना हो तो कोई फायदा नहीं है। कांग्रेस और बीजेपी सदैव ही पार्टियों को तोडऩे का काम करते आए है। बेनिवाल पत्रकारों द्वारा पूछ गए सवालों पर कहा कि भ्रष्टाचार आज चरम पर है। पेपर लीक होना आम हो गया है। बीजेपी के शासन में भी पेपर लीक होते थे। कांग्रेस बीजेपी दोनों ही पार्टियों के नेता आपस में मिले हुए है। रालोपा सुप्रीमो बेनीवाल ने मीडिया से मुखातिब होते हुए केंद्र सरकार को भी घेरा और कहा कि वहां पर सांसदों की हालत बड़ी खराब है। सांसद दबाव में रहते है। बीजेपी का सांसद है तो काम हो जाते है बाकी सांसदों की कोई सुनवाई नहीं है। सांसदों को दिए जाने वाले क ई कोटों को कें द्र सरकार खत्म कर चुकी है। फंड को सांसद कोटे में मिला दिया गया है। बेनीवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को सलाह देते हुए कहा कि वे बजरी की रेट कम करें, ताकि बजरी माफियाओं का आतंक खत्म हो। हाइवों पर टोल को भी फ्री करें ताकि आमजन को राहत मिल सकें। उन्होंने कहा कि आज राजस्थान सरकार वेंटिलेटर पर है। आगामी चुनावों में जनता उन्हें सबक सिखाकर रहेगी।

# पहाड़ों में हो रही बर्फबारी से राजस्थान में दोबारा बढ़ सकती है सर्दी

**जयपुर, (हि.स.)।** राजस्थान में एक बार फिर मौसम में बदलाव हो सकता है। पहाड़ों में हो रही बर्फबारी से आज और कल सर्दी बढ़ सकती है। हालांकि, इसका असर प्रदेश के कुछ जिलों में शुक्रवार शाम से ही दिखना शुरू हो गया है। तापमान में भी तीन-चार डिग्री की गिरावट आई है। मौसम में हो रहे बदलाव का असर 16 फरवरी तक रह सकता है। उत्तर भारत में नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो चुका है। इसके असर से कश्मीर, लद्दाख के अलावा हिमाचल और उत्तराखंड की ऊंची पहाड़ियों पर बर्फबारी होगी। मौसम विभाग के मुताबिक एक से दो दिन में मैदानी राज्यों में सर्द हवाएं चलेंगी और सोमवार से तापमान दो से तीन डिग्री फिर से गिरने लगेगा। इसके बाद 19 फरवरी से ठंडी हवाएं कमजोर होने लगेगी और राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में गर्मी बढ़ेगी। प्रदेश में शुक्रवार रात पारे में बढ़ोतरी हुई। रात का सबसे अधिक पारा बाड़मेर का 18.5 डिग्री रहा। इसके अलावा कोटा का 17.6, जयपुर का 16.5, पिलानी का 13.1, सीकर का 12.5, अजमेर का 16.1 डिग्री सेल्सियस पारा मापा गया। प्रदेश में धीरे-धीरे सर्दी कम हो रही हैं, लेकिन अभी भी सुबह-शाम ठंडी हवाओं चलने से सर्दी का असर बना हुआ है। इसी के चलते गर्म कपड़ों की जरूरत अभी बनी हुई है। आने वाले कुछ दिनों में मौसम में बदलाव हो सकता है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि कश्मीर, हिमाचल, लद्दाख एरिया में भारी बर्फबारी हुई है। पहाड़ों से चलने वाली हवाओं के असर के कारण शनिवार को मैदानी राज्यों के कई हिस्सों में रात का तापमान गिरा है, जिससे यहां रात में ठंड बढ़ गई है। सबसे ज्यादा बीकानेर, सीकर, चूरू, झुंझुनूं में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक गिरा है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले 6 दिन सर्द हवाओं का असर रहेगा। मौसम केन्द्र जयपुर से जारी रिपोर्ट देखें तो शनिवार को बीकानेर, चूरू, चित्तौड़गढ़, सीकर, अजमेर, पिलानी, गंगानगर में आज तापमान 1 से लेकर 4 डिग्री तक कम हुआ है। सीकर में मिनिमम टेम्परेचर 4.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 12.5 पर पहुंच गया। इसके अलावा सीकर के आसपास के एरिया में आज सुबह हल्का कोहरा भी देखने को मिला, जिसके साथ हल्की सर्द हवा भी चली। इसी तरह बीकानेर में भी शनिवार को मिनिमम टेम्परेचर 15.1 से गिरकर 11.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। एक तरफ उत्तरी राजस्थान में जहां रात और दिन के टेम्प्रेचर में मामूली गिरावट आई है वहीं, दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में दिन में गर्मी थोड़ी बढ़ी है। हाड़ौती क्षेत्र में कोटा, बारां, बूंदी में तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया है। कोटा में कल दिन का तापमान 3 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 34.8 पर दर्ज हुआ, जो राजस्थान में कल सबसे ज्यादा तापमान रहा। इसी तरह चित्तौड़गढ़ में टेम्परेचर 33.1, उदयपुर में 31.6, डूंगरपुर में 32 और बारां में 31.9 डिग्री सेल्सियस मापा गया। बर्फबारी के बाद शुरू हुई ठंडी उत्तरी हवाओं का असर राजस्थान में 15 फरवरी तक रहेगा। 16 फरवरी से राज्य में तापमान फिर से बढ़ने लगेगा। संभावना है कि इस बार टेम्परेचर बाड़मेर, जोधपुर समेत कई जगहों पर 35 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर जा सकता है। बीती रात अजमेर में 16.1, अलवर में 12.8, बाड़मेर में 18.5, बीकानेर में 11.7, चित्तौड़गढ़ में 12.1, चूरू में 11.2, जयपुर में 16.5, जैसलमेर में 14.4, जोधपुर में 14.6, कोटा में 17.6, पिलानी में 13.1, सीकर में 12.5, श्रीगंगानगर में 10.9, उदयपुर में 12.2 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा।

# राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में अलवर में निजी अस्पताल रहे बंद



**अलवर, (हि.स.)।** राजस्थान सरकार के राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में शनिवार को प्रदेश भर के निजी अस्पतालों में मेडिकल सेवाएं बंद रही हैं। कई सरकारी अस्पताल भी इस बंद में शामिल हुए। सेवारत चिकित्सक संघ की तरफ से भी दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया गया। राजीव गांधी सामान्य अस्पताल में आज सुबह 9 से 11 बजे तक दो घंटे कार्य बहिष्कार किया गया। डिप्टी कंटोलर बीएस खत्री ने बताया कि अस्पताल में आज दो घंटे कार्य वहिष्कार किया गया है और कार्य बहिष्कार के बाद डॉक्टर काली पट्टी बांधकर काम किया। बंद होने से अस्पतालों में मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ा। सबसे ज्यादा हालत गंभीर हालत वाले मरीजों की रही। हालांकि सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी सुविधाएं सुचारू रही।

**आईएमए ने किया था बंद का आह्वान** - इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर चिकित्सा सेवाएं बंद रही। जिलाध्यक्ष डॉक्टर विजयपाल यादव ने बताया कि कोटा में हुई पदाधिकारियों की बैठक में इस फैसले को सहमति दी गई थी। इस बिल के विरोध में डॉक्टर्स के सभी संगठनों की स्टेट जोइंट एक्शन कमेटी का गठन किया गया है। जिसके तहत इस बिल का पुरजोर विरोध किया जा रहा है। इस बिल में सजा का प्रावधान है, कोई भी हमारे ऊपर केस कर सकता है और उसकी हम अपील भी नहीं कर सकते, ये तो संविधान के खिलाफ है। ये बिल निजी डॉक्टर्स के साथ ही सरकारी डॉक्टर्स के लिए भी सही नहीं है। उनका कहना है कि इस बिल में पूरी तरह से संशोधन किया जाना चाहिए।

# घोड़ी में हुई ग्लैंडर्स की पुष्टि, अश्ववंशीय पशुओं के आवागमन, मेले, प्रदर्शनी और दौड़ पर लगाया प्रतिबंध



**बीकानेर, (हि.स.)।** जिले के सुजानदेसर में एक घोड़ी में ग्लैंडर्स रोग की पुष्टि हुई है। इसके बाद पूरे जिले में अश्ववंशीय पशुओं के आवागमन, मेले, प्रदर्शनी और दौड़ पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. वीरेंद्र नेत्रा ने बताया कि सांखला की घोड़ी के बीमार होने पर ग्लैंडर्स रोग की जांच के लिए सैंपल राजूवास द्वारा राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र, हिसार भेजे गए। जहां जांच में इस रोग की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात जिला कलेक्टर द्वारा अश्व वंशीय पशुओं के आवागमन खरीद-फरोख्त, मेले प्रदर्शनी और दौड़ पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी है। साथ ही पुलिस अधीक्षक को समस्त थानों के लिए इस आदेश की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए लिखा गया है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा समस्त पशु चिकित्सालयों के प्रभारियों को अपने क्षेत्र में अश्ववंशीय पशु मालिकों की सूचना क्षेत्रीय पशु रोग निदान केंद्र को भिजवाने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे अधिक से अधिक सैंपल लिए जा सकें। डॉक्टर नेत्रा ने बताया कि ग्लैंडर्स रोग मुख्यतः अश्व वंशीय पशु जैसे घोड़ा, खच्चर और गधे में फैलने वाला जीवाणु जनित रोग होता है। इस बीमारी का फैलाव संपर्क में आने पर अन्य पशु जैसे बकरी और कुत्ते में भी होने की संभावना रहती है। साथ ही यह एक जुनेटिक बीमारी है, जो अश्व वंशीय पशु के संपर्क में आने से मनुष्य में भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि यह घातक बीमारी है, जिसमें अधिकांशतः अश्ववंशीय पशुओं की मृत्यु तक हो जाती है। इस बीमारी में पशु के फेफड़े खराब होने की स्थिति में नाक से स्त्राव होने लगता है। उन्होंने बताया कि पशुपालक को रोगग्रस्त पशु को अलग स्थान पर रखने के लिए पाबंद कर दिया गया है। साथ ही उसके चारा पानी देने वाले बर्तन आदि अलग करवा दिए गए हैं।

# एसएसपी कठुआ ने सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक



**कठुआ (हि.स.)।** जिला कठुआ के सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों ने अपनी शिकायतों और सार्वजनिक महत्व के अन्य मुद्दों के मद्देनजर एसएसपी कठुआ शिवदीप सिंह जम्वाल से जिला पुलिस कार्यालय कठुआ में अपने अधिकारी कक्ष में मुलाकात की। इस बैठक की अध्यक्षता एसएसपी कठुआ शिवदीप सिंह जम्वाल-जेकेपीएस ने की। बैठक में जिले के 20 से अधिक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को एसएसपी कठुआ द्वारा आश्वासन दिया गया कि कठुआ पुलिस हमेशा आपके साथ है और आपकी वास्तविक शिकायतों को दूर करेगी। उन्होंने कहा कि वे अभी भी पुलिस संगठन का हिस्सा हैं और किसी भी समय किसी भी पुलिस अधिकारी या पुलिस इकाई से संपर्क कर सकते हैं। इस बैठक के दौरान सेवानिवृत्त अधिकारियों ने जनहित के विभिन्न मुद्दों को उठाया। एसएसपी कठुआ ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनके वास्तविक मुद्दों और समस्याओं को उनके शीघ्र निवारण के लिए उचित स्तर पर उठाया जाएगा। बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई और इस आश्वासन के साथ कि भविष्य में भी ऐसी बैठकें सेवानिवृत्त लोगों की शिकायतों के निवारण के लिए आयोजित की जाएंगी।

# समग्र कृषि विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**कठुआ (हि.स.)।** मुख्य कृषि अधिकारी कठुआ संजीव राय गुप्ता ने कृषि विज्ञान केंद्र कठुआ में आयोजित समग्र कृषि विकास कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कृषि उत्पादन और किसान कल्याण विभाग, कठुआ द्वारा केवीके प्रमुख कठुआ के सहयोग से किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य कृषि अधिकारी कठुआ संजीव राय गुप्ता ने समग्र कृषि विकास कार्यक्रम और संबद्ध क्षेत्रों के तहत स्वीकृत 29 परियोजनाओं के महत्व को रेखांकित किया और यह परियोजना क्षेत्र के समग्र कृषि परिदृश्य में एक गेम चेंजर साबित होगी। उन्होंने अधिकारियों को निकट समन्वय में काम करने के लिए प्रेरित किया ताकि वांछित परिणाम के रूप में विभिन्न परियोजनाओं के तहत निर्धारित लक्ष्यों को विशिष्ट समय सीमा के भीतर प्राप्त किया जा सके। गुप्ता ने कहा कि परियोजनाओं को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि सभी संबद्ध विंगों में क्षमता का पता लगाया जाएगा और विभिन्न अनुमोदित परियोजनाओं के बारे में कार्यालयों के बीच जागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है ताकि इसे व्यापक रूप से जमीनी स्तर पर लागू किया जा सके। 03 नंबर का प्रशिक्षण आज आयोजित किया गया है, जिसकी शुरूआत बीज और बीज गुणन, आला फसलों और सब्जियों के संवर्धन जैसे शीर्षक के साथ हुई। उन्होंने कहा कि विभाग बीज की आपूर्ति की मांग के अंतर को दूर करने और सीजन शुरू होने से पहले किसानों को समय पर बीज वितरण की योजना बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है। इसके अलावा, विशाल महाजन केवीके प्रमुख कठुआ, मुरारीलाल जिला कृषि अधिकारी (विस्तार) कठुआ आज आयोजित प्रशिक्षण सह अभिविन्यास कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति के रूप में वक्ता थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तर उप मंडल स्तर अंचल स्तर पंचायत स्तर पर राजपत्रित और अराजपत्रित दोनों तकनीकी व्यक्तियों ने भाग लिया।



# एजेंट ने नकली वीजा व टीकटें देकर 1.60 लाख रुपए ठगे, धोखाधड़ी का केस दर्ज

**जालंधर(ईएमएस)।** जालंधर के सिविल लाइन निराला इमीग्रेशन के मालिक ने 2 लोगों को दुबई के नकली वीजा और टीकटें देकर 1.60 लाख रुपए ठग लिए। एसके बाद एजैंट सोनू निर्मल पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। एसएचओ अनिल कुमार ने बताया ललित ने उन्हें शिकायत दी थी कि वह सोनू निर्मल से 14 मार्च 2021 को मिले थे। उसने भरोसा दिलाया था कि वह उसे और उसके मामा के बेटे को दुबई भेज है जिसका खर्चा 80-80 हजार रुपए आया है। ललित ने उन्हें अपना व ममेरे भाई का पासपोर्ट दिया है। एजैंट सोनू निर्मल ने उन्हें वीजा की कापियां भेंजी और कहा कि 2 टिकटौं के लिए उसे 60 हजार रुपए चाहिए। दोनों ने उसे 30-30 हजार डाल कर 60 हजार रुपए दे दिए। इसके बाद 14 अप्रैल 2021 को सोनू ने फोन करके कहा कि वह अमृतसर एयरपोर्ट के लिए टैक्सी बुक कर लें और बाकी के पैसे उनके दफ्तर में जमा करवा दें। उसी दिन उन्होंने सोनू निर्मल के दफ्तर जाकर 1 लाख रुपए भी जमा कर दिए और टैक्सी भी बुक कर ली। बाद में उन्होंने सोनू को फोन किया तो उसने मोबाइल ऑफ कर दिया। अगले दिन सोनू ने उनसे सम्पर्क किया और कहा कि उनकी टिकटें और मेडिकल दोबारा करवाना है। बार-बार उनके मेडिकल करवाए गए और टैक्सी भी बुकर करवा कर कैंसल करवाता रहा जिस पर शिकायतकर्त्ता का 20 हजार रुपए खर्चा आया है। पीड़ित ललित ने कहा शक पड़ने पर उन्होंने ऑन लाइन चैक किया तो पता लगा कि वीजा और टिकटें जाली दी गई थीं। उन्होंने जब सोनू से बात की तो एजैंट ने उन्हें धमकियां देनी शुरू कर दी और पैसे न लौटाने की भी बात कही। ललित द्वारा पुलिस को शिकायत देने पर लंबी जांच के बाद एजैंट सोनू निर्मल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# भूस्खलन के चलते जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग लगातार दूसरे दिन बंद



**जम्मू, (हि.स.)।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग लगातार दूसरे दिन भूस्खलन के चलते बंद है। मार्ग से मलबा व पत्थर हटाने का कार्य जारी है। भूस्खलन के चलते भारी संख्या में वाहन शुक्रवार से राजमार्ग पर विभिन्न स्थानों पर फंसे हुए हैं। जम्मू-कश्मीर ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग अभी भी बंद है। बारिश के चलते शुक्रवार को रामबन जिले के मेहद, पंथियाल और कैफेटेरिया मोड़ में कई भूस्खलन हुए और पहाड़ों से पत्थरों के गिरने से विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया था। ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि फिलहाल जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को बहाल करने के लिए मलबा व पत्थर हटाने का काम चल रहा है। लोगों को सलाह दी जाती है कि टीसीयू से पुष्टि किए बिना एनएच-44 पर यात्रा न करें।

# स्कॉर्पियो व बोलैरो ने साइकिल सवार को टक्कर मारी, सिर धड़ से अलग



**पटियाला(ईएमएस)।** पटियाला की जेल रोड पर विगत रात करीब 12 बजे आपस में रेस लगा रही स्कॉर्पियो और बोलैरो ने एक साइकिल सवार को टक्कर मार दी जिससे उसका सिर धड़ से अलग हो गया। सूचना मिलने पर जब उसके परिजन वहां पहुंचे तो उन्होंने काफी देर तक सिर ढूंढने की कोशिश की परंतु सिर नहीं मिला, जिससे मृतक नवदीप कुमार का संस्कार ही नहीं हुआ। इस संबंध में नवदीप के भाई संजीव कुमार ने बताया कि उसका भाई कॉफी का काम करता था और बीती रात केंद्रीय जेल पटियाला में एक समागम खत्म करके साइकिल से अपने घर आ रहा था। इस दौरान एक स्कॉर्पियो और बोलैरो कार आपस में रेस लगा रही थीं, जिनमें से एक कार ने उसके भाई को जबरदस्त टक्कर मारी और दूसरी कार उसको कुचलती हुई उसका सिर ही साथ ले गई। जब काफी देर तक उनको नवदीप का सिर नहीं मिला तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया और पुलिस ने मौके पर आकर कोशिश की परंतु नवदीप के सिर का कुछ अता-पता नहीं लगा। संजीव कुमार ने बताया कि इसके बाद वह कारों की पहचान करते-करते हरिन्द्र नगर पहुंचे, जहां दोनों वाहन खड़े थे और उन्होंने पुलिस को सूचित किया। दूसरी तरफ एसएचओ प्रदीप सिंह बाजवा ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में छानबीन के बाद सुखमन सिंह नामक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# शहरों की तर्ज पर होगा गांवों का विकास : देवेंद्र बबली



**जींद, (हि.स.)।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि गांवों का विकास मौजूदा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सरकार द्वारा शहर की तर्ज पर गांवों का विकास करने के लिए नौ सूत्रीय कार्यक्रम बनाया गया है। इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी गांवों में मूलभूत एवं आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली शनिवार को गांव सुलेहड़ा में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नौ सूत्रीय कार्यक्रम में गांवों में स्थापित चौपाल, धर्मशाला इत्यादि जैसे पुराने भवनों का जीर्णोद्धार, गांव दर गांव स्टेडियमों में जिम की व्यवस्था, पार्कों एवं तालाबों का रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण, गांव की फिरनी व मुख्य सड़कों पर स्टेट लाइट की व्यवस्था, गांवों में ई-लाईब्रेरी की स्थापना, मुख्य सड़कों एवं चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना इत्यादि कार्य शामिल हैं। मंत्री ने आगे कहा कि सरकार द्वारा विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने और विकास परियोजनाओं के लिए जारी धनराशि का शत प्रतिशत सदुपयोग करने के उद्देश्य से सरकार द्वाराई-टेंडरिंग प्रणाली लागू की गई है। उन्होंने कहा कि कई प्रतिनिधि युवा क्लब व सेवानिवृत अधिकारी व अन्य सामाजिक आदमी मिलजुल कर गांवों के विकास में सरकारी योजनाओं को लागू करने में सहयोग करें। मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने इस अवसर पर संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने पूरा जीवन समाज में भाईचारा और सौहार्द के लिए समर्पित कर दिया। संत शिरोमणि ने जन साधारण को जाति-पाति, छूआछूत तथा अन्य रुढ़ीवादी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लड़ने के लिए एकजुटता के साथ प्रेरित किया। संतों एवं महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चल कर हम सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं।

# देश के युवा वैज्ञानिक दुनिया भर में भारत का नाम रोशन कर रहे: मनोहर लाल

**- मुख्यमंत्री ने चौ. बंसीलाल विवि में दो दिवसीय साइंस कॉन्क्लेव का किया शुभारंभ**



**भिवानी, (हि.स.)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज देश विज्ञान के बलबूते पर आगे बढ़ रहा है। आज देश के युवा वैज्ञानिक दुनिया भर में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। अतीत में भी भारत के वैज्ञानिकों सीवी रमन, महान गणितज्ञ रामानुजन, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम ऊंचा किया है। पाई, संख्या प्रणाली व जीरो की खोज कर उसकी सौगात दुनिया भर को भारतीय वैज्ञानिकों ने दी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ये बातें भिवानी के चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के दो दिवसीय साइंस कॉन्क्लेव के उद्घाटन अवसर पर कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के तीसरे शैक्षणिक ब्लॉक व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने जिला के 40 स्कूलों के 500 विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। साइंस कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश नवाचार वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। वैज्ञानिक रिसर्च को लेकर बजट में भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। हरियाणा प्रदेश में दृश्या योजना के तहत ड्रोन को संचालित करने की ट्रेनिंग भी शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ने विज्ञान के क्षेत्र में दो लाख रुपये के विज्ञान रत्न पुरस्कार की राशि बढ़ाकर चार लाख किए जाने की घोषणा मंच के माध्यम से की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के वैज्ञानिकों ने कोविड के दौरान दो कोरोना रोधी वैक्सीन की सफल खोज कर दुनिया के लोगों को कोविड से बचाया। भारत द्वारा तैयार की गई वैक्सीन दुनिया भर के लोगों के कोविड में काम आई। यह भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा को दशार्ता है। मौके पर मुख्यमंत्री ने पत्रकारों द्वारा सरपंचों के प्रदेश भर में चल रहे विरोध को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि सरपंचों का कोई फंड कम नहीं किया गया है, बल्कि उनकी सरकार ने सरपंचों की तथा लोकल बॉडी के नगर निकाय प्रतिनिधियों की पॉवर व स्वायत्तता को बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने सरपंचों द्वारा ई-टेंडरिंग का विरोध किए जाने को लेकर कहा कि सरपंचों की इस बात में कोई तथ्य नहीं है। उन्होंने कहा कि काम को लेकर पारदर्शिता जरूरी है, सरपंचों को इस बात को समझनी चाहिए। इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी में हिस्सा ले रहे छात्रों पारस व शुभम ने बताया कि आज मुख्यमंत्री ने विज्ञान प्रदर्शनी में उनके मॉडल का अवलोकन किया है तथा उन्हें वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने की बात कही। इस विज्ञान साइंस कॉन्क्लेव से उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। वे भविष्य में भी विज्ञान के क्षेत्र में इसी प्रकार से शोध कार्य करते रहेंगे।



# ओकाया का फास्ट 3 इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च: वाटरप्रूफ स्कूटर में मिलेगी 130 की रेंज, धकाने पर व्हील लॉक हो जाएंगे लॉक

**नई दिल्ली।**
दिल्ली की इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मैन्युफैक्चर कंपनी ओकाया ईवी ने भारतीय बाजार में अपना नया इलेक्ट्रिक स्कूटर फास्ट एफ3 लॉन्च कर दिया है। इस ई-स्कूटर में कई एडवांस्ड और यूजफुल फीचर दिए जा रहे हैं। इसकी शुरूआती एक्सशोरूम कीमत 99,999 रुपए रखी गई है। स्कूटर को कंपनी के वेबसाइट से बुक किया जा सकता है।

स्कूटर की सबसे बड़ी खासियत ये है कि एंटी थेफ्ट सिस्टम दिया गया है। इसमें व्हील लॉक फीचर भी मिलता है, जो स्कूटर को चोरी होने से बचाता है। चोरी होने पर या लॉक किए गए स्कूटर को अगर कोई धकेलने की कोशिश करता है तो व्हील्स अपने आप लॉक हो जाएंगे। इससे फास्ट एफ3 को चुराना मुश्किल हो जाता है।

### ओकाया फास्ट 3: बैटरी, रेंज और पावर

ओकाया फास्ट 3 में 1.2 की वाटरप्रूफ इलेक्ट्रिक हब मोटर दी गई है, जो 25002 की पीक पावर जनरेट करती है। स्कूटर की टॉप स्पीड 70 है। इसमें स्विचेबल टेकनीक के साथ 3.53 लिथियम ऑयन डुअल-बैटरी मिलती है, जो बैटरी लाइफ बढ़ाने में मदद करेगी। ओकाया के मुताबिक बैटरी को फुल चार्ज होने में करीब 4-5 घंटे लगते हैं। यह इलेक्ट्रिक स्कूटर बैटरी और मोटर पर 3 साल या 30 हजार किलोमीटर की वारंटी के साथ आता है। कंपनी का दावा है कि ये इलेक्ट्रिक स्कूटर एक बार के फुल चार्ज पर 130 किलोमीटर की राइडिंग रेंज देगी। इसमें तीन ड्राइविंग मोड ईको, सिटी और स्पोर्ट्स दिए गए हैं।

### ओकाया फास्ट 3: पूरी तरह से वाटरप्रूफ

ये इलेक्ट्रिक स्कूटर पूरी तरह से वाटरप्रूफ और डस्ट-रेजिस्टेन्ट है। ओकाया फास्ट स्न3 इलेक्ट्रिक स्कूटर में रीजनरेटिव ब्रेकिंग, रिवर्स मोड और पार्किंग मोड दिया गया है। स्कूटर में टेलीस्कोपिक फ्रंट सस्पेंशन और रियर सस्पेंशन के लिए हाइड्रॉलिक स्प्रिंग शॉक एब्जॉर्बर्स दिए गए हैं। इसके अलावा स्कूटर में की लेस एंट्री जैसे फीचर भी दिए गए हैं।

### ओकाया फास्ट 3: 6 कलर ऑप्शन

इसे 6 कलर ऑप्शन मैटेलिक ब्लैक, मैटेलिक स्यान, मैट ग्रीन, मैटेलिक ग्रे, मैटेलिक सिल्वर और मैटेलिक व्हाइट में लाया गया है। इसका सीधा मुकाबला ओला एस1, बजाज चेतक इलेक्ट्रिक, टीवीएस आईक्यूब जैसे इलेक्ट्रिक स्कूटर से होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान पर दोहरी मार, 170 अरब रुपये की टैक्स वसूली से दवा-बिजली सब महंगी होगी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की शर्तों को पूरा करने के लिए



अतिरिक्त 170 अरब रुपये का राजस्व जुटाने के उद्देश्य से किसानों सहित बिजली उपयोगकर्ताओं पर एक नए कर को मंजूरी देने की तैयारी कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के प्रतिनिधिमंडल ने पहले से तय कर्ज में से पाकिस्तान को 1.1 अरब डॉलर की अगली किस्त जारी करने के लिए इस्लामाबाद में अधिकारियों के साथ 10 दिवसीय मैराथन वार्ता की लेकिन कर्मचारी स्तर के समझौते पर हस्ताक्षर किए बिना गुरुवार को मिशन वाशिंगटन के लिए रवाना हो गया। वार्ता में पाकिस्तानी पक्ष का नेतृत्व करने वाले वित्त मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को मीडिया से कहा कि आईएमएफ की शर्तों को पूरा करने के लिए कुछ कदम उठाए जाने की जरूरत है। उसके बाद दोनों पक्ष सोमवार से डिजिटल मोड में फिर से वार्ता शुरू कर सकेंगे। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने शुक्रवार को घोषणा की है कि सरकार चार महीने में 170 अरब रुपये का अतिरिक्त राजस्व (सालाना आधार पर करीब 510 अरब रुपये) सृजित करने के लिए तत्काल एक मिनी बजट पेश करेगी। उन्होंने कहा कि बिजली और गैस क्षेत्रों में सुधार किया जाएगा। इसमें बिना बजट वाली सब्सिडी समाप्त करना और दवाओं व पेट्रोल-डीजल पर शुल्कों में वृद्धि करना शामिल है। आईएमएफ की ओर से अपना मिशन समाप्त करने के बयान के बाद जल्दबाजी में बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में मंत्री ने कहा कि कोष से जुड़े सभी मामलों को गुरुवार को अंतिम दौर में सुलझा लिया गया था। खबरों के अनुसार शहबाज शरीफ सरकार की आर्थिक समन्वय समिति जल्द ही 150 दवाओं की कीमतों में वृद्धि को मंजूरी देने वाली है। अगर ऐसा होता है तो पहले से ही 170 अरब रुपये का के अतिरिक्त कर के बोझ तले दबी पाकिस्तानी जनता के लिए यह बुरी खबर होगी। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार शहबाज शरीफ कैबिनेट की आर्थिक समन्वय समिति जल्द ही 150 दवाओं की कीमतों में वृद्धि को मंजूरी देने वाली है। एक दिन पहले ही वित्त मंत्री इशाक डार ने चार महीने के अंदर पाकिस्तानियों से 170 अरब रुपये टैक्स वसूली करने की घोषणा की है।

### ड्यूटी नहीं निभाने पर डीजीसीए ने एयर एशिया पर 20 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में एयर एशिया (इंडिया) एयरलाइन पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। डीजीसीए ने अपने काम में लापरवाही बरतने के लिए एयरलाइन के 8 नामित परीक्षकों पर 3-3 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यही नहीं, एयरलाइन के ट्रेनिंग हेड को 3 महीने की अवधि के लिए निलंबित कर दिया है। डीजीसीए द्वारा 23 नवंबर से 25 नवंबर, 2022 के दौरान एयर एशिया (इंडिया) लिमिटेड का निगरानी निरीक्षण किया गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, निरिक्षण के दौरान डीजीसीए ने पाया कि एयर एशिया (इंडिया) लिमिटेड के पायलटों के कुछ अनिवार्य अभ्यास पायलट प्रवीणता जांच और उपकरण रेटिंग जांच (जो एक अंतरराष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की आवश्यकता है) के दौरान नहीं किए थे, जो डीजीसीए नियमों का उल्लंघन है।

### नए टैक्स रिजिम से मध्यम वर्ग को राहत, वित्त मंत्री ने आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड को किया संबोधित

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा है कि नए टैक्स रिजिम मध्यम वर्ग को अधिक फायदा मिलेगा। इस रिजिम के तहत उनकी जेब में अधिक पैसा बचेगा। बजट के बाद रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड को संबोधित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में सीतारमण ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि लोगों को सरकारी योजनाओं के जरिये निवेश के लिए प्रेरित किया जाए बल्कि उन्हें निवेश के संबंध में व्यक्तिगत निर्णय लेने का मौका दिया जाना चाहिए। वित्त मंत्री ने कहा कि अगले वित्त वर्ष से प्रभावी रियायती कर व्यवस्था के तहत तीन लाख रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं लगाया जाएगा। तीन से छह लाख तक की आमदनी वालों को पांच प्रतिशत की दर से टैक्स का भुगतान करना होगा। छह से नौ लाख तक की आमदनी पर 10 प्रतिशत टैक्स लगाया जाएगा। जबकि नौ से 12 लाख की आमदनी पर 15 प्रतिशत की दर से आयकर देय होगा। 12 से 15 लाख की आमदनी पर 20 प्रतिशत जबकि 15 लाख से अधिक आमदनी वालों को 30 प्रतिशत कर का भुगतान करना पड़ेगा। वहीं नई टैक्स रिजिम के तहत सात लाख रुपये तक की सालाना आमदनी तक किसी टैक्स का भुगतान नहीं करना पड़ेगा। अदाणी समूह के संकट पर एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ने कहा, भारतीय नियामक बहुत अनुभवी हैं और वे अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं। नियामकों को इस मामले की जानकारी है और वे हर मामले की तरह इस मामले में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। क्रिप्टो से जुड़ी परिसंपत्तियों को विनियमित करने पर वित्त मंत्री ने कहा कि भारत एक आम ढांचा तैयार करने के लिए जी20 के देशों के साथ चर्चा कर रहा है।

# हरित विकास अब प्राथमिकता, पर्यटन से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर, एआई को बढ़ावा देगा शोध

**नई दिल्ली।**
केंद्र सरकार ने बजट में विनिर्माण, इलेक्ट्रिक वाहन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पर्यटन और पर्यावरण के क्षेत्र में कई सहूलियतों का एलान कर अर्थव्यवस्था को गति देने की योजना बनाई है। हरित विकास अब देश की प्राथमिकता है। पर्यटन में सरकार ने इस बार कई प्रावधान किए हैं। इनसे रोजगार सृजन भी होंगे। वहीं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में शोध के लिए भी नए केंद्र बनाए जाएंगे।

देश में मोबाइल फोन उत्पादन इकाइयों को प्रोत्साहन देने के लिए कुछ पुर्जों के आयात पर सीमा शुल्क में छूट दी जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाली लीथियम बैटरियों पर लगने वाले सीमा शुल्क को भी 21 से कम करके 13 फीसदी कर दिया गया है। इससे इलेक्ट्रिक वाहन सस्ते होंगे। पेट्रोल-डीजल की महंगाई से परेशान जनता ई-वाहनों की ओर आकर्षित होगी। पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता घटने से पर्यावरण को भी लाभ होगा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के लिए देश में तीन उत्कृष्ट संस्थानों की स्थापना का भी एलान किया गया है। देश के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में बनाए जाने वाले ये सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कृषि, स्वास्थ्य, सतत विकास और शहरों को स्मार्ट बनाने की योजना पर काम करेंगे। पर्यटन को लेकर मिशन मोड में काम करने की योजना है। पर्यटन क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावना है। इस क्षेत्र में विशेष रूप से युवाओं को नौकरी और उद्यमिता के बड़े अवसर मिलेंगे। उन्होंने एलान किया कि सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 50 स्थलों को चुना है। इन चयनित जगहों को सरकारी मदद दी जाएगी। इसके अलावा बजट पेश करते समय निर्मला सीतारमण ने स्वदेश दर्शन योजना और देखो अपना भारत स्कीम का भी जिक्र किया। स्वदेश दर्शन योजना को सीमा और गांव के पर्यटन के लिए विकसित किए जाने की योजना है। 2400 करोड़ रुपये पर्यटन उद्योग को सरकार ने इस बार पिछले बजट की तरह किया है आवंटित 16,361 करोड़ विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय को आवंटित, 2,143 करोड़ रुपये इस बार अधिक 2023-24 में कौशलवर्धन और उद्यमिता विकास में समन्वयन देशभर में किया जाएगा स्थापित 50 पर्यटन स्थल होंगे विकसित केंद्रीय बजट 2023-24 में राज्यों की भागीदारी, निजी सार्वजनिक भागीदारी के साथ पर्यटन को बढ़ावा तो



युवाओं को रोजगार से रफ्तार मिलेगी। भारत में स्थानीय और विदेशी पर्यटकों के लिए 'असीम आकर्षण' है। इसीलिए एक पैकेज के साथ 50 पर्यटन स्थलों में घूमने का मौका मिलेगा। स्वदेश दर्शन योजना के तहत देश के सीमावर्ती इलाकों और गांवों तक पर्यटकों को जोड़ा जाएगा। घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'देखो अपना देश मुहिम' शुरू होगी। पर्यटन उद्योग को सरकार ने इस बार पिछले बजट की तरह 2400 करोड़ रुपये दिए जाने की घोषणा की है। इनमें से 1644 करोड़ रुपये पर्यटन के आधारभूत ढांचे को संवारने में तथा 1181.30 करोड़ रुपये स्वदेश दर्शन योजना के तहत खर्च किए जाएंगे। टाटा संस के चेयरमैन ने बजट 2023-24 को सराहा, बोले- नई कर व्यवस्था से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी केंद्रीय बजट 2023-24 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा है कि वैश्विक विकास की धीमी गति और चुनौतीपूर्ण वित्तीय परिस्थितियों बावजूद वित्त मंत्री ने विकास को उपयुक्त प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा, मैं अधिक उत्पादक व्यय के कदम का स्वागत करता हूं। पूंजीगत व्यय के लिए 10 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया गया है। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 33प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जीडीपी के हिस्से के रूप में पिछले दो दशकों में यह सबसे अधिक है। नई कर व्यवस्था के तहत आयकर स्लैब में बदलाव से लोगों की क्रय शक्ति बढ़नी चाहिए। एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी और अन्य सहायता, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करना और अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए उठाए गए कदमों से रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। बजट में मुफ्त भोजन योजना को एक और वर्ष के लिए बढ़ाकर सरकार ने यह संकेत दिया है कि वह साझा समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है।

**स्वदेश दर्शन से होगा विकास** – स्वदेश दर्शन के तहत पर्यटन विकास के लिए करोड़ों की परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। इस योजना के जरिये देश के सभी तीर्थ स्थलों पर परिवहन, आर्थिक स्थिति, रोजगार और भोजन आदि आवश्यक चीजों पर ध्यान दिया जाएगा। योजना के अंतर्गत पर्यटन क्षमता वाली जगहों को योजनाबद्ध तरीके और प्राथमिकता के साथ विकसित किया जाएगा। साथ ही उस क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन भी किया जाएगा। इन पर्यटन स्थलों को बढ़ावा : स्वदेश दर्शन योजना में जिन सर्किटों की फिलहाल पहचान की गई, उनमें बौद्ध तीर्थ स्थल, 5 राज्यों के 12 जगहों पर कृष्ण तीर्थ स्थल, रामायण सर्किट, सूफी परंपरा को कायम रखने वाले पर्यटन स्थल, जैन तीर्थ स्थल, आध्यात्मिक सर्किट हैं, जिनमें सात राज्य शामिल हैं। इन्हें पर्यटन के लिहाज से विकसित किया जाएगा। इसके अलावा नार्थ ईस्ट सर्किट, ईको सर्किट, ट्राइबल सर्किट, हेरिटेज सर्किट, वाइल्ड लाइफ सर्किट के संभावित पर्यटन स्थलों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**हरित प्रगति के लिए तय किए गए ये पायदान** – पर्यावरण संरक्षण, परंपरागत खेती, प्रदूषण की रोकथाम, ऊर्जा आत्मनिर्भरता जैसे लक्ष्य हासिल करने में मिलेगी मदद बजट के सप्तऋषि यानी प्राथमिकता वाले सात क्षेत्रों में हरित प्रगति पांचवें स्थान पर है। इसके जरिये पीएम मोदी के विजन लाइफ यानी पर्यावरण अनुरूप जीवन जीने की शैली पर सरकार ने बताया है वह क्या करने जा रही है। जानिए इस हरित प्रगति के तहत क्या क्या होगा, क्या फायदा मिलेगा।

**ऊर्ज भंडारण** – यह होगा : 4 हजार मेगावॉट घंटे की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली बनाना। इसके लिए फंडिंग जुटाई जाएगी। पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं के लिए भी फ्रेमवर्क बनेगा। ऐसी परियोजनाएं उस वक्त बिजली भंडारण में मदद करती हैं, जब उत्पादन ज्यादा हो, मांग कम। फायदा : देश की अर्थव्यवस्था को सतत विकास के रास्ते पर लाने में मदद मिलेगी। ऊर्जा के नए उभरते क्षेत्रों में सिरमौर बनेगा देश बजट : 19,700 करोड़ रुपये यह होगा : साल 2030 तक भारत हर साल 50 लाख मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करने लगेगा। फायदा : अर्थव्यवस्था को कम कार्बन उत्सर्जित करने वाली अर्थव्यवस्था में बदलना, जीवाश्म ईंधन आयात घटाना और ऊर्जा के नए उभरते क्षेत्रों व तकनीकों के बाजार में देश को सिरमौर बनाना।

# जी-20 देशों के यात्री अब भारत में कर सकेंगे यूपीआई का इस्तेमाल

## आरबीआई ने जारी किया सर्कुलर




**मुंबई।**
आरबीआई ने जी-20 देशों के यात्रियों को भारत में रहने के दौरान मोबाइल आधारित यूपीआई के इस्तेमाल की अनुमति देने के लिए शुक्रवार को सर्कुलर जारी किया। इसमें कहा गया है कि प्रीपेड भुगतान उपकरण (पीपीआई) जारी करने की अनुमति प्राप्त बैंक या गैर-बैंक भारत आने वाले विदेशी नागरिकों या अप्रवासी भारतीयों को भारतीय रुपये में पूर्ण केवाईसी पीपीआई जारी कर सकते हैं। ये पीपीआई फेमा के तहत विदेशी मुद्रा में लेनदेन के लिए अधिकृत संस्थाओं के साथ सह-ब्रांडिंग व्यवस्था में भी जारी किए जा सकते हैं।सर्कुलर के मुताबिक, पीपीआई को यूपीआई से जुड़े वॉलेट के रूप में जारी किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल सिर्फ मर्चेंट पेमेंट्स (पी2एम) के लिए हो सकता है। ये निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा, शुरुआत में यह सुविधा चुनिंदा हवाईअड्डों पर पहुंचने वाले जी-20 देशों के यात्रियों को मिलेगी। बाद में इसका विस्तार देश में सभी प्रवेश बिंदुओं पर कर दिया जाएगा।

### पासपोर्ट और वीजा सत्यापन के बाद जारी होंगे पीपीआई

आरबीआई ने कहा कि जी-20 देशों के यात्रियों के पासपोर्ट और वीजा के भौतिक सत्यापन के बाद पीपीआई जारी किए जाएंगे। खर्च होने के बाद पीपीआई में बची हुई रकम को जी-20 देशों के यात्री विदेशी मुद्रा में भुना सकते हैं या उसे बैक टु सोर्स में स्थानांतरित किया जा सकता है।

### शुरुआत में इन्हें मिलेगी सुविधा

जी-20 दुनिया के विकसित और विकासशील देशों का मंच है। शुरुआत में इन्हीं देशों के यात्रियों को यूपीआई सुविधा मिलेगी। इन देशों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ शामिल हैं।

### यूपीआई से भुगतान बढ़कर 13 लाख करोड़ रुपये

आरबीआई ने विदेशी नागरिकों और भारत आने वाले प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) को इसके उपयोग की अनुमति देने की बुधवार को घोषणा की थी। यूपीआई के जरिये भुगतान जनवरी में मासिक आधार 1.3 फीसदी बढ़कर करीब 13 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।

# अदाणी समूह के साथ एंकर निवेशकों के संबंधों की जांच शुरू, मॉरीशस की 2 कंपनियों ने लगाया था पैसा

**नई दिल्ली।**
बाजार नियामक सेबी ने अदाणी इंटरप्राइजेज के 20,000 करोड़ के फॉलोऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) से जुड़े दो एंकर निवेशकों की जांच शुरू कर दी है। जांच अदाणी समूह के साथ



इन निवेशकों के संबंधों से जुड़ी है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने कहा कि जांच के संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय को जानकारी दी गईहै। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) इस मामले में कानूनों के संभावित उल्लंघन या शेयर बिक्री प्रक्रिया में किसी भी तरह के हितों के टकराव की जांच कर रहा है। मॉरीशस की दो कंपनियों ग्रेट इंटरनेशनल टस्कर फंड और आयुष्मत लि. की अदाणी के साथ संबंधों की जांच भी हो रही है। दोनों ने एफपीओ में एंकर निवेशक के रूप में पैसा लगाया था। कैपिटल एवं डिस्क्लोजर नियमों के मुताबिक, अगर कोई संस्थान किसी कंपनी के संस्थापक या संस्थापक समूह से जुड़ा है तो वह उस कंपनी में एंकर निवेशक नहीं हो सकता है। सेबी यही जांच कर रहा है कि जो भी एंकर निवेशक हैं, क्या वे समूह संस्थापकों से जुड़े हैं या नहीं। सेबी की जांच में एलारा कैपिटल और मोनार्क नेटवर्थ कैपिटल भी हैं। यह उन 10 निवेश बैंकर्स में शामिल हैं, जिन्होंने एफपीओ का प्रबंधन किया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने अदाणी समूह की तीन में दो कंपनियों अदाणी पोर्ट्स और अंबुजा सीमेंट्स को अतिरिक्त निगरानी व्यवस्था (एएसएम) से बाहर कर दिया है। हिंडनबर्ग का आरोप है कि अदाणी समूह की एक निजी कंपनी की मोनार्क में मामूली हिस्सेदारी थी। यह कंपनी पहले समूह के लिए एक बुक रनर के रूप में काम कर चुकी थी। यह स्पष्ट रूप से हितों के टकराव का मामला है। इसने यह भी आरोप लगाया कि एलारा के एक मॉरीशस स्थित फंड ने अदाणी समूह की तीन कंपनियों के शेयरों में अपने बाजार मूल्य का 99 फीसदी निवेश किया है। मूडीज ने शुक्रवार को अदाणी समूह की चार कंपनियों की रेटिंग स्थिर से घटाकर नकारात्मक कर दी है।

### अलीबाबा ने पेटीएम में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेची: अलीबाबा ग्रुप ने ब्लॉक डील में 3.4प्रतिशत स्टेक्स बेचे

**नई दिल्ली।** अलीबाबा ग्रुप ने पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन-97 कम्युनिकेशंस में अपनी बची हुई 3.4प्रतिशत हिस्सेदारी भी बेच दी है। इसके साथ ही अलीबाबा ग्रुप की इंडियन पेटीएम में अब कोई हिस्सेदारी नहीं बची है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अलीबाबा ग्रुप ने 10 जनवरी को ब्लॉक डील में पेटीएम के करीब 2.1 करोड़ शेयर्स बेच दिए हैं। अलीबाबा ग्रुप ने इससे पहले जनवरी में पेटीएम में अपनी 3.1प्रतिशत की बड़ी हिस्सेदारी बेची थी। तब अलीबाबा ने पेटीएम के 125 मिलियन डॉलर यानी करीब 1,125 करोड़ रुपए के शेयर बल्क डील में ही बेचे थे। कंपनी ने पेटीएम के 2 करोड़ शेयर्स 536.95 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से बेचे थे। सितंबर 2022 में पेटीएम में अलीबाबा ग्रुप की 6.26प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

# गणित कौशल में सुधार के लिए मदद करेगा माइक्रोसॉफ्ट का नया एआई-सक्षम क्लासरूम टूल

**सैन फ्रांसिस्को।**
माइक्रोसॉफ्ट ने नए एआई-पावर्ड क्लासरूम टूल्स की घोषणा की है, जो छात्रों को उनके बोलने और गणित कौशल को तेज करने में मदद करेगा, शिक्षकों के काम को थोड़ा आसान बना देगा, क्योंकि बच्चे और भी अधिक तकनीकी रूप से उन्नत भविष्य के लिए तैयार हो रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा कि नए टूल के साथ, शिक्षक छात्रों, समूहों और कक्षाओं के लिए बोलने और प्रस्तुति असाइनमेंट बनाने, समीक्षा करने और विश्लेषण करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करके अपना समय बचाने में सक्षम होंगे। गुरुवार को एंगेजेट की रिपोर्ट के मुताबिक, 2023-24 स्कूल वर्ष में शिक्षा के लिए टीम्स में नए टूल लॉन्च किए जाएंगे। स्पीकर प्रोग्रेस शिक्षकों के लिए एक नया एआई क्लासरूम टूल है। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा, टूल




प्रस्तुति-आधारित कौशल का सुव्यवस्थित सारांश प्रदान कर सकता है, जबकि सुधार के क्षेत्रों को उजागर कर सकता है और शिक्षकों को छात्र रिकॉर्डिंग की समीक्षा करने, उनकी आवश्यकताओं की पहचान करने और प्रगति को ट्रैक करने देता है। एंगेजेट रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि यह स्पीकर कोच के लिए एक साथी होगा, जो कि 2021 में माइक्रोसॉफ्ट द्वारा लॉन्च किया गया एक मौजूदा फीचर है जो आमने-सामने बोलने का मार्गदर्शन और प्रतिक्रिया प्रदान करता है। माइक्रोसॉफ्ट के एआई गणित उपकरण महामारी के दौरान गणित के अंकों को कम करने का जवाब हैं। मैथ कोच छात्रों के लिए समस्याओं का विश्लेषण करता है, महत्वपूर्ण सोच को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें हल करने के चरणों के माध्यम से उनका मार्गदर्शन करता है। इस बीच, गणित प्रगति शिक्षकों के लिए एक सहयोगी उपकरण है, जो उन्हें अभ्यास प्रश्न बनाने और अधिक कुशल प्रतिक्रिया प्रदान करने में सहायता करता है। कंपनी ने कहा, विशेषताएं एक दूसरे की पूरक हैं: मैथ कोच नए पाठों को विकसित करने के लिए मैथ प्रोग्रेस से शिक्षकों की प्रतिक्रिया का उपयोग करता है। कंपनी ने कहा, स्कूल प्रगति को ट्रैक करने और अपने उद्देश्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए टूल्स के समग्र गणित प्रवाह डेटा का उपयोग कर सकते हैं।

## एअर इंडिया ने फाइनल की 500 विमानों की डील

# इसे मदर ऑफ ऑल एविएशन डील कहा जा रहा, ऑर्डर में 430 नैरोबॉडी और 70 वाइडबॉडी एयरक्राफ्ट शामिल

**मुंबई।**
टाटा संस की एअर इंडिया ने 500 विमान खरीदने का ऑर्डर फाइनल कर दिया है। इस ऑर्डर में 430 नैरोबॉडी और 70 वाइडबॉडी एयरक्राफ्ट शामिल हैं, और इन्हें अगले सात से आठ वर्षों में डिलीवर किया जाएगा। इस मामले से जुड़े लोगों के हवाले से इसे लेकर एक रिपोर्ट पब्लिश की है। ये ऑर्डर एअर इंडिया का है, लेकिन ये लो कॉस्ट कैरियर एयर एशिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस के लिए भी होगा।

रिपोर्ट के मुताबिक यूरोपीय मैन्युफैक्चरर एयरबस ने इस ऑर्डर का एक बड़ा हिस्सा हासिल किया है। 240 320 नियो और 40 350 विमानों का ऑर्डर एयरबस पूरी करेगा, जबकि बोइंग 190 737 मैक्स, 20 787 और 10 777 विमानों की सप्लाई करेगा। इसकी औपचारिक घोषणा अगले हफ्ते होने की उम्मीद है। इसकी कीमत करीब 150 बिलियन डॉलर है, लेकिन




इस तरह की बड़ी डील्स में डिस्काउंट काफी आम है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि शुक्रवार को एक मीटिंग में एयरबस के साथ डील को अंतिम रूप दिया गया। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन और एयरबस चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर क्रिश्चियन शायर इसमें शामिल हुए। वहीं बोइंग के साथ डील टाटा संस के मुंबई स्थित हेडक्वार्टर बॉम्बे हाउस में 29 जनवरी को साइन की गई।

इंडियन मार्केट में एयरबस का दबदबा है। भारत के सिविल एविएशन मार्केट का लीडर इंडिगो एयरबस के 320 का दुनिया का सबसे बड़ा कस्टमर है। भारत में नैरोबॉडी एयरक्राफ्ट का इतना बड़ा ऑर्डर जीतना बोइंग के लिए तख्तापलट की तरह होगा। एअर इंडिया की बोइंग और एयरबस के साथ इस डील को मदर ऑफ ऑल एविएशन डील कहा जा रहा है।

नैरोबॉडी प्लेन से एअर इंडिया 4-5 घंटे वाले शॉर्ट-हॉल डेस्टिनेशन सर्विस दे सकेगी। इससे वो इंडिगो को कड़ी टक्कर दे पाएगा, जिसका वर्तमान में 50प्रतिशत से ज्यादा के डोमेस्टिक मार्केट पर कब्जा है। वहीं वाइज बॉडी एयरक्राफ्ट टाटा को उत्तरी अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया में अपने फुटप्रिंट बढ़ाने में मदद करेगा। एअर इंडिया के अंत तक लगभग 50 विमान ऐड की संभावना है, जिससे इसकी क्षमता करीब 50प्रतिशत बढ़ जाएगी।

### 5 साल में 30प्रतिशत मार्केट शेयर का टारगेट

पिछले साल की शुरुआत में एयर इंडिया का अधिग्रहण करने के बाद से, टाटा ग्रुप अपनी फ्लीट में सुधार के लिए एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरर्स के साथ बातचीत में लगा है। बीते दिनों एअर इंडिया के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर कैंपबेल विल्सन ने कहा था कि एयर इंडिया अगले 5 साल में डोमेस्टिक और इंटरनेशनल दोनों रूट पर मार्केट शेयर को 30प्रतिशत तक बढ़ाना चाहती है।

### एअर इंडिया 27 जनवरी 2022 से प्राइवेट हो गई

सरकारी कंपनी एअर इंडिया 27 जनवरी 2022 से प्राइवेट हो गई। इसका टाटा ने टेकओवर कर लिया था। इसके बाद टाटा देश की दूसरी बड़ी एयरलाइन बन गई। वहीं एविएशन मार्केट की बात करें तो भारत का एविएशन मार्केट वर्तमान में दुनिया का तीसरा बड़ा बाजार है। अगले 10 साल में इसके दोगुना होने की उम्मीद है।

### भारत के 40 लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी बनने में रोड़ा बनेगी तस्करी, सरकार को कर में बड़ा नुकसान

**नई दिल्ली।** तस्करी से देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान हो रहा है। यह सरकार के अमृतकाल के दृष्टिकोण के तहत भारत के 40 लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी बनने की राह में रोड़ा बन सकता है। भारतीय उद्योग महासंघ (फिक्की) की तस्करी एवं जाली वस्तुओं से अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान के खिलाफ समिति (कैस्केड) की एक रिपोर्ट में यह आशंका जताई गई है। इसमें कहा गया है कि पांच उद्योगों में अवैध व्यापार की वजह से भारत सरकार को कर के रूप में होने वाला नुकसान 2019-20 में 163 फीसदी बढ़कर 58,521 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इन पांच अवैध व्यापार वाले उद्योगों में अल्कोहल, मोबाइल फोन, दैनिक उपयोग वाली घरेलू एवं निजी वस्तुएं, पैकेट बंद खाद्य पदार्थ और तंबाकू उत्पाद शामिल हैं।

# द कश्मीर फाइल्स के लिए आस्कर तो क्या भास्कर भी नहीं मिलेगा

## -फिल्म बनाने को लेकर विवेक अग्निहोत्री पर भड़के प्रकाश राज





**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड फिल्म निमार्ता विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स जिस दिन से रिलीज हुई है, उसी दिन से इसकी खूब आलोचना हो रही है, खूब विवाद हो रहा है। पच्चीस करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने भले ही छप्परफाड़ कमाई कर ली, लेकिन इसे छप्परफाड़ आलोचना और विवाद भी मिले। जहां कुछ समय पहले इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के जूरी हेड नदव लैपिड ने द कश्मीर फाइल्स को एक घटिया प्रोपेगेंडा वाली फिल्म बता दिया था, वहीं अब एक्टर प्रकाश राज ने इस पर गुस्सा निकाला है। प्रकाश राज हाल ही केरल में हुए मातृभूमि इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ लेटर्स के दौरान मौजूद थे। यहां उन्होंने द कश्मीर फाइल्स की खूब आलोचना की और इसे बकवास फिल्म बताया। प्रकाश राज साउथ फिल्म इंडस्ट्री के बेबाक स्टार्स में से एक हैं। वह राजनीतिक से लेकर सामाजिक हर तरह के मुद्दे पर अपनी बेबाक राय रखते हैं। साउथ के अलावा बॉलीवुड में भी कई फिल्मों में काम कर चुके प्रकाश राज ने यह तक कह दिया कि द कश्मीर फाइल्स पर इंटरनैशनल जूरी ने थूक दिया। उन्होंने इस फिल्म के मेकर्स को बेशर्म तक कह दिया। प्रकाश राज ने कहा, द कश्मीर फाइल्स सबसे नॉनसेंस और बकवास फिल्मों में से एक है। लेकिन हम जानते हैं कि इसे किसने प्रोड्यूस किया है। बेशर्म हैं। इंटरनैशनल जूरी तक ने उन पर थूक दिया। डायरेक्टर पूछ रहा है कि मुझे ऑस्कर क्यों नहीं मिल रहा है। उसे तो भास्कर भी नहीं मिलेगा। मैं आपका बताता हूं क्यों? क्योंकि हमारे यहां सेंसिटिव मीडिया भी है। और आप यहां एक प्रोपेगेंडा फिल्म बना रहे हैं। मेरे सोर्सेज के मुताबिक, उन्होंने इस तरह की फिल्म बनाने के लिए 2 हजार करोड़ रुपये निवेश किए। लेकिन आप हमेशा लोगों को बेवकूफ नहीं बना सकते। प्रकाश राज ने शाहरुख खान की फिल्म पठान के बारे में भी बात। प्रकाश राज ने कहा कि वो लोग इस फिल्म को बैन करना चाहते थे, लेकिन यह 700 करोड़ का बिजनेस कर चुकी है। प्रकाश राज बोले, वो बस भोंक रहे हैं। वो काटेंगे नहीं। सिर्फ ध्वनि प्रदूषण है। अब देखना यह होगा कि विवेक अग्निहोत्री, प्रकाश राज के इस बयान पर किस तरह रिएक्ट करेंगे। जब नदव लेपिड ने द कश्मीर फाइल्स को प्रोपेगेंडा वाली फिल्म बताया था तो विवेक अग्निहोत्री ने एक वीडियो बनाकर पलटवार किया था। द कश्मीर फाइल्स में अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, पल्लवी जोशी और दर्शन कुमार जैसे एक्टर्स नजर आए थे। फिल्म कश्मीरी पंडितों द्वारा 90S में झेले गए पलायन और उनके नरसंहार पर आधारित थी। बता दें कि फिल्म बीते 11 मार्च 2022 में रिलीज हुई थी और अब तक यह फिल्म किसी न किसी वजह से निशाने पर आ ही जा रही है। फिल्म की कहानी को लेकर अभी तक विवाद जारी है।

# मनोज ने सोशल मीडिया पर गिराया जिज्ञासा बम

## -शुरू हुई चर्चा- क्या द फैमिली मैन की वापसी हो रही है?



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी ने अपने सोशल मीडिया पर एक जिज्ञासा बम गिराया है। अपने इंस्टाग्राम पर अभिनेता ने अपना एक वीडियो साझा किया जिसमें वह कैमरे से बात कर रहे हैं। अभिनेता ने कैप्शन लिखा, फैमिली के साथ आ रहा हूं. स्वागत नहीं करोगे हमारा? वीडियो में, वह कहते हैं, हेलो, हैलो, कैसे हैं आप सब? बहुत टाइम हो गया, नहीं? मेरी बात गौर से सुनिए। इस होली, आपकी फैमिली के लिए ला रहा हूं अपनी फैमिली ले कर। बने रहें। वीडियो ने अभिनेता और स्ट्रीमिंग सीरीज के प्रशंसकों को उन्माद में डाल दिया है। नेटिजन्स द फैमिली मैन की वापसी से खुश हैं। प्रशंसकों ने शो के लिए अपनी उत्तेजना व्यक्त करने के लिए कई टिप्पणी की। एक फैन ने लिखा, सीजन 3 का इंतजार नहीं कर सकता। एक अन्य ने कमेंट किया, मास्टर पीस आने वाला है। एक तीसरे प्रशंसक ने कहा, श्रीकांत तिवारी आ रहे हैं। बाजपेयी के अलावा, द फैमिली मैन 1 और द फैमिली मैन 2 में शारिब हाशमी, प्रियामणि, सामंथा रुथ प्रभु और श्रेया धनवंतरी ने अभिनय किया था। यह सीरीज राज एंड डीके 2 द्वारा बनाई गई थी। द फैमिली मैन 3 के अलावा, इस जोड़ी के तीन और शो पर काम चल रहा है। जल्द ही रिलीज होने वाली वेब सीरीज फर्जी शाहिद कपूर, राशि खन्ना और विजय सेतुपति द्वारा निर्देशित है। वह वर्तमान में अपनी अगली फिल्म गन्स एंड गुलाब की शूटिंग कर रहे हैं, जिसमें राजकुमार राव, दुलारे सलमान और आदर्श गौरव हैं। बता दें कि मनोज गैंग्स ऑफ वासेपुर, सत्या, द फैमिली मैन और कई अन्य फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाते हैं।

# लियोनाडरे नही कर रहे किसी के साथ डेटिंग

## -19 साल की इजरायली मॉडल के साथ थी डेटिंग की चर्चा



**लॉस एंजेलिस (ईएमएस)।** 19 साल की इजराइली मॉडल ईडन पोलानी के साथ हॉलीवुड स्टार लियोनाडरे डिकैप्रियो डेटिंग नहीं कर रहे हैं। अभिनेता के करीबी सूत्रों ने पुष्टि की कि यह जोड़ी किसी भी तरह के रिश्ते में नहीं है। हाल ही में उन दोनों को एक पार्टी में एक साथ देखा गया था तब से ही अफवाहे चल रही थी1 जानकारी के मुताबिक, वे एक संगीत कार्यक्रम में एक-दूसरे के बगल में बैठे थे। उस कार्यक्रम में कई लोग थे। हालांकि, उन्होंने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की कि क्या दोनों के बीच कभी कोई रोमांटिक संबंध रहा है। लॉस एंजिल्स में 31 जनवरी को नए ईपी के लिए एबोनी रिले की रिलीज पार्टी में लियो डिकैप्रियो और ईडन पोलानी के एक साथ फोटो खिंचवाने के बाद डेटिंग अफवाहें सामने आईं थी। कुछ तस्वीरों में, डोन्ट लुक अप अभिनेता को मॉडल के बगल में एक हल्की मुस्कान बिखेरते हुए देखा जा सकता है। लियो और ईडन की तस्वीरों के ऑनलाइन होने के बाद, कुछ ट्विटर आलोचकों ने उनकी खिंचाई की। एक व्यक्ति ने लिखा, लियोनाडरे डिकैप्रियो की प्रेमिका इतनी कम उम्र की है कि उसका हाई स्कूल कोविड-19 के चलते बंद हो गया था। किसी और ने टिप्पणी की: लियोनाडरे डिकैप्रियो के लगभग 50 लड़कियों के साथ डेटिंग करने के बारे में मजाक करना बंद करें और उन्हें कुछ और नहीं बल्कि एक प्रीडेटर बुलाएं। दिसंबर 2022 में लॉस एंजिल्स सोशल क्लब छोड़ने के बाद लियो के लोरेंजो लामास की बेटी विक्टोरिया के साथ डेटिंग की अफवाह थी।

# काजोल- शाहरुख की फिल्म को ठुकरा दिया था रवीना ने

## - करण जौहर ने अब तक नहीं किया माफ!



**मुंबई (ईएमएस)।** मशहूर बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने हाल ही में अपने कॅरियर के दौरान की बहुत-सी बातें शेयर की है। उनके अनुसार, उन्होंने काजोल और शाहरुख खान की एक सुपरहिट फिल्म को ठुकरा दिया था। फिल्म इंडस्ट्री में करण जौहर की फिल्मों में काम करना बड़ी बात मानी जाती है क्योंकि इसके बाद बॉलीवुड में खुद को स्थापित करना आसान हो जाता है। रवीना ने करण जौहर के साथ कभी फिल्म नहीं की। रवीना के अनुसार, करण ने उन्हें फिल्म कुछ कुछ होता है का प्रस्ताव दिया था। इसे रवीना ने एक्सेप्ट नहीं किया था। गौरतलब है कि रवीना टंडन के बाद करण जौहर ये किरदार लेकर रानी मुखर्जी के पास लेकर गए थे। रानी ने इस किरदार के लिए हामी भर दी थी। साल 1998 में आई यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी और सभी कलाकारों को इस फिल्म से काफी फायदा हुआ था। रवीना ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया, करण ने मुझे कुछ कुछ होता है का प्रस्ताव दिया था। लेकिन मेरा किरदार काजोल के किरदार के आगे छोटा था। काजोल और मैंने तकरीबन साथ ही कॅरियर शुरू किया था। मेरा कॅरियर भी उस समय पीक पर था इसलिए मैं नहीं चाहती थी कि मेरा रोल काजोल से कम हो। इस कारण मैंने फिल्म के लिए इनकार कर दिया। लगता है इस बात के लिए करण जौहर ने आज तक मुझे माफ नहीं किया है।

# करण ने सिद्धार्थ- कियारा की खूबसूरत फोटो की शेयर



फिल्ममेकर-प्रोड्यूसर करण जौहर अपने इंस्टाग्राम पर सिद्धार्थ और कियारा की बेहद खूबसूरत पिक्चर शेयर की। इस पिक्चर में सिड एक्ट्रेस के गालों पर किस करते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैं दोनों से सालों पहले मिला था। शांत, मजबूत और काफी ज्यादा सेंसिटिव। उसके कई साल बाद मैं इस लड़की से मिला..शांत, मजबूत और सेंसिटिव..। फिर वे दोनों एक दूसरे से मिले और तब मुझे इस बात का अहसास हुआ ये दो मजबूत व्यक्तित्व वाले लोग मिलकर एक बेहतरीन बॉन्ड बना सकते हैं। इसके बाद दोनों की मैजिकल लव स्टोरी शुरू हुई। इन दोनों को एक साथ इस तरह से देखना किसी परियों की कहानी से कम नहीं है। फिल्म निमार्ता ने कहा कि सगाई से लेकर मंडप तक इन दोनों के प्यार को हम सबने महसूस किया। लव यू सिड, लव यू कियारा, ऐसे ही हमेशा प्यार से एक दूसरे के साथ रहो।

# किसी का भाई किसी की जान की शूटिंग पूरी



फिल्म किसी का भाई किसी की जान की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान प्रमुख भूमिका में है। फिल्म से अपना एक लुक शेयर करते हुए सलमान खान ने सोशल मीडिया हैंडल पर शूटिंग के खत्म होने की घोषणा की। घोषणा करते ही सोशल मीडिया दर्शकों और प्रशंसकों के मैसेज से भर गया कि फिल्म की रिलीजिंग को लेकर वे काफी उत्सुकता है और अपने पसंदीदा मेगास्टार को बड़े पर्दे पर देखने की उनकी बेहद इच्छा है। नए लुक की बात करें तो पिक्चर में खान डैशिंग और कूल लग रहे हैं। किसी का भाई किसी की जान में सलमान खान, वेंकटेश दग्गुबाती, पूजा हेगड़े, जगपति बाबू, भूमिका चावला, विजेंदर सिंह, अभिमन्यु सिंह, राघव जुयाल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, शहनाज गिल, पलक तिवारी और विनाली भटनागर हैं।

# जगदीश फिल्म साथी गनी रेंदु एकरालु में निभाएंगे लीड रोल



साउथ के दमदार एक्टर जगदीश बांदरी तेलुगू ओटीटी फिल्म साथी गनी रेंदु एकरालु में लीड रोल निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जगदीश अल्लू अर्जुन की सुपरहिट फिल्म पुष्पाः द राइज में दर्शकों की जमकर तालियां बटोर चुके हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक बयान में कहाः हम अहा पर दर्शकों के लिए अपनी पहली ओटीटी तेलुगु फिल्म लाने के लिए काफी एक्साइटिड हैं। ओटीटी में कदम रखना सफलता का संकेत है। हमारा मानना है कि यह दर्शकों को एंटरटेनमेंट देने के साथ सुपर लेवल पर प्रभावित करने का एक अवसर है। उन्होंने आगे कहा, फिल्म की कहानी काफी पावरफुल है। फिल्म के लिए शानदार म्यूजिक भी कंपोज किया गया है,। जगदीश के अलावा, ट्विस्ट के साथ डार्क कॉमेडी में दमदार कलाकारों की टुकड़ी है, जिसमें वेन्नेला किशोर, बिथरी साथी, मोहना श्री सुरगा, राज तिरंडासु और अनीशा दामा शामिल हैं।

# स्टार प्लस ने नए शो 'चाशनी' का किया ऐलान, एंटरटेनमेंट से भरपूर हैं दो बहनों की कहानी



मनोरंजन चैनल स्टार प्लस ने हमेशा अपने दर्शकों को कुछ बेहद दिलचस्प शोज के रूप में शानदार तोहफा दिया है। कहना सही भी होगा कि स्टार प्लस के सभी शोज ने लोगों के दिलों को गहराई से छुआ है और फैन्स ने शोज के साथ साथ किरदारों से भी भरपूर प्यार किया। उनके साथ हंसे, रोए है और उन्हें फील किया है। फिर चाहें वो स्टार प्लस का सालों पुरना कहानी घर-घर की हो जो आज भी लोगों की यादों में बसा है या फिर इन दिनों चैनल पर टेलिकास्ट होने वाले शोज अनुपमा, ये रिश्ता क्या कहलाता है, तेरी मेरी डोरियां, इमली, ये है चाहतें, रज्जो और फालतू हो जो सभी को एंटरनेट कर रहा है। इस कड़ी में अब स्टार प्लस भारतीय टेलीविजन पर अब तक का सबसे मसालेदार शो लाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिस्का नाम चाशनी है, जो अपने नाम के बिल्कुल अलग होगा और ढेर सारे मसालेदार मनोरंजन से भरपूर होगा। स्क्रीन पर रिश्तों के एक बिग मिक्स को पेश करते हुए, यह शो दो बहनों, चांदनी और रोशनी के बीच एक असामान्य और उलझे हुए बंधन पर आधारित होगा। इस नए शो के साथ स्टार प्लस एक नई और मसालेदार कहानी के साथ भारतीय टेलीविजन में अपना लेवल और बढ़ा रहा है, जो दो बहनों पर बेस्ड है, जो बाद में सास-बहू बन जाती है। बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न से भरपूर, स्टार प्लस दर्शकों के लिए एक नई कहानी लाने वाला है, जो इस नए शो चाशनी के साथ टेलीविजन पर पहले कभी नहीं देखी गई है। चाशनी में अमनदीप सिद्धू और सृष्टि सिंह मुख्य भूमिका में हैं। शो का निर्माण संदीप सिकंद के सोल प्रोडक्शन द्वारा किया जा रहा है। तो तैयार हो जाइए स्टार प्लस पर भारतीय टेलीविजन इंडस्ट्री का सबसे मसालेदार शो चाशनी देखने के लिए।

# लव अगेन के ट्रेलर रिलीज की तारीख की साझा



फिल्म लव अगेन के ट्रेलर रिलीज की तारीख साझा की है। यह अंतर्राष्ट्रीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास की आगामी फिल्म है। प्रियंका ने वेलेंटाइन डे प्लान के बारे में एक वीडियो साझा किया, जिसमें सेलीन डायोन शामिल हैं, जो कनाडाई गायिका जेम्स कैमरून निर्देशित टाइटैनिक में अपने सुपरहिट ट्रैक माई हार्ट विल गो ऑन के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने वीडियो को कैप्शन दियाः आप, सेलीन, सैम एंड आई ..आइए वेलेंटाइन डे के लिए एक योजना बनाते हैं। हम आपके लिए एक सप्ताह में लव अगेन फिल्म- ट्रेलर ला रहे हैं! मनभावन लुक्स और पलों के साथ, लव अगेन एक ऐसी फिल्म है जिसका विश्व स्तर पर हर कोई इंतजार कर रहा है। हाल ही में प्रियंका के पति निक जोनस ने अपनी बेटी के पहली बार किसी पब्लिक इवेंट में शामिल होने को लेकर बात की थी। निक ने कहा, यह वास्तव में पहली बार सार्वजनिक रूप से बाहर थी और हम इसके बारे में घबराए हुए थे। मुझे लगता है कि पूरा दिन परिवार के साथ रहने और हम सभी के जश्न मनाने के लिए अच्छा माहौल था।

## सूडोकु नवताल- 6340

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6339 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7087

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | अ | र | क्षा | बं | ध | न | झ | क | श |
| ना | वै | र | ह | र | म | त | द | हो | ली | त |
| ग | र | शा | झ | श | शि | हा | र | ल | ल | त्रा |
| पं | म | द | खी | श | मी | डो | शि | श | रा | क |
| च | र | द | ष | व | मि | री | श | व | र | ट |
| मी | ह | प | न | पे | पू | ह | न | शि | रा | ती |
| शं | र | म | अं | प | स | थ | दी | ल | बिं | त्रि |
| ब | रा | व | ल | ध | ड़ | क | पा | कां | ज | दू |
| ग | ण | गौ | र | जी | ल | ड़ी | व | गो | र | द |
| र | ल | प | चा | गैं | ब | ल | ली | री | रु | थो |
| ग | णे | श | च | तु | र्थी | ब | श | त्रु | घ्न | ट |

शब्दजाल में 'प्रमुख त्यौहारों' के 10 नाम ढूंढिए.नाम ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

महाशिवरात्रि, रामनवमी, होली, दीपावली, गणगौर, गणेश चतुर्थी, नागपंचमी, नवरात्रा, रक्षाबंधन, वैशाखी

### शब्दजाल - 7086 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | र | प | ट | र | धि | क | र | प | इ |
| न | ग | क | म | इं | डो | ने | ह | ति | म | श्त |
| अ | दा | आ | ई | र | र | अं | ना | ह | प | फ |
| हु | ग | ल | मा | ज | क्ष | स | रा | ह | इ | र |
| ब | क्म | अ | नु | म | ति | क | र | क | ते | मा |
| द | अ | कि | र | क | दा | क | नि | र्दे | श | न |
| स | मा | दे | श | व | था | र | त | म | क | ग |
| आ | दे | श | र | न | प | य | रा | घु | ग | ला |
| अ | दि | ल | वा | ले | दा | र | जा | म | वी | दे |
| र | ज | ति | मा | हि | द | ह | ज | द | ल | र |
| बां | र | ल | प | रु | इ | जा | ज | त | र | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6040

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 3 | | 2 | 5 |
| | 32 | 2 | 31 | | 32 | |
| 2 | | 5 | | | 7 | |
| | 27 | | 26 | 1 | 39 | 6 |
| | 1 | 3 | | | 6 | |
| 7 | 33 | | 32 | 7 | 38 | |
| 3 | | 1 | | 5 | | 2 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6039 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | 25 | 1 | 28 | 6 | 41 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 5 |
| 4 | 38 | 4 | 24 | 4 | 29 | 4 |
| 5 | 7 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 6 | 45 | 7 | 33 | 7 | 25 | 2 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# तजिंदर पाल सिंह ने शॉटपुट में जीता स्वर्ण, करणवीर को रजत पदक मिला

**अस्ताना ।**
एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 में तजिंदरपाल सिंह तूर ने शॉट पुट में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। आउटडोर शॉट पुट में राष्ट्रीय रिकॉर्ड अपने नाम रखने वाले तजिंदर ने इंडोर प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन किया। कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रही प्रतियोगिता में तूर ने 19.49 मीटर की दूरी के साथ इनडोर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक भी जीता। तजिंदरपाल ने 2018 में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक जीता था। वह 2019 आउटडोर एशियाई चैंपियन हैं और 2018 में तेहरान में चैंपियनशिप के पिछले संस्करण में 19.18 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था।

तूर ने अपने पहले प्रयास में फाउल किया, लेकिन अपने तीसरे और पांचवें प्रयास में 19.49 मीटर का थ्रो कर चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण जीता। करणवीर सिंह 19 मीटर का आंकड़ा पार करने वाले सिर्फ दूसरे एथलीट थे। वह 19.37 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कजाकिस्तान के इवान इवानोव ने 18.10 के थ्रो के साथ कांस्य पदक पर कब्जा किया। प्रवीण चित्रवेल, भारत के राष्ट्रीय ट्रिपल-जंप चैंपियन ने 16.98 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता, जो एक नया राष्ट्रीय इनडोर रिकॉर्ड है। चीन के ओलंपियन फैंग याओकिंग ने 17.20 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण और दक्षिण कोरिया की यू ग्यूमिन ने 16.73 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक जीता। भारत के अरुण एबी ने 15 प्रतियोगियों में 14.12 मीटर की छलांग लगाकर 12वां स्थान हासिल किया। एशियाई खेलों में हेप्टाथलॉन में स्वर्ण पदक जीतने वाली स्वप्ना बर्मन ने महिलाओं की पेंटाथलॉन स्पर्धा में रजत पदक जीता और कुल 4,119 अंक हासिल कर एक और नया राष्ट्रीय इनडोर रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 60 मीटर बाधा दौड़ में 8.64 सेकंड में शीर्ष स्थान हासिल किया, ऊंची कूद में 1.75 मीटर की छलांग के साथ दूसरा स्थान हासिल किया और लंबी कूद में 5.91 मीटर की छलांग के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, गोला फेंक में 12.13 मीटर की छलांग के साथ पांचवां और छठा स्थान हासिल किया। नौ खिलाड़ियों वाले मैदान में 2: 27.57 के समय के साथ 800 मीटर स्प्रिंट पूरी की। भारत की सौम्या मुरुगन 3654 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहीं।

उज्बेकिस्तान की एकातेरिना वोरोनिना ने पेंटाथलॉन में 4,386 अंकों के साथ जीत हासिल की और जापान की युकी यामासाकी 4,078 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। भारत के जेसविन एल्ड्रिन ने 7.93 मीटर के नए इनडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ पुरुषों की लंबी छलांग के फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने मुरली श्रीशंकर और कुमारवेल प्रेम कुमार के 7.92 मीटर के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। मुहम्मद अनीस याहिया 7.48 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ नौवें स्थान पर रहे और फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे, जिसमें आठ पुरुष शामिल हैं। महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ में भारत की इनडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक ज्योति याराजी 60 मीटर स्प्रिंट हीट में 7.47 सेकेंड के समय के साथ 10वें स्थान पर रहीं। महिलाओं की 60 मीटर स्पर्धा में अर्चना सुसींद्रन 7.42 सेकेंड के समय के साथ पांचवें स्थान पर रहकर महिलाओं के फाइनल में पहुंचीं। लेकिन वह पदक से चूक गईं। वह इंडोनेशिया की वैलेन्टिन वैनेसा लोंटेंग के बाद चौथे (7.39 सेकेंड) स्थान पर रहीं। वैनेसा ने 7.37 सेकेंड में अफनी दौड़ पूरी की। ज्योति महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ में हिस्सा लेंगी, जहां उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### बैसाखी के सहारे चलते दिखे ऋषभ पंत: सोशल मीडिया पर खुद के फोटोज शेयर किए; लिखा- एक कदम बेहतर



**नई दिल्ली ।** भारत के विकेटकीपर बैटर ऋषभ पंत हॉस्पिटल से बाहर निकल कर चलते नजर आए। उन्होंने बैसाखी के सहारे चलने के कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। इन फोटोज के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, एक कदम आगे, एक कदम स्ट्रॉन्गर, एक कदम बेहतर। पिछले साल 30 दिसंबर को कार एक्सीडेंट में घायल होने के बाद पंत ने पहली बार खुद के फोटो शेयर किए। मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में उनका ट्रीटमेंट अभी चल रहा है। ऋषभ पंत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 2 फोटो शेयर किए। इन फोटोज में पंत व्हाइट टी-शर्ट और ब्लैक शॉर्ट्स पहने दिखे। वह दोनों हाथों से बैसाखी पकड़कर चलते नजर आ रहे हैं। पंत के फोटोज पोस्ट करते ही कई फैंस के रिएक्शन आने शुरू हो गए। कुछ ने उनके जल्द ही स्वस्थ होकर टीम इंडिया में वापसी करने की दुआ मांगी तो कुछ ने लिखा, आप जल्द ही धमाकेदार वापसी करेंगे। पिछले साल 30 दिसंबर को पंत का एक्सीडेंट हो गया था। वह अपनी कार से उत्तराखंड के रुड़की शहर जा रहे थे, जहां उनका परिवार रहता है, लेकिन रुड़की से पहले ही रास्ते में उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया। उनकी कार में आग भी लग गई। इस दौरान पंत खुद ही कार से किसी तरह बाहर निकाले। हादसा देख जब कुछ लोग वहां पहुंचे तो पंत ने उन्हें अपना परिचय भी दिया। फिर लोगों ने उनको हॉस्पिटल पहुंचाया। देहरादून में कुछ समय इलाज कराने के बाद बीसीसीआई ने पंत को बेहतर इलाज के लिए मुंबई स्थित कोकिलाबेन हॉस्पिटल में शिफ्ट करा दिया। जहां बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में उनका ट्रीटमेंट शुरू हुआ।

### पोडियम पर शैंपेन के साथ जश्न नहीं मना पाएंगे विजेता ड्राइवर, भारत में पहली बार आयोजित होगी रेस



**हैदराबाद ।** भारत में पहली बार होने जा रही फॉर्मूला-ई रेस के खत्म होने के बाद विजेता ड्राइवर पोडियम पर अपनी जीत का जश्न शैंपेन के साथ नहीं मना पाएंगे। इलेक्ट्रिक कार से होने वाली यह रेस होगी। ड्राइवर शैंपेन के बजाय कंफेटी कैनन से जीत का जश्न मनाएंगे। कंफेटी कैनन से रंग-बिरंगे कागज और चमकीले पॉलीथीन के टुकड़े बाहर आते हैं। शैंपेन में आम तौर पर शराब का मिश्रण होता है और इस्लाम मानने वाले देशों में इस जश्न को ऐसे पेय पदार्थ के साथ मनाया जाता है जिसमें शराब शामिल नहीं हो। मोटर स्पोर्ट के खेल में रेस जीतने के बाद शुरुआती तीन ड्राइवर पोडियम पर शैंपेन की बोतल को खोलकर इसका जश्न मनाते हैं। स्थानीय रीति-रिवाजों को ध्यान में रखते हुए हैदराबाद रेस के सभी हितधारक प्रमोटर ग्रीनको, तेलंगाना सरकार, फॉर्मूला-ई और इसके शैंपेन प्रयोजक मोएट एंड चंदन ने पोडियम पर इस पेय पदार्थ का इस्तेमाल नहीं करने का फैसला लिया।

### केएल राहुल का प्रदर्शन औसत से काफी नीचे रहा है : वेंकटेश प्रसाद

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने सलामी बल्लेबाज और उपकप्तान केएल. राहुल को टेस्ट टीम में ज्यादा रन दिए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका प्रदर्शन औसत से काफी नीचे रहा है।



राहुल नागपुर के वीसीए स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे पहले बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट की पहली पारी में 71 गेंदों पर 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने आखिरी बार जनवरी 2022 में जोहान्सबर्ग में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अर्धशतक लगाया था और तब से उनकी पिछली आठ टेस्ट पारियों में उच्चतम स्कोर 23 है। उन्होंने आगे कहा, केएल राहुल की प्रतिभा और क्षमता के लिए मेरे मन में बहुत सम्मान है, लेकिन दुख की बात है कि उनका प्रदर्शन बराबरी से नीचे रहा है। 46 टेस्ट के बाद 34 का टेस्ट औसत और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 8 साल से अधिक का औसत सामान्य है। बहुत से ऐसे लोगों के बारे में नहीं सोच सकते जो इतने मौके दिए गए हैं। उन्होंने आगे कहा, राहुल नामित उप-कप्तान हैं। अश्विन के पास एक महान क्रिकेटिंग दिमाग है और उन्हें टेस्ट प्रारूप में उप-कप्तान होना चाहिए। अगर नहीं तो उनकी जगह पुजारा या जडेजा को होना चाहिए। मयंक अग्रवाल का टेस्ट में राहुल से कहीं बेहतर प्रभाव है।

## भारत ने पारी और 132 रन से जीता पहला टेस्ट

# तीसरे दिन ही कंगारुओं ने घुटने टेके, एक ही सेशन में आउट

**नागपुर।**
टीम इंडिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुकाबला पारी और 132 रनों से जीत लिया है। इसके साथ ही भारतीय टीम ने चार मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 17 फरवरी से दिल्ली में खेला जाएगा। नागपुर के जामथा क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को भारतीय गेंदबाजों ने दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया को 91 रनों पर ऑलआउट कर दिया। कंगारू टीम से स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा 24 रन बनाए। मार्नस लाबुशेन 17 रन का योगदान दिया। जबकि डेविड वॉर्नर और एलेक्स कैरी 10-10 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 5 विकेट हासिल किए। मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा ने दो-दो विकेट लिए। अक्षर पटेल को एक विकेट मिला। इससे पहले, भारत की पहली पारी 400 रन पर समाप्त हुई। ऐसे में मेजबानों को पहली पारी में 223 रनों की बढ़त मिली थी। कप्तान रोहित शर्मा ने 120, अक्षर पटेल ने 84 रन बनाए। रवींद्र जडेजा ने 70 और मोहम्मद शमी ने 37 रन की उपयोगी पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू कर रहे टॉड मर्फी ने 7 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 177 रन पर सिमटी थी।



### जीत के हीरो

**रवींद्र जडेजा:** हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा ने बैट और बॉल दोनों से प्रदर्शन किया। उन्होंने दोनों पारियों में 7 विकेट चटकाए। इतना ही नहीं, जरूरत पड़ने पर जडेजा ने 70 रनों की उपयोगी पारी भी खेली। जडेजा ने अक्षर के साथ 88 रनों की पार्टनरशिप की।

**रविचंद्रन अश्विन:** दोनों पारियों में 8 विकेट चटकाए। साथ ही 23 रन भी बनाए। पहले दिन नाइटवॉचमैन के रूप में उतरे अश्विन ने दूसरे दिन के पहले सेशन तक विकेट गिरने नहीं दिया।

**रोहित शर्मा:** ओपन करने आए भारतीय कप्तान ने 120 रनों की शतकीय पारी खेलकर टीम इंडिया को मजबूत शुरुआत दिलाई। उन्होंने केएल राहुल के साथ 76 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। तीसरे दिन का पहला सेशन भारतीय टेलएंडर्स के नाम रहा। अर्धशतक जमा चुके रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल भारतीय पारी को आगे बढ़ने उतरे। जडेजा दूसरे दिन के स्कोर पर 4 रन ही जोड़ सके। वे टॉड मर्फी का सातवां शिकार बने। जडेजा के आउट होने के बाद शमी ने अच्छे शॉट जमाए। उन्होंने 47 गेंद पर 37 रन बनाए। अक्षर ने 84 रन की पारी खेली। सिराज एक रन बनाकर नाबाद रहे। तीसरे दिन का दूसरा सेशन भारतीय गेंदबाजों के नाम रहा। रविचंद्रन अश्विन की अगुवाई ने जडेजा-शमी सहित अन्य गेंदबाजों ने कंगारू टीम की दूसरी पारी को एक सेशन के अंदर ही चलता कर दिया।

### ऐसे गिरे टीम इंडिया के विकेट

पहला: रविचंद्रन अश्विन ने अपने पहले ही ओवर में उस्मान ख्वाजा को स्लिप पर खड़े कोहली के हाथों कैच कराया। दूसरा : रवींद्र जडेजा ने लाबुशेन को आउट कर दिया। तीसरा : अश्विन ने डेविड वॉर्नर को आउट कर दिया। चौथा : मैट रैनशॉ को अश्विन ने आउट कर दिया। पांचवां : अश्विन ने पीटर हैंड्सकॉम्ब को भी आउट किया। छठा : अश्विन ने विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को आउट कर दिया। सातवां : रवींद्र जडेजा ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को विकेटकीपर केएस भरत के हाथों कैच कराया। आठवां : अक्षर पटेल ने टॉड मर्फी को रोहित के हाथों कैच कराया। नौवां : मोहम्मद शमी ने नॉथन लायन को बोल्ड किया। दसवां : जडेजा ने स्कॉट बोलैंड को बोल्ड कर दिया।

### पहली पारी में ऐसे गिरे टीम इंडिया के विकेट

पहला: केएल राहुल को टॉड मर्फी ने अपनी ही बॉल पर कैच किया। दूसरा : 41वें ओवर की पहली बॉल पर टॉड मर्फी ने अश्विन को आउट कर दिया। तीसरा : टॉड मर्फी ने पुजारा को स्कॉट बोलैंड के हाथों कैच कराया। चौथा : मर्फी ने विराट कोहली को एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। पांचवां : नॉथन लायन ने सूर्या को बोल्ड कर दिया। छठा : टी ब्रेक के बाद पैट कमिंस ने रोहित शर्मा को बोल्ड कर दिया। सातवां : डेब्यू मैच खेल रहे केएस भरत को एक अन्य डेब्यूटांट टॉड मर्फी ने आउट कर दिया। आठवां : टॉड मर्फी ने रवींद्र जडेजा को बोल्ड कर दिया। नौवां : टॉड मर्फी ने मोहम्मद शमी को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। दसवां : अक्षर पटेल को पैट कमिंस ने बोल्ड कर दिया।

**दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन...**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, केएस भरत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, मैट रैनशॉ, पीटर हैंड्सकम्ब, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), नाथन लायन, टॉड मर्फी और स्कॉट बोलैंड।

# दिल्ली कैपिटल्स ने जोनाथन बैटी को मुख्य कोच नियुक्त किया, हेमलता काला, लिसा केटली होंगी सहायक कोच

**नई दिल्ली।**
दिल्ली कैपिटल्स ने घोषणा की है कि उन्होंने महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन सीजन में जोनाथन बैटी को अपनी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है, जो ब्रेबोर्न स्टेडियम और मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम में 4 से 26 मार्च के बीच आयोजित किया जाएगा। 48 वर्षीय बैटी ने 2021 और 2022 में द हंड्रेड खिताब के लिए ओवल इनविजनल महिला टीम को कोचिंग दी है, इसके अलावा महिला बिग बैश लीग और सरे महिला टीम में मेलबर्न स्टार्स को भी कोचिंग दी है। फ्रेंचाइजी ने जारी एक ब्यान में कहा, मैं डब्ल्यूपीएल के लिए हेड कोच के रूप में दिल्ली कैपिटल्स से जुड़कर बहुत रोमांचित हूं। प्रबंधन द्वारा यह अवसर दिया जाना एक बहुत बड़ा सम्मान है और मैं टीम के साथ काम करने का इंतजार नहीं कर सकता। पूर्व क्रिकेटरों हेमलता काला और लिसा केटली को भी सहायक कोच नियुक्त किया गया है। हेमलता ने 7 टेस्ट और 78 एकदिवसीय मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया और राष्ट्रीय चयन पैनल की प्रमुख भी रही हैं। यह मुख्य चयनकर्ता के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान था कि भारत 2017 में महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचा, जो भारत में महिलाओं के खेल के लिए लाभ दायक साबित हुआ। उन्होंने आगे कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स के साथ इस नई भूमिका के लिए आभारी और उत्साहित हूं। मैं टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण से पहले अपने दस्ते को एक साथ रखने के लिए उत्सुक हूं, जो मुझे विश्वास है कि महिला क्रिकेट के लिए गेम-चेंजर होगा। लिसा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 9 टेस्ट और 82 एकदिवसीय मैच खेले और 2022 महिला एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड की महिला टीम को कोचिंग दी। उन्होंने एस20 में पार्ल रॉयल्स के टैक्टिकल परफॉर्मेंस कोच होने के अलावा महिला बिग बैश लीग में पर्थ स्कॉर्चर्स और सिडनी थंडर के लिए हेड कोच के रूप में भी काम किया है।



उन्होंने आगे कहा, मैं दिल्ली कैपिटल्स के साथ शामिल होने और दुनिया भर के कई अलग-अलग खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। डब्ल्यूपीएल दुनिया भर में महिलाओं के खेल के लिए एक गेम चेंजर है और हमारे पास क्रिकेट दिखाने का अवसर है।

भारतीय महिला टीम के क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में सफल कार्यकाल रखने वाले बीजू जॉर्ज को टीम के क्षेत्ररक्षण कोच के रूप में नामित किया गया है।

महिला प्रीमियर लीग की उद्घाटन नीलामी 13 फरवरी को मुंबई में होगी। 409 खिलाड़ी नीलामी के दायरे में आएंगे, जिनमें से 246 भारतीय और 163 विदेशी खिलाड़ी हैं, जिनमें आठ सहयोगी देशों के खिलाड़ी हैं।

# रोनाल्डो ने पूरे किए करियर के 500 लीग गोल, 40 मिनट के अंदर चार बार नेट के अंदर बॉल पहुंचाया

**नई दिल्ली ।**
फुटबॉल के स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो के चार गोल की मदद से अल नस्र ने सऊदी अरब प्रो लीग में अल वहेदा क्लब को 4-0 से शिकस्त दी। इसके साथ ही रोनाल्डो ने करियर के 500 लीग गोल भी पूरे किए। अब उनके करियर में लीग गोल की संख्या 503 हो गई है। इस जीत के बाद अल नस्र अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। वह 16 मैचों में 11 जीत, चार ड्रॉ, एक हार और 37 अंक लेकर संयुक्त रूप से अल शबाब के साथ शीर्ष पर है। अल नस्र गोल अंतर के कारण शीर्ष पर है। रविवार को अपना 38वां जन्मदिन मनाने के बाद रोनाल्डो ने अल नस्र के लिए अपने चारों गोल 40 मिनट के अंदर किए। रोनाल्डो ने अल नस्र क्लब के साथ जून 2025 तक का करार किया हुआ है। वह इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड से अलग होने के बाद अल नस्र के साथ जुड़े हैं। उन्होंने अपने नए क्लब के लिए अब तक तीन मैच खेले हैं।



### पेनाल्टी पर की हैट्रिक पूरी

रोनाल्डो ने 21वें मिनट में ही बाएं पैर से गोल करके अपना और टीम का मैच में खाता खोल दिया। इसके बाद 40वें मिनट में रोनाल्डो ने दूसरा गोल किया, लेकिन उनके गोल को वीडियो असिस्टेंट रेफरी की मदद से जांचा गया और फिर रेफरी ने गोल की पुष्टि कर दी। पहले हाफ में रोनाल्डो ने अल नस्र को 2-0 से आगे रखा। दूसरे हाफ में भी गोल की शुरुआत रोनाल्डो ने की। उन्होंने 53वें मिनट में पेनाल्टी पर गोल दागकर अपनी हैट्रिक पूरी की। इस बीच, रोनाल्डो ने अपने गोल करने का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने 61वें मिनट में बॉक्स के अंदर से गोल करके अपने क्लब करियर में गोल की संख्या 503 कर ली। रोनाल्डो के रहते टीम ने पहली जीत भी दर्ज की है। पिछले दोनों मुकाबले ड्रॉ रहे थे। 2019 सितंबर में पुर्तगाल और लिथुआनिया मैच के बाद ऐसा पहली बार हुआ है जब रोनाल्डो ने किसी मैच में चार गोल किए हैं। यह मैच यूरोपियन चैंपियनशिप के क्वालिफाईंग टूर्नामेंट के दौरान खेला गया था। 2018 मार्च के बाद रोनाल्डो ने किसी क्लब के लिए एक मैच में चार गोल किए हैं। इससे पहले उन्होंने रियल मैड्रिड के लिए खेलते हुए ला लीगा में गिरोना के खिलाफ चार गोल दागे थे। मैच के बाद रोनाल्डो ने कहा- चार गोल करके बहुत अच्छा लग रहा है। मैं खुश हूं कि 500 गोल करने में सफल हुआ। टीम की यह शानदार जीत रही।

# महिला प्रीमियर लीग प्लेयर नीलामी के लिए बीसीसीआई ने महिला नीलामीकर्ता को नियुक्त किया: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**
महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की पहली नीलामी सोमवार को मुंबई में शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने नीलामी प्रक्रिया के संचालन के लिए एक महिला नीलामीकर्ता को शामिल किया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि मल्लिका सागर, आधुनिक और समकालीन भारतीय कला के लिए मुंबई स्थित कला संग्राहक सलाहकार और आर्ट इंडिया कंसल्टेंट्स फर्म में भागीदार, नीलामी की निगरानी करेंगी। संयोग से, मुंबई में पुंडोले की नीलामी करने वाली मल्लिका ने 2021 प्रो कबड्डी लीग की नीलामी की थी।




रिपोर्ट में कहा गया है कि बीसीसीआई ने पांच टीमों को यह भी सूचित किया है कि उन्हें टीम में कम से कम 15 खिलाड़ियों को लाना है जबकि न्यूनतम खर्च नौ करोड़ रुपए होना चाहिए। उनके पास पर्स में 12 करोड़ रुपए होंगे, जिसमें प्रत्येक पक्ष को केवल छह विदेशी खिलाड़ियों को खरीदने की अनुमति होगी। रिपोर्ट में पांच टीमों को बीसीसीआई के संचार के हवाले से कहा गया है, फ्रेंचाइजी को न्यूनतम (15) और अधिकतम (18) स्क्वाड आकार, न्यूनतम स्क्वाड खर्च (9 करोड़) और स्क्वाड में विदेशी खिलाड़ियों की अधिकतम संख्या (6) के संबंध में डब्ल्यूपीएल स्क्वाड नियमों की याद दिलाई गई। डब्ल्यूपीएल प्लेयर ऑक्शन में कुल 409 खिलाड़ियों की बोली लगेगी, जिनमें से 246 भारतीय क्रिकेटर और 163 विदेशी खिलाड़ी हैं, जिनमें से आठ खिलाड़ी सहयोगी देशों से हैं। खिलाड़ियों को उनकी विशेषज्ञता के आधार पर सेट में प्रस्तुत किया जाएगा, मार्की खिलाड़ी, बल्लेबाज, ऑलराउंडर, विकेटकीपर, तेज गेंदबाज, स्पिन गेंदबाज और उभरते हुए खिलाड़ी। नीलामी के लिए खिलाड़ियों को आधार मूल्य के पांच अलग-अलग स्लैब में बांटा गया है- 50 लाख रुपए, 40 लाख रुपए, 30 लाख रुपए, 20 लाख रुपए और 10 लाख रुपए। भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप-कप्तान स्मृति मंधाना, ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा, अंडर19 महिला टी20 विश्व कप विजेता कप्तान शैफाली वर्मा, ऑस्ट्रेलिया की प्रमुख ऑलराउंडर एलिसे पेरी, इंग्लैंड की बाएं हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन, न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन और पूर्व कप्तान वेस्टइंडीज की डिएंड्रा डॉटिन सबसे ज्यादा बेस प्राइस रखने वाली खिलाड़ियों में शामिल हैं। रिपोर्ट यह कहते हुए समाप्त हुई कि नीलामी जैस्मीन हॉल, 1, जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होगी और यह दोपहर 2.30 बजे शुरू होगी। नीलामी से एक दिन पहले बीसीसीआई रविवार को रात 8 बजे फ्रेंचाइजियों के लिए प्री-ऑक्शन ब्रीफिंग करेगा।

## विमेंस टीम इंडिया को चैंपियन बना सकते हैं 5 फैक्टर्स

# टॉप ऑर्डर में 6 विस्फोटक बल्लेबाज, बॉलिंग में वैराइटी; इंग्लैंड-वेस्टइंडीज से चुनौती मिलेगी

**नई दिल्ली ।**
विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का 8वां एडिशन शुरू हो चुका है। मेजबान साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच पहला मैच खेला गया। यह ग्रुप-1 का मुकाबला था। इंडियन विमेंस टीम ग्रुप-2 में है। इस ग्रुप में पाकिस्तान, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज जैसी टीमें हैं। 2009 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट को भारत अब तक जीत नहीं सका है। टीम 3 बार सेमीफाइनल में हारकर बाहर हुई और पिछली बार रनर-अप रही। इस बार भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के साथ टूर्नामेंट जीतने की फेवरेट मानी जा रही है। इस स्टोरी में हम 5 फैक्टर्स की मदद से जानेंगे कि भारत किस तरह से इस टूर्नामेंट को जीत सकता है। टीम के मैच किससे होंगे और भारत की टॉप प्लेयर्स कौन हैं।

**सबसे पहले जानें टीम इंडिया के बारे में -** इंडिया विमेंस टीम हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में उतरी है। हरमनप्रीत की ही कप्तानी में टीम इंडिया ने 2020 में पिछला टूर्नामेंट खेला था। तब टीम फाइनल में पहुंची थी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हारकर खिताब नहीं जीत सकी थी। हरमनप्रीत की ही कप्तानी में टीम ने पिछले महीनों बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स का फाइनल खेला और विमेंस एशिया कप का खिताब भी जीता।



इंडिया विमेंस क्रिकेट टीम पिछले कुछ सालों से टी-20 फॉर्मेट में शानदार प्रदर्शन कर रही है। टीम 2020 के बाद से इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने के मामले में तीसरे नंबर पर रही। टीम ने 49 में से 24 मैच जीते। 22 हारे, एक टाई रहा और 2 मुकाबले बेनतीजा भी रहे। 29 जीत के साथ इंग्लैंड पहले और 27 जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे नंबर पर है। टीम पिछले साल अगस्त में बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स के फाइनल में पहुंची थी। इससे पहले 2020 के टी-20 वर्ल्ड कप में भी टीम इंडिया ही रनर-अप रही थी। पिछले 2-3 सालों में भारतीय टीम ही एकमात्र ऐसी टीम रही जिसने 5 बार की टी-20 वर्ल्ड चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया को इस फॉर्मेट में टक्कर दी। भारत ने पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया को अपने घर में टी-20 मैच हराकर उनके 17 मैचों के अपराजेय क्रम को तोड़ा था। टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप से ठीक पहले साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ ट्राई सीरीज भी खेली। टीम फाइनल में साउथ अफ्रीका से हार गई थी, लेकिन सीरीज के ग्रुप स्टेज में टीम अपराजेय रही थी। अंडर-19 विमेंस टीम ने साउथ अफ्रीका में ही 29 जनवरी को वर्ल्ड कप जीता था। अंडर-19 टीम की कप्तानी शेफाली वर्मा और विकेटकीपर रिचा घोष इस वर्ल्ड कप में सीनियर टीम से भी खेलते नजर आएंगी। बीसीसीआई ने महिला टीम के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए अब महिला आईपीएल भी शुरू कर दिया है। भारत की मौजूद टीम के टॉप ऑर्डर में 6 विस्फोटक बैटर मौजूद हैं, जो बहुत तेजी से रन बनाती हैं। इनमें 2 का स्ट्राइक रेट 130 से ऊपर का है। वहीं, बाकी 4 का स्ट्राइक रेट 105 से 125 के बीच रहता है। इन 6 बैटर्स में ओपनर स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के बाद जेमिमा रोड्रिग्ज, कप्तान हरमनप्रीत कौर, रिचा घोष और पूजा वस्त्राकर शामिल हैं। हरमनप्रीत टी-20 में भारत की टॉप रन स्कोरर हैं। उनके नाम 146 मैच में 2940 रन हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में उनके नाम एक शतक भी है। मंधाना भी टीम की अनुभवी खिलाड़ी हैं, उनके नाम 112 टी-20 में 2651 रन हैं। ऐसे में टीम इंडिया की बैटिंग इस वर्ल्ड कप में बहुत मजबूत नजर आ रही है। बैटिंग के बाद भारत की बॉलिंग लाइन-अप भी मजबूत है। टीम के पास 5 वैराइटी की बॉलर अवेलेबल हैं।



# बच्चे के दिमागी विकास के लिए

बच्चों के शरीर का विकास उनके खानपान पर निर्भर करता है। बच्चे के शारीरिक विकास के साथ उसके दिमाग का विकास भी स्वस्थ और पौष्टिक आहार पर निर्भर करता है। यदि बच्चे के आहार में दिमाग के विकास के लिए जरूरी सभी पौष्टिक तत्व हैं तो उसके दिमाग का विकास भी तेजी से होता है। सामान्यतया व्यक्ति के दिमाग का पूर्ण विकास 5 साल की उम्र तक हो जाता है। ऐसे में उसके खानपान का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

## आहार

**अपने** बच्चों को ऐसा आहार दीजिए जिससे उनका दिमाग तेज बने। इसलिए बच्चे के डायट चार्ट में जरूरी प्रोटीन, कार्ब और फैटी एसिड वाला आहार शामिल कीजिए। इससे बच्चे का शरीर और दिमाग में ऊर्जा का स्तर बना रहता है और बच्चे की सोचने और समझने की छमता बेहतर होती है।

### क्या कहता है शोध?

बच्चों के दिमागी विकास के लिए किए गए एक शोध में यह बात सामने आई है कि मां के खानपान का असर बच्चे के दिमाग पर पड़ता है। यदि मां ने गर्भावस्था के दौरान ओमेगा-3 फैटी एसिड युक्त आहार का अधिक सेवन किया है तो बच्चे का दिमाग तेज होता है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ पेड्रियाटिक और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एंड ह्यूमन डेवेलपमेंट और सेंट्रल फॉर डिजीज कंट्रोल द्वारा संयुक्त रूप से कराए गए इस शोध के अनुसार, ओमेगा-3 फैटी एसिड मैकेरेल, टुना, सारडाइंस और सालमल मछलियों में अधिक होता है, इसलिए बच्चे के स्वस्थ और तेज दिमाग के लिए मां को गर्भावस्था को इनका सेवन करना चाहिए। इसके अलावा हरी सब्जियों में ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है।



### हरी सब्जियां

बच्चे के दिमाग के विकास के लिए उसे हरी और पत्तेदार सब्जियां खिलाइए। बच्चे को आप 6 महीने के बाद ठोस आहार दे सकते हैं, इसलिए 6 महीने के बाद आप उसके खाने में पालक, पत्तागोभी आदि शामिल कीजिए। हरी और पत्तेदार सब्जियों में ओमेगा-3 फैटी एसिड भी पाया जाता है जो दिमाग के विकास के लिए जरूरी है।

### अखरोट खिलाइए

अखरोट खाने से दिमाग तेज होता है, इसे आप अपने बच्चे को खिला सकते हैं। अखरोट को सुबह के नाश्ते, दिन में स्नैक्स आदि के साथ दे सकते हैं। अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड के अलावा फाइबर, विटामिन बी, मैग्नीशियम और एंटी ऑक्सीडेंट्स अधिक मात्रा में होते हैं। इसलिए बच्चे के डायट चार्ट में इसे जरूर शामिल कीजिए। इसके अलावा बच्चे को सूखे मेवे जैसे - किशमिश, बादाम आदि दे सकते हैं।



### मछली खिलाइए

9 महीने के बाद आप बच्चे को मांस और मछली खिला सकते हैं। बच्चों के दिमाग के पूर्ण विकास के लिए मछली का सेवन कराइए। इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड होता है। समुद्री मछलियों जैसे - मैकेरेल, टुना, सारडाइंस और सालमल आदि में ओमेगा-3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसलिए मां को गर्भावस्था के दौरान ही इनका सेवन करना चाहिए और बढ़ते बच्चे को भी इसे खिलाना चाहिए।

### दूध और दही

बच्चों के दिमागी विकास के लिए दूध और दही दीजिए। दही दिमाग के सेल्स को लचीला बनाता है और इससे सिग्नल लेने और उस पर तुरंत प्रतिक्रिया करने की छमता बढ़ती है। फैट फ्री मिल्क प्रोटीन, विटामिन डी और फॉस्फोरस का भंडार होता है, जो दिमाग के लिए जरूरी है। बच्चों को फास्ट फूड और जंक फूड बिल्कुल मत दीजिए, इसमें दिमाग के विकास के लिए जरूरी पौष्टिक तत्व नहीं होते हैं। बच्चों का डाय चार्ट बनाते वक्त चिकित्सक से सलाह अवश्य लीजिए।

## वजन बढ़ाने का तरीका

वजन बढ़ाने के लिए सबसे पहले तो आपका फिट रहना जरूरी है। वजन बढ़ाना चाहते हैं इसका ये अर्थ नहीं कि आप फिजीकली बिल्कुल भी सक्रिय नहीं होंगे। व्यायाम और एक्सरसाइज करना तब भी जरूरी होगा। वजन बढ़ाने के लिए बढ़िया उपाय है आप हाई कैलोरी का खाना खाएं। उन खाद्य पदार्थों का सेवन ज्यादा करें जिनमें कैलोरी की मात्रा अधिक हो। लेकिन इसका ये अर्थ नहीं कि आप जंकफूड भारी मात्रा में खाने लगे।



# योग से करें नकारात्मक विचारों को काबू





**मानसिक** विकार हमारे आसपास के माहौल के कारण ही पनपते हैं और हमारे साथ जो भी घटनाएं घटती हैं उनके परिणामस्वरूप ही मन में नकारात्मक विचार आते हैं। नकारात्मक विचारों के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार लालच, निर्दयता, बल प्रयोग, ईर्ष्या, उत्पीड़न एवं शोषण आदि हैं। इन नकारात्मक विचारों के कारण ही व्यक्ति असंतोष से भर उठता है एवं उसके दिमाग में प्रतिक्रियावादी विचार, असंतोष, बदले की भावना आदि पनपने लगती है। योग के जरिए मन में आने वाले इन विचारों को काबू किया जा सकता है। यह लेख आपको बताएगा कि कैसे योग के जरिए मानसिक विकारों पर काबू पाया जा सकता है।

### क्यों आते हैं नकारात्मक विचार

वैज्ञानिक कहते हैं मनुष्य के दिमाग में 24 घंटे में लगभग हजारों तरह के विचार आते हैं। उनमें से ज्यादातर नकारात्मक होते हैं। नकारात्मक विचार इसलिए अधिक होते हैं कि जब हम कोई नकारात्मक घटना देखते हैं जिसमें भय, राग, द्वेष, सेक्स आदि हो तो वह घटना या विचार हमारे दिमाग में सीधे जाते हैं और उनकी याद लंबे दिनों तक रहती है। इस बारे में हम अधिक सोचते हैं और इसके कारण आहत भी होते हैं तो यह हमारी मानसिक भावना को बेकाबू भी कर लेती है।



### योग कैसे करता है असर

योग के जरिए दिमाग से नकारात्मक विचारों को दूर किया जा सकता है। यह मन को शांत अवस्था में लाता है और हमारे मन में ऐसे विचार पैदा करता है जो दूसरों को हानि पहुंचानो की बजाय फायदा पहुंचाते हैं। योगासन हमारे शरीर के साथ हमारी इंद्रियों को भी शांति और सुकून प्रदान करता है, योग करके मन शांत हो जाता है। अगर आपके मन में नकारात्मक विचार आ रहे हैं तो सुबह के वक्त समय निकालें और योगासन करें।

### ये आसन हैं फायदेमंद

कुछ आसन हैं जो नकारात्मक विचारों को दूर करने में मददगार हैं। इन्हें करने के लिए घुटनों को सीधा रखते हुए सीधे खड़े हो जाइए, फिर झुकते हुए एड़ी के पीछे पांवों के पास जमीन पर हथेलियां टिकाएं। यदि हथेलियों से जमीन छूने में असमर्थ हैं तो घुटनों को की छुएं। सिर को ऊंचा करने की कोशिश करें और पीठ को खींचिए। इसी स्थिति में रहते हुए सांस लें। 5 सेकेंड तक इस मुद्रा में रहें, फिर सांस खींचते हुए तड़ासन की स्थिति में आएं। इस आसन को दो-तीन बार दोहराएं।

यह आसन तनाव और गुस्से को भी दूर करने में कारगर है। इसके अलावा यह आसन लीवर, स्प्लीन और किडनी को भी स्वस्थ रखता है। इससे ब्लडप्रेशर सामान्य रहता है और ह्रदय के रोग नहीं होते। नकारात्मक विचार आने पर शांत रहने की कोशिश करें। भरपूर नींद लें और तनाव से बचें, सुबह के वक्त योग करें और नकारात्मक विचारों को दूर करें।







# गलत तरीका छीन सकता है आंखों की रोशनी

**आईलाइनर** आंखों की खूबसूरती में चार चांद लगा देता है। छोटी आंखें भी आईलाइनर लगा लेने भरी से और खूबसूरत लगने लगती हैं। लेकिन इसे लगाने का भी एक सही तरीका होता है। लगत तरीके से आईलाइनर नगाने से न सिर्फ मेकअप खराब होता है, बल्कि आपकी आंखों को काफी नुकसान पंहुचा सकता है। आई एंड कांटेक्ट लेंस जर्नल में प्रकाशित एक नए शोध के अनुसार यदि लैश लाइन की रेखा के भीतर आईलाइनर लगाया जाए तो ये नजर को धुंधला कर सकता है तथा इस्की नेत्र रोग भी पैदा कर सकता है। जानें कि आईलाइनर लगाने का गलत तरीका आंखों के लिए कितना घातक हो सकता है। एक नए शोध में चेतावनी दी गई कि आंखों की पलकों के भीतर और बाहर लगाया जाने वाला आईलाइनर आंखों की रोशनी को नाकारत्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। यह इस तरह का पहला अध्ययन है जो ये बताता है कि पेंसिल आइलाइनर लगाते वक्त इसके कण आंखों में चले जाते हैं।

शोधकर्ताओं ने इस अध्ययन को करने के लिए वीडयो रिकॉर्डिंग की मदद ली। पहले तो उन्होंने कई प्रकार से मेकअप किया और फिर तुलना करके देखा कि आइलाइनर के कण कितनी मात्रा में आंखों की आसुओं वाली झिल्ली पर पहुंचते हैं। दरअसल अश्रु झिल्ली आंखों पर एक पतली परत के रूप में मौजूद होती है जो आंखों की रक्षा करती है। डॉक्टर के अनुसार, 'हमने अध्ययन के दौरान पाया कि मेकअप करने से आंखों में आईलाइनर के कण चले जाते हैं और जब आईलाइनर को आंख की पलकों की भीतर लगाया जाता है तो ये ज्यादा तेजी से आंख के भीतर जाते हैं।' इस अध्ययन में हर प्रतिभागी ने पहले पलकों के बाहर की तरफ चमकने वाले (ग्लिटर) आइलाइनर को लगाया और फिर बाद में आंख से ज्यादा नजदीक रहने वाली पलकों की अंदरूनी ओर इसे लगाया। विजन वैज्ञानिकों ने पाया कि आंखों के भीतर की ओर आइलाइनर लगाने पर पांच मिनट के अंदर ही 15 से 30 प्रतिशत ज्यादा कण आंखों की अश्रु झिल्ली पर पहुंच गए। गौरतलब है कि यह शोध आई एंव कांटैक्ट लैंस साइंस एंड क्लीनिकल प्रैक्टिस जर्नल में प्रकाशित हुआ।



### आंखों को साफ पानी से धोते रहें

आंखों की कोशिकाओं और रेटिना को मजबूती प्रदान करने में ल्युटेन आदि तत्वों की अहम भूमिका होती है। हरी सब्जियों और फलों में यह तत्व भरपूर मात्र में पाए जाते हैं। आंखों के स्वास्थ्य के लिए हरी सब्जियों, फलों के साथ डेयरी उत्पाद भी पर्याप्त मात्र में खाएं।

- आंखों में नमी बनाए रखने के लिए पानी और जूस का अधिक सेवन करें।
- आंखों में काजल, सुरमा आदि न लगाएं। इनमें कार्बन के कण होते हैं, जो कॉर्निया और कंजक्टाइवा पर खरोंच डाल सकते हैं।
- दिन में दो-तीन बार आंखों को साफ पानी से धोना चाहिए।
- आंखों को जोर-जोर से न रगड़ें। रोजाना आंखों और पलकों पर छोटे ब्रश से ब्रश करें।
- देर रात तक कृत्रिम रोशनी में काम न करें।
- ग्रीन टी में केटेचिन्स नामक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो आंखों की रक्षा करते हैं।
- कंप्यूटर की स्क्रीन को अपनी आंखों से 20-30 इंच दूर रखें, जबकि टीवी को कम से कम 3.5 मीटर दूर से देखना चाहिए।
- कंप्यूटर को इस प्रकार व्यवस्थित करें कि उसका टेक्स्ट लेवल आंखों के लेवल पर हो।
- छह से आठ घंटे की आरामदायक नींद लें। ये आपकी आंखों को प्राकृतिक तरीके से तरोताजा रखने में मदद करती है।

### इन लक्षणों को नजरअंदाज न करें

- आंखों या सिर में भारीपन और धुंधला दिखाई देना
- आंखें लाल होना और उनसे पानी आना
- आंखों में खुजली होना।
- रंगों का साफ दिखाई न देना।
- लगातार सिरदर्द की शिकायत रहना और आंखों में थकावट होना

## रेसिपी



### बादाम का हलवा

**सामग्री**

1 कप बादाम, 1/2 कप घी, 3/4 कप दूध, 1 टेबल-स्पून गेहूं का आटा, 3/4 कप शक्कर, थोड़ा केसर, 1/2 टी-स्पून इलायची पाउडर, सजाने के लिए : 2 टेबल-स्पून बादाम कतरन

**विधि**

एक गहरे बाउल में बादाम में जरूरत मात्रा में पानी डालकर, 8 घंटे के लिए भिगो दें। बादाम को बिना पानी या दूध का प्रयोग किए, मिक्सर में पीसकर दरदरा मिश्रण बना लें। एक गहरी नॉन-स्टिक कढ़ाई में घी गरम करें, बादाम का मिश्रण डालकर मिला लें और बीच-बीच में हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 7 मिनट तक पका लें। एक गहरे पैन में दूध और 1/2 कप पानी को मिलाकर 3 से 4 मिनट तक उबाल लें। बादाम के मिश्रण में गेहूं का आटा डालकर मिला ले और मध्यम आंच पर, लगातार हिलाते हुए 2 मिनट तक पका लें। दूध-पानी का मिश्रण डालकर मिला लें और मध्यम आंच पर, लगातार हिलाते हुए 5 मिनट तक पका लें। शक्कर डालकर मिला लें और मध्यम आंच पर, लगातार हिलाते हुए 1 से 2 मिनट तक पका लें। केसर डालकर मिला ले और मध्यम आंच पर, लगातार हिलाते हुए 1 मिनट तक पका लें। आंच से हठाकर, इलायची पाउडर डालक मिला लें। बादाम कतरन से सजाकर गुनगुने तापमान पर परोसें।



### मूंग दाल ढ़ोकला

**सामग्री**

1 कप हरी मूंग दाल , 2 घंटो के लिए भिगोकर छानी हुई, 1 टेबल-स्पून कटी हुई हरी मिर्च, 2 टी-स्पून बेसन, 2 टेबल-स्पून कटी हुई पत्तागभी, 2 टेबल-स्पून बारीक कटे हुए गाजर, 1/2 टेबल-स्पून लो-फैट दही, एक चुटकी हींग, नमक स्वादअनुसार, 1/2 टी-स्पून फ्रूट सॉल्ट, परोसने के लिए : हेल्दी ग्रीन चटनी

**विधि**

मूंग दाल, हरी मिर्च और 5 टेबल-स्पून पानी को मिलाकर, मिक्सर में पीसकर मुलायम पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को बाउल में निकाल लें, फ्रूट सॉल्ट छोड़कर, बची हुई सामग्री डालकर अच्छी तरह मिला लें। स्टीम करने से तुरंत पहले, फ्रूट सॉल्ट डालकर 2 टी-स्पून पानी छिड़के। जब बुलबुले बनने लगे, हल्के हाथों मिला लें। इस मिश्रण को चुपड़ी हुई 175 मिमी। (7) व्यास की थाली में डालकर, 10 मिनट तक स्टीमर में स्टीम कर लें। टुकड़ो में काटकर हल्का ठंडा करने रख दें। हेल्दी ग्रीन चटनी के साथ तुरंत परोसें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**